किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 360 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 10 अक्टूबर 2022 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया

राम कृष्ण के अपमान करने पर, दिल्ली के मंत्री गौतम को इस्तीफा देना पड़ा

(हरेश उपाध्याय)नयी दिल्ली :-एक कार्यक्रम में लोगों को भगवान राम कृष्ण की पूजा न करने की शपथ दिलाने के चलते,दिल्ली सरकार के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ गया। राजेंद्र पाल गौतम ने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भेज दिया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आज महर्षि वाल्मीकि जी का प्रकटोत्सव दिवस है एवं दूसरी ओर मान्यवर कांशीराम साहेब की पुण्यतिथि भी है।ऐसे संयोग से आज मैं कई बंधनों से मुक्त हुआ और आज मेरा नया जन्म हुआ है। अब मैं और अधिक मजबूती से समाज पर होने वाले अत्याचारों व अधिकारों की लड़ाई को बिना किसी बंधन के जारी रखूंगा।राजेंद्र पाल गौतम ने लिखा कि पिछले कुछ वर्षों से मैं लगातार देख रहा हूं कि मेरे समाज की बहन बेटियों की इज्जत लूटकर उनका कत्ल किया जा रहा है।घोड़ी पर बारात निकालने पर घृणास्पद हमला करजान तक ली जा रही है। ऐसी जातिगत भेदभाव की घटनाओं से मेरा हृदय हर दिन छलनी होता है।उन्होंने आगे लिखा कि मैं 5 अक्टूबर 2022 को अंबेडकर भवन रानी झांसी रोड पर मिशन जय भीम एवं बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा अशोकविजयदशमी के अवसर पर आयोजित बौद्ध दीक्षा समारोह में शामिल हुआ था।इसका आम आदमी पार्टी एवं मेरे मंत्रिपरिषद से कुछ लेना-देना नहीं था।राजेंद्र पाल ने लिखा कि बाबा साहेब की 22 प्रतिज्ञाएं दोहराई गईं।जिसे 10 हजार से अधिक लोगों के साथ मैंने भी दोहराया। उसके बाद बीजेपी के नेता अरविंद केजरीवाल और आप को निशाना बना रहे हैं। यह मेरे लिए बहुत दुखदाई है और मैं अपने मंत्री पद से त्यागपत्र दे रहा हूं'।राजेंद्र पाल गौतम ने लिखा कि यह प्रतिज्ञाएं हर वर्ष देश के कोने-कोने में आयोजित हजारों स्थानों पर करोड़ों लोगों द्वारा दोहराई जाती हैं।बाबा साहेब की प्रतिज्ञाओं सेबीजेपी को आपत्ति है। इसका इस्तेमाल करके बीजेपी गंदी राजनीति कर रही है और इससे आहत होकर मैं अपने मंत्री पद से त्यागपत्र दे रहा हूं। ज्ञातव्य हो कि बीते शुक्रवार (7 अक्टूबर) को दिल्ली सरकार के मंत्री राजेंद्र पाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था।यह वीडियो 5 अक्टूबर के 'मिशन जय भीम' कार्यक्रम का बताया जा रहा है। जिसमें राजेंद्र पाल गौतम भी शामिल हुए थे।दिल्ली के करोलबाग स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में 10 हजार लोगों ने बौद्ध दीक्षा ली।राजेंद्र पाल पर आरोप लगा है कि उन्होंने इस कार्यक्रम में लोगों को राम और कृष्ण की पूजा ना करने की शपथ दिलाई।

कानपुर में बोले मोहन भागवत : लाना चाहता ऐसा चरित्र ,जिसे समाज माने आदर्श

समाज जागरण

सुनील बाजपेई कानपुर। अपने तीन दिवसीय प्रवास के पहले दिन आज रविवार को नानाराव पार्क में वाल्मीकि समाज के लोगों को

संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा कि समाज के सामने ऐसा चरित्र लाना चाहता हूं, जिसे समाज आदर्श माने।बाल्मिक समाज के जयंती समारोह में पहली बार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आपके सबके सामने आकर धन्य हुआ हूं। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने वक्ताओं के अपने बारे में विचार के संबंध में भी कहा कि वक्ता कह रहे थे । मैं मिठाई हूं,लेकिन में मिठाई नहीं बताशा बने रहना ही ठीक समझता हूं। इस दौरान उन्होंने महर्षि वाल्मीकि का भी जिक्र किया और कहा कि रामायण व वाल्मीकि हिन्दू समाज के प्रणेता थे। वह अगर रामायण नहीं लिखते तो हमें कुछ पता ही नहीं होता।

बड़ी संख्या में शामिल हुए बाल्मीकि समाज के लोगों को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने यह भी कहा कि मैं समाज के सामने ऐसा चरित्र लाना चाहता हूं, जिसे समाज आदर्श माने। उन्होंने भगवान राम की भी चर्चा की और कहा कि वाल्मीकि रामायण की रचना हुई। उत्तर दक्षिण पूर्व पश्चिम में श्रीराम सबके आदर्श बने। उनके नाम का जप किया जाता है हर घर प्रतिष्ठित होते हैं, जो वाल्मीकि जी की राम के साथ हनुमान व वाल्मीकि का भी स्मरण किया है।

उन्होंने मनुष्य के गिरते स्तर पर भी चिंता जाहिर की और इसके लिए त्रेता युग की चर्चा करते हुए कहा कि मनुष्य का स्तर त्रेता युग मे थोड़ा गिरा था, उसे नियंत्रित करने को राजा चाहिए था, राजा थे राम। यह बताने वाला कोई नहीं था कि हमें क्या करना है, तब रामायण की रचना महर्षि वाल्मीकि ने की थी।

आर एस एस प्रमुख ने कहा कि सिर्फ कर्तव्य से ही सब कुछ नहीं। फाइव स्टार होटल में कितना भी ठंडा हो लेकिन घर के जल की बराबरी नहीं, क्योंकि इसमें रस है। शनिवार रात कानपुर पहुंचे आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत ने आज रविवार को पूर्व स्वयंसेवकों के पथ संचलन भी किया है। कार्यक्रम में उनके साथ आर एस एस के पदाधिकारियों के साथ ही सभी सांसद विधायक और मंत्री आदि भी मौजूद रहे।

कब रुकेगी बारिश? अक्टूबर में ही बंद करने पड़े पंखे, टूटा कई साल का रिकॉर्ड

रविवार को भारत मौसम विज्ञान के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में 2007 के बाद से पिछले 24 घंटों में सुबह 8.30 बजे तक दूसरी सबसे अधिक बारिश हुई. राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार देर रात से शुरू भारी बारिश, शनिवार के बाद रविवार को भी जारी है. सिर्फ दिल्ली ही नहीं यूपी हरियाणा में भी लगातार हो रही बारिश से बुरा हाल है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) के अनुसार, दिल्ली में 2007 के बाद से पिछले 24 घंटों में सुबह 8.30 बजे तक ये दूसरी सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है. इस बीच, आईएमडी ने रविवार के साथ-साथ सोमवार को भी शहर और उसके आसपास के इलाकों में बारिश की भविष्यवाणी की है. लगातार बारिश से तापमान में भी गिरावट आई है और हवा की गुणवत्ता में सुधार हुई है. मौसम विभाग के मुताबिक बारिश से एक दिन बाद यानि सोमवार के बाद ही राहत मिल सकती है.

तापमान में गिरावट जारी

रविवार को भारत मौसम विज्ञान के आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में 2007 के बाद से पिछले 24 घंटों में सुबह 8.30 बजे तक दूसरी सबसे अधिक बारिश हुई. शहर में रविवार सुबह 8.30 बजे तक 74 मिमी की लगातार बारिश हुई. जिससे अधिकतम तापमान 10 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिली है.

कई राज्य बारिश के जद में

आईएमडी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के बीच पारस्परिक क्रिया के कारण उत्तर भारत में वर्षा की गतिविधि हो रही है जो मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल पर है. इसका चक्रवाती परिसंचरण गुजरात क्षेत्र पर है. उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र और पूर्वी राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश की ओर इसका असर देखने को मिल रहा है. बारिश से मुख्य रूप से यूपी और एमपी, गुजरात और कोंकण क्षेत्र ज्यादा प्रभावित हैं.

एयर क्वालिटी में सुधार

सफदरजंग स्टेशन पर तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो साल के इस समय के सामान्य से 10 डिग्री कम है. राष्ट्रीय राजधानी में लगातार दूसरे दिन लगातार बारिश से रविवार को हवा की गुणवत्ता में सुधार हुआ और यह 'संतोषजनक' स्तर पर पहुंच गई. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 54 दर्ज किया गया जो अच्छी श्रेणी में आता है.

दिन-रात के तापमान में रिकॉर्ड गिरावट

लगातार बारिश ने दिल्ली के दिन-रात के तापमान में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की है. मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को न्यूनतम तापमान (20.8 डिग्री सेल्सियस) और शनिवार को अधिकतम तापमान (23.4 डिग्री सेल्सियस) के बीच का अंतर 2.6 डिग्री सेल्सियस था. ऐसा 1969 के बाद पहली बार देखने को मिला है. इससे पहले, इस तरह का सबसे कम अंतर 19 अक्टूबर 1998 को 3.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था.

सोलर पंप लगवाने के बाद से किसान परेशान सिंचाई के लिए नहीं आ रहा पर्याप्त पानी

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : डीजल के बढ़ते मूल्यों को लेकर चिंतित हो रहे किसानों के लिए सोलर पंप योजना (प्रधानमंत्री कुसुम योजना) शुरू की गई है। इस योजना का लाभ पाने के लिए जनपद में किसानों की अच्छी संख्या देखी जा रही है। हालांकि शासन से लक्ष्य निर्धारित होने के कारण पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर चयन किया गया है।

बताते चलें कि बैरिया ब्लॉक में सिंचाई के लिए लगाए गए सोलर पंप से किसान परेशान हैं। किसानों द्वारा बताया कि पिछले माह सोलर पंप लगाया गया था। इसके बाद कभी भी फोर्स के साथ पानी नहीं निकला। इससे फसलों की सिंचाई नहीं हो पाती है। फसलें खराब हो रही हैं। क्षेत्र के कई गांवो के किसान सोलर पंप लगवाने के बाद से परेशान है। पंप से सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं निकल रहा है। पिछले माह उसने सोलर पंप लगवाया था। फसल की सिंचाई न होने से परेशान होकर वह ब्लॉक से लेकर जनपद मुख्यालय तक अफसरों के यहां चक्कर काट रहे हैं। अफसर निदान का आश्वासन देकर टाल देते हैं।

उन्होंने कहा कि अफसरों ने उन्हें अपनी समस्या सबके सामने रखने से रोका। कहा कि दशहरा के बाद समस्या का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। दशहरा बीत गए इसके बाद भी समस्या जस की तस है।

किसान कोटवां निवासी हृदयानंद सिंह ने बताया कि इलाहाबाद बैंक के द्वारा कृषि विभाग खाता संख्या 7 1 3 7 0 6 9 4 4 5 , कऋर उ कऊक्ष्000अ530 मे 59171 रूपया जमा किया था। 2 एचपी एसी सोलर पंप विभाग द्वारा 6 पैनल वाला लगा भी दिया गया लेकिन पानी का फोर्स नहीं आ रहा है। सोलर पंप की पांच वर्ष की गारंटी होने बाद भी किसानों की शिकायत पर उसकी वैधता की जांच नहीं कराई जा रही है। जिससे किसानों ने सोलर पंप के पेयरों की गुणवत्ता खराब होने का आरोप लगाते हुए सोलर पंप के लिए जमा किया गया अंशदान वापस कराए जाने की मांग की है।

-अगर कर लिया है हौसला ऊंची उड़ान का, फिर फिजूल है कद देखना आसमान का

अगर प्रबल इच्छा शक्ति हो तो कठिन नहीं है कोई भी कार्य

-अलावलपुर स्कूल की शिक्षिका आज बनती जा रही स्कूल और विभाग में रोल माडल

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : वर्तमान में बेसिक शिक्षा में जो परिवर्तन की बयार चल रही है उसमें शिक्षकों की कर्मठता का प्रतिफल है जिससे एक बार पुनः बेसिक शिक्षा के प्रति अभिभावकों का विश्वास बढने लगा है। यह शिक्षकों की लगनशीलता का ही एक सुखद सा परिणाम है। इसी तरह की एक सोच भारत के बड़े शहर से आकर बलिया के देहात में कार्य करने वाली शिक्षिका ने भी कर दिखाया है।

जी हां हम बात कर रहे हैं शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर की शिक्षिका अंजली तोमर की। अंजली ने अपने शिक्षण कार्य की शुरूआत ही इतना बेहतर किया कि आज वह

विद्यालय के छात्रों सहित अभिभावकों की नजर में भी उत्कृष्टता की पराकाष्ठा पर है। हालांकि इसके बावजूद मुझे समय की प्रतिबद्धता पर ध्यान देने की जरुरत है। स्कूल में बच्चों का अधिक ठहराव ही उनको सीखने में मदद करेगा। अपने स्कूल को निपुण स्कूल बनाने के लगातार जी तोड़ मेहनत कर रही है। नित नए नवाचार के माध्यम से बच्चों को निपुण करने जुडी रहती है। जिसका प्रतिफल भी देखने को मिल रहा है। आज विद्यालय में बच्चों के ठहराव में इजाफा हो रहा है साथ ही बच्चों के अंदर भी नवाचारों के प्रति लगाव बढ़ता जा रहा है। स्कूल के बच्चे भी नित कुछ न कुछ बनाने में लगे रहते है। अगर अभिभावकों का सहयोग मिलता रहेगा तो सार्थक परिणाम देखने को मिलेगा। विद्यालय में प्रतिदिन नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी करायी जाती है। निश्चित तौर पर अंजली तोमर जैसी सोच और संकल्प सभी रखें तो बेसिक शिक्षा भी शिक्षा विभाग के सभी उंचाइयों पर विराजमान होगा।

करीमगंज जिले के सांसद कृपानाथ माला ने ग्रीन हिल्स अस्पताल जाकर पूर्व पत्रकार की पत्नी को आर्थिक मदद दी.

असम संवाददाता दैनिक सामाज जागरणः समाजसेवी और दुल्लभछड़ा के पूर्व पत्रकार जगादानंद सिन्हा की पत्नी जयमाला सिन्हा को 30 सितंबर की रात सिलचर ग्रीन हिल्स अस्पताल के आईसीयू में रखा गया था. जैसे ही यह खबर प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मे प्रकाशित हुई, 9 अक्टूबर को करीमगंज जिले के लोकप्रिय सांसद कृपानाथ माला, गुवाहाटी से, सिलचर ग्रीन हिल्स अस्पताल में पूर्व पत्रकार की पत्नी की शारीरिक स्थिति के बारे में पूछताछ की, और अस्पताल के अधिकारियों से भी मुलाकात की। खाते के निपटान पर चर्चा करें। वहीं, पूर्व समाचार कर्मी जगादानंद सिन्हा को नकद आर्थिक सहायता सौंपी. इस खबर के जारी होने पर परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और सहकर्मियों ने लोकप्रिय सांसद कृपानाथ माला का आभार व्यक्त किया. जयदीप दास और अस्पताल के अधिकारी उनके साथ थे।

भारी बर्षा के कारण 10 अक्तूबर को बारहवी तक सभी विद्यालय बंद रहेगा

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा जिला मजिस्ट्रेट सुहास एलवाई के निदेर्शों के अनुपालन में 10 अक्टूबर को भारी वर्षा के अलर्ट को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में कक्षा एक से कक्षा 12 तक की समस्त बोर्ड के सरकारी एवं प्राइवेट स्कूल में अवकाश रहेगा। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह के द्वारा दी गई है। उन्होंने जनपद के समस्त स्कूल संचालकों का आह्वान किया है कि जिलाधिकारी के निर्देश पर भारी बारिश को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में सभी बोर्ड के समस्त सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में अवकाश रहेगा।

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

भव्यतम तरीके से हुई श्री जियर स्वामी के सानिध्य में चल रहे महायज्ञ की पूणार्हुति

समापन में भरत शर्मा, मनोज तिवारी मृदुल, अंकुश राजा ने दी अपनी प्रस्तुति, महायज्ञ के संरक्षक परिवहन मंत्री ने सभी को विदाई देकर किया विदा

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, राजीव चतुर्वेदी, विवेक पांडेय

दैनिक समाज जागरण टीम

बलिया : श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में चल रहे पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूणार्हुति भव्य तरीके से कर दी गई। यह यज्ञ बलिया जनपद के लिए ऐतिहासिक रहा। लोग सदियों तक याद रखेंगे। पूणार्हुति को लेकर लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। दर्जनों की संख्या में आचार्य गणों के मंत्रोचार के बीच सैकड़ों की संख्या में यजवान एक साथ आहुति देकर यज्ञ की पूणार्हुति किये। पूणार्हुति के उपरांत हजारों की संख्या में आए साधु संतों को अन्न तथा वस्त्र देकर श्री जीयर स्वामी जी द्वारा विदाई दी गई। यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सभी अचार्य लोगों को अपने हाथों दक्षिणा देकर विदा किया। लाखों की संख्या में लोगों ने यज्ञ मंडप का परिक्रमा किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। भव्य बने प्रवचन मंच पर विराजमान सभी भारत के कोने-कोने से आए संत महात्माओं को श्री जियर स्वामी जी महाराज ने सम्मानित तरीके से विदाई दिया। यज्ञ समिति के उप संरक्षक कमलेश सिंह द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। यज्ञ स्थल के दोनों तरफ 10 किलोमीटर तक लंबी लाइन लगी रही। जिसे पुलिस बल के जवान तथा यज्ञ समिति के स्वयंसेवक संभालते रहे। रात भर सांस्कृतिक भजन समारोह में श्रोता

गण डुबकी लगाते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भरत शर्मा ब्यास ने स्वामी जी पर बने गीत गाकर किया। तत्पश्चात मनोज तिवारी मृदुल, अंकुश राजा सहित दर्जनों कलाकारों ने लोगों को अपने भजन पर झुमाया। सभी आए कलाकारों का यज्ञ समिति की तरफ से भव्य स्वागत किया गया तथा स्वामी जी महाराज द्वारा खुद अपने से सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। मनोज तिवारी मृदुल ने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि भारत के इतने बड़े संत श्री जीयर स्वामी जी महाराज का दर्शन करने का हम सब को सौभाग्य मिला। पूरे भारत में स्वामी जी के करोड़ों शिष्य हैं। हम सब स्वामी जी के दर्शन के लिए लालायित रहते हैं। धन्य है बलिया जनपद के लोग जिन्हें 4 महीने तक स्वामी जी के सानिध्य में प्रवचन सुनने का सौभाग्य मिला। भरत शर्मा व्यास ने कहा कि स्वामी जी के दर्शन मात्र से ही हम लोग धन्य हो जाते हैं। और स्वामी जी के एक आदेश पर हम सब कहीं भी जुटने के लिए तैयार रहते हैं। यह हम सब का सौभाग्य है। अंकुश राजा ने स्वामी जी पर बने भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। लाखों की संख्या में लोगों ने प्रसाद लिया तथा भारत से आए सैकड़ों की संख्या में संतों का दर्शन किए। स्वामी जी महाराज ने कहा कि 84 लाख योनियों में भ्रमण करने के बाद मानव योनि में आने का सौभाग्य प्राप्त होता है। अतः मनुष्य को चाहिए कि मानव जीवन को अच्छे कर्म करके जीवन को सार्थक बनाएं। मनुष्य को सत्संग अवश्य करना चाहिए और भागवत कथा का श्रवण भी करते रहना चाहिए। भागवत कथा का श्रवण धरती पर ही संभव है यह स्वर्ग में भी नहीं सुनने को मिल पाता है। अतः जो व्यक्ति भाग्यशाली होता है कई जन्मों का पुण्य ईकट्ठा होता है तो भागवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। भागवत कथा मोक्ष का द्वार है। बीते रात तक प्रसाद वितरण का कार्यक्रम चलता रहा यज्ञ समिति के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता यज्ञ को सफल बनाने में लगे रहे। अंतिम दिन कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सूर्य प्रताप शाही जी श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में पधार कर पूज्य स्वामी जी के दर्शन प्राप्त किए। लक्ष्मी नारायण यज्ञ की पूणार्हुति यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक एवं स्थानीय विधायक तथा परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दयाशंकर सिंह के शुभ हाथों से वैदिक मंत्रोचार के बीच संपन्न हुई।

अति पावन व्रत करवा चौथ

तन से नहीं पर मन से पत्नी के लिए हमेशा रहता व्रत

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण बलिया

पति को दीघार्यु रखने हेतु महिलाएं तो अति पावन व्रत करवा चौथ रखती हैं पर पुरुषों के लिए ऐसे किसी व्रत का विधान नहीं है।

सुहागिनें प्रतिवर्ष इस निर्जला व्रत को करती हैं। धन्य है यह देश और इसकी संस्कृति व परंपराएं। संपूर्ण जीवन पारिवारिक प्रेम, सौहार्द , एकजुटता हेतु ऐसा त्याग होता है। अटूट बंधन का प्रेम। ऐसा निश्चल प्रेम और त्याग देख कर तो लगता है काश! पतियों के लिए भी पत्नियों के प्रति ऐसा व्रत बना होता।

बात मैं अपनी करुं तो मैं तन से नहीं पर मन से हमेशा पत्नी के लिए व्रत रहता हूं। वक्त मिलते ही यथा संभव पत्नी के कार्य में हाथ बटांता रहता हूं। जैसे व्रत के समय खाना पकाना, बर्तन धोना, कपड़े धोना वगैरह-वगैरह। उन्हें मनोवांछित उपहार देना। उनकी सुविधाओं का ख्याल रखना आदि। मैं धन्य हूं जो ईश्वर ने मुझे ऐसी सुंदर व सुशील पत्नी दी है जो हमेशा ही मेरा ख्याल रखती है।

पत्नी करवा चौथ पर आपके लिए व्रत करती है। आप अपनी पत्नी के लिए क्या करतें हैं बताइए। समाज जागरण के इस कालम के लिए आप अपना स्नेह समर्पण हमें 150 शब्दों में पत्नी और अपनी तस्वीर के साथ भेंजे। हम प्रकाशित करेंगे

7489697916 ojha.jagran@gmail.com

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पूरे विश्व् में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर जागरूकता पैदा करने के लिए प्रतिवर्ष 10 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का विषय "कार्यस्थल में मानसिक स्वास्थ्य" रखा गया है। इसके अनुसार मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा में सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक दोनों सहयोगों को शामिल किया गया है। जैसे कि सामान्य स्वास्थ्य देखभाल कभी भी अकेले शारीरिक प्राथमिक उपचार के नहीं होती है, वैसे ही मानसिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली अकेले मनोवैज्ञानिक प्राथमिक उपचार के नहीं होती है। निस्संदेह, मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा के क्षेत्र में निवेश लंबी अवधि के प्रयास का हिस्सा है जो कि यह सुनिश्चित करता है कि संकट के कारण कोई भी गंभीर समस्या से पीड़ित व्यक्ति बुनियादी सहयोग प्राप्त करने में सक्षम होगा तथा जिन लोगों को मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा से ज्यादा सेवाओं की आवश्यकता होगी, उन्हें अतिरिक्त उन्नत सहयोग स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं से प्राप्त होगा।

क्या है मानसिक बीमारी

मानसिक स्वास्थ्य विकार विश्व भर में होने वाली सामान्य बीमारियों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मानसिक विकारों से पीड़ित व्यक्तियों की अनुमानित संख्या 450 मिलियन है। भारत में लगभग 1.5 मिलियन व्यक्ति जिनमें बच्चे एवं किशोर भी शामिल है, गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से प्रभावित हैं। मानसिक बीमारी व्यक्ति के महसूस, सोचने एवं काम करने के तरीके को प्रभावित करती है। यह रोग व्यक्ति के मनोयोग, स्वभाव, ध्यान और संयोजन एवं बातचीत करने की क्षमता में समस्या पैदा करता है। अंततः व्यक्ति असामान्य व्यवहार का शिकार हो जाता है। उसे दैनिक जीवन के कार्यकलापों के लिए भी संघर्ष करना पड़ता हैं, जिसके कारण यह गंभीर समस्या स्वास्थ्य चिंता का विषय बन गयी है। इसलिए भारत सरकार ने देश में मानसिक बीमारी के बढ़ते बोझ पर विचार करने के उद्देश्य से वर्ष 1982 में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) की शुरूआत की थी।

बुजुर्ग हमारी ताकत, बच्चे हमारा भविष्य

अत्याधिक आधुनिकता से पनपती बच्चों तथा बुजुर्गों से दूरी।

भारत मूलतः परंपरावादी वैदिक तथा सनातनी देश है पर आधुनिकता ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए हैं ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है इसी तरह बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की संवेदनहीनता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाति है।

भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका है' बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका है' महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई है' बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी दम पत्तियों पर होती है पर वर्तमान में बच्चे मां बाप से दूर होते जा रहे हैं और बुजुर्ग अपनी संतानों से मोबाइल ,व्हाट्सएप फिसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फिसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है' उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है' देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित है' करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है। वह वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं ,अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करें' इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी' भारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निदेर्शों की अवहेलना अभी भी भारत देश में जारी है' सैकड़ों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं' हमें कोविड-19 के आतंक के साए को भी नहीं भूलना चाहिए।हमे लगातार सावधानी रख कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ संगठन की गाइडलाइंस के अनुसार अपना आचरण रखना होगा। अन्यथा कोविड-19 की तीसरी लहर फिर भारत के निवासियों को परेशान कर सकती है। भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर की शुरूआत बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों तक हो चुकी है। इसके लिए हमें अतिरिक्त सावधानी रखनी होगी। मैंने पहले भी कहा था कि करोना का केरल हॉटस्पॉट बन चुका है। अब दिल्ली, मुंबई चेन्नई अहमदाबाद तथा पूर्वोत्तर राज्य मैं भी कोविड-19 की तीसरी लहर के आंकड़े डरावने हो गए हैं। करोना का डेल्टा वैरीअंट यानी करोना की तीसरी लहर हर जगह फैलने लगी है'

अब यह संक्रमण भारत के महानगरों में फैलने की आशंका को लेकर आया है दिल्ली ,मुंबई कोलकाता, अहमदाबाद,चेन्नई से कोविड-19 की तीसरी लहर अपना पैर पसार चुकी है। और यदि आपने अपने चेहरे पर मास्क नहीं लगाया, लगातार हाथ नहीं धोया, लोगों से 2 गज की दूरी नहीं रखी और भीड़ भाड़ में जाने से नहीं बचे, तो निश्चित तौर पर कोविड-19 का डेल्टा वैरीअंट को आने से कोई नहीं रोक सकता है । वैसे भी विश्व में इंडोनेशिय,मलेशिया,थाईलैंड, ब्रिटेन, फ्रांस, ब्राजील, अर्जेंटीना,अमेरिका मैं डेल्टा वैरीअंट के तेजी से हजारों प्रकरण बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका डेल्टा वैरीअंट के संक्रमण का भयानक प्रकोप झेल रहा है। भारत में भी पूर्वांचल प्रदेशों में मिजोरम,असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में तीसरी लहर के आसार स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। ब्रिटेन, अमेरिका,और फ्रांस जैसे उच्च शिक्षित देशों के नागरिकों ने लॉक-डाउन हटते ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस का उल्लंघन कर कोविड-19 की तीसरे संक्रमण की लहर को आमंत्रित कर लिया है। अमेरिका के स्वास्थ विभाग के वैज्ञानिक डॉ मूर्ति ने यहां तक कहा कि अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को तीसरी लहर के अल्फा बीटा गामा कप्पा और डेल्टा वैरीअंट से बचने के लिए इंजेक्शन का बूस्टर डोज लगाना पड़ेगा, तभी लोगों की जान बच पाएगी।

24 करोड़ आबादी वाला उत्तर प्रदेश अब तक करोना की लहर से लड़कर उसे दबाने में काफी हद तक सफल रहा है। खुलेआम पर्यटन स्थलों पर मौज मस्ती करने वाले अमीर लोग अपना इलाज तो आसानी से करवा लेंगे पर सबसे बड़ी मुसीबत गरीब तथा सर्वहारा वर्ग के लिए होगी जि ऐसे में यदि भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर पर्यटन स्थलों में घूमते हुए बेखौफ लोगों से भारत फिर फैलती है, तो आम जनता का जीवन यापन कठिन तथा दुष्कर हो जाएगा। और जिंदगी बचाने के लिए त्राहिमाम त्राहिमाम होने की पूरी संभावना है। देश में कोरोना की प्रथम लहर के थोड़े से नियंत्रण में आने के बाद सरकारों और आला अधिकारियों को यह गलतफहमी हो गई थी,कि करोना पूरी तरह नियंत्रित हो गया है। और वापस लौटकर नहीं आएगा। इसीलिए उन्होंने बाजार, आम सभाएं, शादी समारोह, होटल, टॉकीज,बड़े बड़े मॉल को खोलने की तथा ग्राहकों को आमंत्रित करने की अनुमति दी थी। और नीति निमार्ता, राज्य सरकारों, केंद्र सरकार तथा मंत्रालय में बैठे बड़े-बड़े आला अधिकारियों ने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि करोना की दूसरी लहर भी आएगी, और इसी के चलते उन्होंने न तो कोई दूरदर्शी नीति बनाई और ना ही इससे बचने के किसी उपाय पर विचार ही किया ।यह उनकी सबसे बड़ी गलती थी, तथा अदूरदर्शिता भी थी ।

लेकिन करोना कि दूसरी लहर ने संक्रमण की जो तबाही मचाई और लाखों लोगों को मौत के घाट उतार दिया , अब कोविड-19 की तीसरी लहर भी इसी तरह के संक्रमकता लाने वाली है। यह तीसरी लहर का वैरीऐट बच्चों तथा युवा बुजुर्ग लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा, और इसके कोई लक्षण भी नहीं दिखाई देंगे, कोविड-19 की पहली लहर में संक्रमण दस दिन तक अपने उफान पर रहता था अब दूसरी लहर में 5 दिन में या पूरे शबाब पर आ जाता है, तीसरी लहर में न जाने यह दो या तीन दिन में अपना सर्वाधिक असर दिखाने वाला होगा, ऐसे में तीसरा संक्रमण कॉल बहुत ज्यादा डरावना और संक्रमण का होगा,वह दूसरे संक्रमण काल से भी ज्यादा मौत देने वाला होगा। ब्रिटेन की वैज्ञानिक शोध पत्रिका लेसेंट ने बताया कि ब्रिटेन फ्रांस बच्चों के लिए वैक्सीन बनाने में सफल हो गए हैं। एवं ब्रिटेन में बच्चों को वैक्सीनेशन देने की अनुमति देने की तैयारी चल रही है भारत के नौजवान बुजुर्ग और बच्चे बड़ी तादाद में मौजूद हैं उन सब की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। खास तौर पर बुजुर्गों की जो शारीरिक रूप से कमजोर एवं अक्षम होते हैं उनकी तरफ विशेष ध्यान देकर हमें उनकी रक्षा करनी होगी यह हमारा प्रथम दायित्व होगा।

संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक रायपुर छत्तीसगढ़

विश्व डाक दिवस

जगजीत सिंह (जन्मः 8 फरवरी, 1941; मृत्युः 10 अक्टूबर, 2011) गजलों की दुनिया के बादशाह और अपनी सहराना आवाज से लाखों-करोड़ों सुनने वालों के दिलों पर राज करने वाले प्रसिद्ध गजल गायक थे। खालिस उर्दू जानने वालों की मिल्कियत समझी जाने वाली.. नवाबों, रक्कासाओं की दुनिया में झनकती और शायरों की महफिलों में वाह-वाह की दाद पर इतराती गजलों को आम आदमी तक पहुंचाने का श्रेय अगर किसी को जाता है तो वह जगजीत सिंह हैं। उनकी गजलों ने न सिर्फ.उर्दू के कम जानकारों के बीच शेरो-शायरी की समझ में इजाफा किया बल्कि गालिब, मीर, मजाज, जोश और फिराक जैसे शायरों से भी उनका परिचय कराया।[1] हिंदी, उर्दू, पंजाबी, भोजपुरी सहित कई जबानों में गाने वाले जगजीत सिंह को साल 2003 में भारत सरकार के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्मभूषण से नवाजा गया है।

जीवन परिचय

जन्म

जगजीत जी का जन्म 8 फरवरी, 1941 को राजस्थान के गंगानगर में हुआ था। पिता सरदार अमर सिंह धमानी भारत सरकार के कर्मचारी थे। जगजीत जी का परिवार मूलतः पंजाब के रोपड़ ज़िले के दल्ला गाँव का रहने वाला है। माँ बच्चन कौर पंजाब के ही समरल्ला के उट्टालन गाँव की रहने वाली थीं। जगजीत का बचपन का नाम जीत था। करोड़ों सुनने वालों के चलते सिंह साहब कुछ ही दशकों में जग को जीतने वाले जगजीत बन गए।

शिक्षा

शुरूआती शिक्षा गंगानगर के खालसा स्कूल में हुई और बाद पढ़ने के लिए जालंधर आ गए। डीएवी कॉलेज से स्नातक की डिग्री ली और इसके बाद कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से इतिहास में पोस्ट ग्रेजुएशन भी किया।[1]

संगीत की शुरूआत

बचपन में अपने पिता से संगीत विरासत में मिला। गंगानगर मे ही पंड़ित छगन लाल शर्मा के सान्निध्य में दो साल तक शास्त्रीय संगीत सीखने की शुरूआत की। आगे जाकर सैनिया घराने के उस्ताद जमाल खान साहब से ख्याल, ठुमरी और ध्रुपद की बारीकियां सीखीं।[2] पिता की ख्वाहिश थी कि उनका बेटा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में जाए लेकिन जगजीत पर गायक बनने की धुन सवार थी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान संगीत मे उनकी दिलचस्पी देखकर कुलपति प्रोफेसर सूरजभान ने जगजीत सिंह जी को काफी उत्साहित किया। उनके ही कहने पर वे 1965 में मुंबई आ गए।

राशि फल

आपको आपके आने वाले कल के बारे में एक सटीक झलक और ज्योतिषीय मार्गदर्शन प्रदान करता है।

विवाह की प्रतीक्षा में है तो आज के दिन मामा पक्ष की ओर से किसी अच्छे रिश्ते का सुझाव आ सकता है। हालाँकि आपकी माँ को यह कम पसंद आएगा, फिर भी किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में लेने से बचें।

मेष राशि कुछ भावनात्मक मुद्दे आपको परेशान कर सकते हैं. आज आपके लिए किसी भी प्रकार के तर्क से बचना बेहतर होगा. वरिष्ठों और सहकर्मियों से वांछित मदद प्राप्त होने में विलंभ हो सकता है. चीजों को नियंत्रण में लाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी. अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए आप अपने वित्तीय कौशल का प्रदर्शन करेंगे और कमीशन के माध्यम से भी कुछ कमाई की जा सकती है. आपको किसी यात्रा को स्थगित करना पड़ सकता है. पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा और परिवार में किसी बड़े की सलाह उपयोगी साबित होगी.

वृषभ राशि / वृष राशि आज आपका काम समय पर पूरा हो जायेगा. धन में वृद्धि होगी. आज कोई रिश्तेदार आपके घर मिलने आ सकते हैं. बिजनेस पार्टनर के साथ मिल कर किए गए कामों से आपको फायदा होगा. जीवन में मित्रों का सहयोग भी आपको मिलता रहेगा. कुछ नए लोगों से मुलाकात भी आपके लिए फायदेमंद रहेगी. इस राशि के नौकरीपेशा लोगों को कुछ बेहतर मौके मिलेंगे. आपकी यात्रा सुखद रहेगी. दाम्पत्य जीवन प्रेमपूर्वक व्यतीत होगा.

मिथुन राशि आज आपके साहस में वृद्धि रहने वाली है. आप मेहनत से भागेंगे नहीं. गाड़ी चलाते समय बहुत सतर्क रहें. आवश्यक कार्य में खर्च होगा. साथ काम करने वाले लोग आपके स्वभाव-व्यवहार या उदारता का नाजायज फायदा भी उठाने की कोशिश करेंगे. आर्थिक मामलों में आंख मूंदकर किसी पर विश्वास ना करें, यह आपके लिए बेहतर होगा. जीवनसाथी के साथ कहीं हिल स्टेशन पर घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं, इससे आपके रिश्ते मजबूत होंगे.

कर्क राशि यदि आप राजनीति या सामाजिक जीवन से जुड़े हुए हैं तो आपके लिए आज का दिन शुभ है. आयात-निर्यात, विदेशी कार्य -व्यापार, तथा विदेश यात्रा के लिए भी बेहतर समय है. आज आप भाग्य से अधिक कर्म पर भरोसा करें और जुआ-सट्टा आदि से दूर रहें. जीवनसाथी से मतभेद उत्पन्न होने के संकेत लगातार मिल रहे हैं, अतः स्वयं को शांत रखें और उनके साथ कुछ समय व्यतीत करें. घर के साजो-सामान पर व्यय हो सकता है. आपको भाई-बहनों का पूर्ण सहयोग मिलने के प्रबल आसार हैं.

सिंह राशि आज कोई पुरानी समस्या आपके सामने आ सकती है. किए गये कामों का नतीजा आपके पक्ष में न होने से आपका तनाव थोड़ा बढ़ सकता है. आपको किसी काम में ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है. इस राशि के जो लोग कॉस्मेटिक का कारोबार कर रहे हैं, उनके लिये दिन ठीक रहेगा. आर्थिक रूप से भी सब कुछ अच्छा रहेगा. जीवनसाथी से सहयोग मिल सकता है. आपके रिश्ते मजबूत होंगे. व्यापार में साझेदारी से लाभ हो सकता है.

कन्या राशि आज आपको टैक्स और बीमे से जुड़े विषयों पर गौर करने की जरूरत है. आज पैसों की स्थिति मजबूत रहेगी. निवेश और खरीददारी के अवसर आपको मिल सकते हैं. संबंधों में भी सुधार होता रहेगा. आपकी मानसिक दशा खुशी और दुःख दोनों ही भावों से गुजरती रहने वाली है. आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिल सकते हैं, आपको उन साधनों को संभालकर रखने की जरूरत है. झूठ बोलने से बचें अन्यथा परेशानी में पड़ सकते हैं.

तुला राशि आज स्थिति कुछ खराब रह सकती है. स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है, फलस्वरूप कामों को सही ढ़ंग से करने में आप स्वयं को थका हुआ महसूस कर सकते हैं. खानपान पर संयम रखकर आप अपने स्वास्थ्य को बेहतर रख सकते हैं. आप किसी दूर की यात्रा पर जा सकते हैं. कार्यों में सफलता मिलेगी. आर्थिक लाभ के अवसर मजबूत होंगे. आपकी सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी, किंतु घरेलू मामलों में सावधानी से काम लें.

वृश्चिक राशि आज आप ज्यादा से ज्यादा समय अपने पार्टनर के साथ बिता सकते हैं. आप उनकी किसी काम में मदद भी कर सकते हैं. आज आपकी सेहत फिट रहेगी. ऑफिस में आज कोई नया काम आ सकता है, जिसे पूरा करने में आप सफल रहेंगे. शाम को परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है. आज आप दूसरों के सामने अपनी बात को स्पष्ट रूप से कहने की पूरी कोशिश करेंगे. आप किसी को महत्वपूर्ण मामले में राय भी देसकते हैं. जरूरतमंद को भोजन कराएं, जीवन में आप सफल होंगे.

धनु राशि किसी नए कार्य को आज प्रारंभ ना करें. यदि आप राजनीतिक क्षेत्र में हैं, तो आपके काम की प्रशंसा होगी. एक्स्ट्रा इनकम के लिए कोशिश करेंगे. बुद्धि से आप किसी भी उलझन को सुलझा लेंगे. वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें. किसी व्यक्ति विशेष से विवाद हो सकता है. किसी भी अपरिचित की बातों में न आएं. अपनी बात से लोगों को सहमत कराने में आप सफल रहेंगे.कोई रुका हुआ पैसा या खोई वस्तु आपको वापस मिल सकती है.

मकर राशि आज आप में से कुछ चुनौतियों का सामना कर सकते हैं. अपने साहस और संगठित कार्य के बल पर आप आसानी से उन पर पार पा सकते हैं. नौकरीपेशा जातकों को कुछ आकस्मिक समस्या का सामना करना पड़ सकता है. आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा. व्यापारियों के लिए लंबी दूरी की यात्रा से संबंधित कार्य सफल होगा और इससे भविष्य में अच्छे परिणाम आएंगे. प्रॉपर्टी, कमीशन आदि में लेन-देन करने वालों को वांछित परिणाम मिलेंगे. धन की आमद अच्छी रहेगी, लेकिन खर्च भी अधिक रहेगा. एकल व्यक्तियों को एक अच्छा विवाह प्रस्ताव मिल सकता है. किसी पारिवारिक सदस्य का बिगड़ता स्वास्थ्य चिंता का विषय हो सकता है.

कुंभ राशि आज आप लोगों से बातचीत करते समय उनकी बातों को ध्यान से सुनना पसंद करेंगे. इससे आपको ही फायदा होगा. कामकाज में मन लगाने से आप कारोबार में आगे बढ़ेंगे. ऑफिस में सीनियर्स आपके काम की तारीफ करेंगे. आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. जो विद्यार्थी विदेश में शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके लिए आज का दिन फेवरेबल है. आपको शिक्षकों से पढ़ाई में मदद मिलेगी. करियर से संबंधित नए अवसर आपको प्राप्त होंगे.

मीन राशि आज पिता से लाभ होने का योग बन रहा है. अगर आप अपनी चीजों का ध्यान नहीं रखेंगे, तो उनके खोने या चोरी होने की संभावना है. आर्थिक सन्दर्भ में काफी समय से आ रही कठिनाइयों से आपको राहत मिलेगी और धीरे-धीरे परिस्थितियां आपके पक्ष में हो जाएंगी. आपके अच्छे व्यवहार से आपके निजी संबंधों में भी काफी हद तक सुधार हो जाएगा. मन की चिंता के बारे में किसी भरोसेमंद इंसान से बात होगी. गृह कार्य में व्यस्त हो सकते हैं.

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

संक्षिप्त न्यूज

शिव शक्ति अपार्टमेंट सेक्टर 71 मे आर डब्ल्यू ए की बैठक

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा शिव-शक्ति अपार्टमेंट सेक्टर 71 नोएडा में नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की प्रबंध समिति की प्रथम बैठक आवासीय

कल्याण समिति सेक्टर 71 के अध्यक्ष जगदीश यादव जग्गा एवं महासचिव संजय शुक्ला के अध्यक्षता में आयोजित की गई । जिसमें सभी सदस्य उपस्थित हुए, बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों का परिचय कराया गया है एवं फूल मालाओं से प्रबंध समिति का सम्मान किया गया। और सेक्टर हित के लिए चर्चा हुई, समिति ने सेक्टर हित एवं सेक्टर के विकास हेतु सुझाव के लिए 16अक्टूबर को आम सभा का आयोजन का निर्णय भी सर्वसम्मति से लिया है।

दस मोबाइल संग चोर गिरफ्तार

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा एक्सप्रेसवे कोतवाली पुलिस ने चोरी के दस मोबाइल संग चमन निवासी छपरोली सेक्टर-168 को छपरोली के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से विभिन्न कंपनी के 10 महंगे मोबाइल बरामद किए गए हैं। सभी मोबाइल फोन अलग-अलग जगहों से चोरी किये गए थे। आरोपी चमन के खिलाफ कोतवाली में अवैध हथियार की तस्करी का मुकदमा भी दर्ज था। पुलिस काफी दिनों से आरोपी की तलाश कर रही थी। आरोपी खाली घरों में सेंधमारी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। वहीं बाजारों व होटलों से मोबाइल चोरी करता था। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया।

लगातार बरसात से जनजीवन अस्त व्यस्त

समाज जागरण

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा एनसीआर के ज्यादातर हिस्सों में बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। इसकी वजह से सड़कों पर जलजमाव हो गया है। सड़क के गड्ढों ने वाहन चालकों की मुसीबत को और बढ़ा दिया है। तापमान में 10 डिग्री की कमी दर्ज की गई। बारिश के साथ चल रही हवा के कारण वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है। इससे ठंड का भी अहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली- एनसीआर को फिलहाल बारिश से राहत नहीं मिलने वाली है। आज भी कई स्थानों पर बादलों के बरसने के आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो-तीन दिन तक बारिश जारी रहेगी। इस दौरान कहीं-कहीं तेज बारिश की भी संभावना है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से जरूरत होने पर ही बाहर निकलने को कहा है। आज भी आसमान में बादलों का डेरा रहेगा और हल्की से मध्यम बारिश होगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 24 और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री तक रह सकता है। विभाग के पूवार्नुमान अनुसार, 12 अक्टूबर से मौसम पूरी तरह से शुष्क हो जाएगा और तापमान में इजाफा होगा। 14 अक्टूबर तक तापमान 30 डिग्री पर पहुंच सकता है।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया की बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव और पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दिल्ली- एनसीआर में बारिश हो रही है। विभाग के मुताबिक सोमवार को भी दिल्ली-एनसीआर (लोनी देहात, हिंडन एयरफोर्स स्टेशन, गाजियाबाद, छपरौला, नोएडा, दादरी, ग्रेटर नोएडा, फरीदाबाद, बल्लभगढ़) में हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश होगी।

जग्गू की लालटेन के सुपर हिट सॉग"बलमा छोड़ दूंगी रे" ने धमाल मचाया

(हरेश उपाध्याय)नयी दिल्लीः- श्रीहंस आर्ट एंड क्रिएशन के बैनर तले बनी फिल्म जग्गू की लालटेन एक पारिवारिक और सामाजिक फिल्म तो है ही बल्कि इसके एक गाने "बलमा छोड़ दूंगी रे" ने तो सोशियल मीडिया प्लेटफार्म पर धमाल मचा रखा है।क्नॉट प्लेस स्थित साइन सिटी होटल में फिल्म का प्रमोशन के दौरान निमार्ता निर्देशक विपिन कपूर द्वारा बनाई गई जग्गू की लालटेन में ऐसा क्या खास है?कि इस फिल्म को देखने के लिए दर्शक बेताब दिखाई दे रहे हैं। इन सारी बातों का जवाब,मीडिया कर्मियों की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान स्वयं विपिन कपूर,डाक्टर

नीरज गुप्ता जोकि चतुर कबाड़ व्यापारी सेठ हीरालाल भूत के शानदार अभिनय में नजर आ रहे हैं। रघुवीर यादव, आकृति भारती, नम्रता मल्ला,रॉकी,सलीम जैदी, वीरेंद्र डाग राजगोपाल अय्यर, सुधीर राठी,रामवीर आर्यन ने बड़ी बेबाकी से दिए।ज्ञातव्य हो कि फिल्म जग्गू की लालटेन 14 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। जग्गू की लालटेन एक सामाजिक कॉमेडी ड्रामा से भरपूर फिल्म है।जो एक चतुर कबाड़ व्यापारी हीरालाल भूत की जीवन शैली और रघुवीर यादव के दादा परदादा के जमाने की लालटेन से उनके जज्बात व पारिवारिक मूल्यों जुड़ी हुई कहानी है। काफी तंगी होने के बाद भी उस लालटेन को बेचना नहीं चाहते।प्रसिद्ध एंकर संतोष टंडन ने हमें बताया कि हमें आशा है कि दर्शकों की बेताबी फिल्म की कहानी व थीम नजदीकी सिनेमाघरों में 14 अक्टूबर को दूर होने वाली है और उम्मीद करते हैं कि उक्त फिल्म बिग अनिंग कर रिकोर्ड तोड़ेगी।

श्रीकृष्णा सेवा संस्थान ने गीता व गांधी और देश विषय पर संगोष्ठी की

समाज जागरण

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- श्रीकृष्णा सेवा संस्थान द्वारा आज गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति में एक दिवसीय संगोष्ठी गीता व गांधी और देश विषय पर आयोजित की।कार्यक्रम में देश के कई राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और गीता को देश के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में प्राइमरी स्तर से बच्चों को पढ़ाएं जाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कन्हैयालाल राठौर के साथ-साथ अन्य सभी वक्ताओं ने विशेष तौर पर इस बात पर जोर दिया कि गीता को भारत सरकार के माध्यम से जल्द से जल्द स्कूलों के सिलेबस में शामिल किया जाना चाहिए।अगर गीता को प्राइमरी स्तर से सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में पढ़ाया जाता है तो यह सिर्फ बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए सरकार के द्वारा उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम माना जाएगा। कार्यक्रम में खासतौर पर पटना से भाग लेने पहुंचे संतोष मिश्रा का कहना था कि गीता सिर्फ एक धार्मिक पुस्तक नहीं है।यह व्यक्ति के जीवन का सार है। अगर हम लोग गीता को अपने जीवन में उतार लेते हैं तो हमें किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।हर समस्या का समाधान हम स्वयं तलाश कर पाएंगे। वहीं कार्यक्रम में शामिल हुए दूसरे वक्ता वेदांती दास महत्यागी योगीराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि गीता आज के दौर में हर एक व्यक्ति को पढ़नी चाहिए और अपने जीवन में उसका अवलोकन करना चाहिए।श्रीकृष्णा सेवा संस्थान द्वारा आयोजित आज के इस कार्यक्रम का

मुख्य उद्देश्य गीता को देश के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में प्राइमरी स्थल से लागू कराना है। इस विषय को लेकर के आज प्रथम संगोष्ठी का आयोजन किया गया।आगे भी श्रीकृष्णा सेवा संस्थान इस उद्देश्य को लेकर के समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी और जब तक देश की सरकार विद्यालयों में गीता को लागू नहीं कर देती,संगठन का प्रयास निरंतर जारी रहेगा। जितेंद्र अत्री मनोज जैन अशोक मिश्रा के साथ-साथ संगठन के अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहें।

बिठली छात्रावास में दैवेभो आदिवासी युवक अधीक्षक के कार्यप्रणाली से परेशान

समाज जागरण/
शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(10अक्टूबर)आदिवासी बालक छात्रावास अधीक्षक बिठली की मनमानी व भाई भतीजावाद के चलते प्रेम सिंह मरकाम पिछले कुछ महीनों से काफी परेशान हैं।जानकारी अनुसार प्रेम सिंह मरकाम 2008 से बालक छात्रावास में एक हजार रुपया महीना के वेतन पर कार्य कर रहा है जिसका 2012 से पांच हजार प्रति महीना के हिसाब से वेतन मिलने लगा,लेकिन पिछले छः महीनों से मेहनताना के रूप में प्रेम सिंह को मात्र दो हजार रुपया प्रति महीना के हिसाब से मिल रहा है जिससे प्रेम सिंह मरकाम को अपने परिवार



के भरण पोषण करने में काफी परेशानी हो रही है।जिसकी शिकायत प्रेम सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार के जन सुनवाई में किया है।आदिवासी युवक प्रेम सिंग मरकाम का आरोप है कि जब महज एक हजार मिलते थे तो कोई भी छात्रावास में कार्य करने के लिए तैयार नही था,अब दैनिक वेतन पांच हजार रुपए प्रति महीना मिलने लगा तो कइयों की गिद्ध निगाह इस कार्य पर लग गया था।जिसमे छात्रावास अधीक्षक रोमेंद्र टेकाम का रिश्तेदार भी शामिल है।छात्रावास अधीक्षक की मिलीभगत से रोमेंद्र टेकाम ने अपने रिश्तेदार को मेरी जगह कार्य पर लगा दिया जिससे छात्रावास अधीक्षक रोमेंद्र टेकाम के रिश्तेदार का वेतन पांच हजार और मेरा दो हजार हो गया जिससे मुझे मेरे परिवार के भरण पोषण में परेशानी हो रही है।अब देखना यह होगा कि आदिवासी युवक की समस्या को जिला प्रशासन कब हल करता है।

शरद पूर्णिमा पर किया गया धार्मिक अनुष्ठान, खीर बनाकर लोगो ने किया वितरण

समाज जागरण/
शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(10अक्टूबर) शरद पूर्णिमा हिन्दू समाज के लिए बहुत महत्व रखता है।इस दिन हर घर मे खीर बनाकर रात भर खुले आसमान के नीचे खुला रखकर सुबह प्रसाद के रूप में वितरण कर स्वयं लोगो ने खाया।मान्यता है कि इस दिन खुले आसमान के नीचे रखी खीर खाने से अलग प्रभाव पड़ता है।वैज्ञानिक आधार पर इस दिन चंद्रमा पृथ्वी के काफी करीब होती है जिससे चांद से निकलने वाली किरणे सीधे धरती पर पड़ती है जो बहुत ही लाभदायक होता है।इसी कारण से इस दिन लोग खीर पूड़ी बनाकर खाते व खिलाते है।शरद पूर्णिमा श्रद्धाभक्ति के साथ पूरे जिले भर में रविवार को मनाई गई।जिसके लिये शहर के सभी मंदिरो में शरद पूर्णिमा को लेकर

खास तैयारियां की गई थी जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु अपनी अपनी मनोकामना लेकर पहुंचे। उपस्थिति दर्ज कराते हुए धर्मलाभ प्राप्त किया।जिले के लांजी तहसील के वारी के खराड़ी जलाशय पर स्थित मां पांढरीपाठ दरबार में शरद पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मंदिर को फूलों एवं लाइट से सजाया गया था। मंदिर के पुजारी एवं संरक्षक पंडा रेखलाल कावरे एवं संरक्षक डॉ. सुधीर दशरिया ने बताया कि 51 किलो दूध की खीर पुड़ी कन्हैया जी को अर्पित कर प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर भजन मंडली के द्वारा रात्रि जागरण कर देवी जस गीत का आयोजन किया गया जिसका श्रवण भक्तों ने किया।बिरसा,लांजी,बैहर,परसवाड़ा, वारासिवनी, कटंगी आदि के मंदिरों में प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया।

कुंए में गिरने से चार वर्षीय मासूम की हुई मौत

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(10अक्तूबर)परसवाड़ा थानांतर्गत ग्राम शेरपार निवासी मनीष पटले के घर उस समय कोहराम मच गया जब सुबह से गायब चार वर्षीय मासूम की कुँए में उफनता शव मिला।जानकारी अनुसार शेरपार निवासी मनीष पटले की चार वर्षीय पुत्री रविवार की सुबह 10 बजे से अचानक गायब हो गयी,जिसकी तलाश परिजनों ने आस पास किया व घर के अंदर कुंए में भी देखा गया लेकिन मासूम बच्ची का कही पता नही चला जिससे परिजन परेशान हो गए।इस बच्ची की खबर सोशल मीडिया पर भी वायरल की गई लेकिन कुछ फायदा नही हुआ।चारो तरफ तलाश करने के बाद एक

बार फिर परिजनों ने कुंए में जाकर देखा तो मासूम बच्ची का शव उफनाता हुआ दिखाई दिया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की जानकारी मिलते ही परसवाड़ा पुलिस थाना निरीक्षक राजीव कुमार उईके अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला व मर्ग कायम कर पीएम हेतु शव को परसवाड़ा स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां से पीएम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

नगराम में शानो शौकत से मनाया गया बारह रबी उल अव्वल का पर्व!

(संवाददाता)विवेक कुमार समाज जागरण! नगराम लखनऊ इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार,इस्लामिक कैलेंडर के तीसरे महीने यानी रबी-अल-अव्वल की 12वीं तारीख 571ई में पैंगबर साहब का जन्म हुआ था. कहते हैं कि रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन ही मोहम्मद साहब का निधन भी हुआ था.इस साल ईद-ए-मिलाद-उन-नबी 9 अक्टूबर को मनाया गया दुनियाभर में इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर ईद मिलाद उन-नबी मनाया वहीं कस्बा नगराम में जुबेर खानसाहब के संरक्षक में 12 रवि अव्वल का जुलूस बड़ी धूमधाम से नगराम की गलियों में निकाला गया आपको बता दें कि कस्बा नगराम में 2016 जुबेर खानसाहब प्रतिनिधि मोहम्मद सुफियान मोहम्मद फरीद साजिद हाशमी सोहेल खान पत्रकार तुफैल खान के संरक्षक में 12 रवि अव्वल का जुलूस बड़ी धूमधाम से नगराम की गलियों में निकाला गया कोरोना के चलते पिछले 2 साल के बाद इस बार जुलूस ए मुहम्मदी शान और शौकत के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया। लोगों में इस बार जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर

बहुत ही ज्यादा उत्साह नजर आ रहा है पिछले 2 साल से लोग सामूहिक रुप से जश्ने ईद मिलादुन्नबी का कार्यक्रम आयोजित नहीं कर पाए थे। इससे पूर्व लोगों ने घरों पर सजावट की गई है।मोहल्ला सैयद वाले से काजी साहब के मैदान से जुलूस ए मोहम्मदी गलियों में बड़ी धूमधाम से मनाया जिसमें बाहर से आये हूए मेहमान मौलाना हाफिज फय्याज हाफिज और तमाम गांव के लोग मौजूद रहें।

पुलिस की पकड़ से दूर चोरों के हौसले होते जा रहे बुलंद आए दिन हो रही चोरी की घटनाएं

नगराम लखनऊ क्षेत्र में पुलिस की निष्क्रियता से चोरों का गिरोह हुआ सक्रिय। बीते दिनों समेसी, रसूलपुर,भवानी खेड़ा सहित एक दर्जन किसानों के पम्प सेट इंजन के पंखे व पुर्जो को चोरों ने किया पार वहीं पुलिस की रात्रि गश्त ना करने से किसान कर रहे हैं रतजगा पुलिस चोरी की घटनाओं को छिपाने के लिए नहीं लिख रही मुकदमा। जिससे क्षेत्रवासियों में रोष पनपा है अभी हाल ही में अनवरत हो रही चोरियों के चलते कोई कार्यवाही ना होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और नगराम पुलिस हाथ पर हाथ रखे हुए बैठी है

खून की कमी के दुष्प्रभाव व जाँच इनरव्हील क्लब ऑफ लखनऊ अभ्युदया द्वारा आयोजित!

(संवाददाता) विवेक कुमार! राजधानी लखनऊ इनरव्हील क्लब ऑफ अभ्युदया द्वारा मझीगावां गांव में एनीमिया कैंप लगाया गया । कैंप में मिनर्वा हॉस्पिटल की डॉक्टर प्रज्ञा और उनके सहयोगी द्वारा गांव की महिलाओं के खून की जांच हुई तथा उनका वजन लिया गया । इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा शिप्रा भदौरिया ने ग्रामीण महिलाओं को खून की कमी का कारण और उससे होने वाली परेशानियों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ प्रज्ञा ने इस अवसर पर इस कैंप में नियमित पौष्टिक आहार लेने की डाइट चार्ट

के बारे में बताया। कैंप में महिलाओं को खून बढ़ाने की दवा तथा पौष्टिक आहार का पैकेट वितरित किया गया । क्लब की सचिव नम्रता चौहान जी ,कोषाध्यक्ष सुनीता सिंह जी, एडिटर मीनू कृपाल जी ने माहिलाओं को जानकारी दी`

बारावफात के मौके पर गोसाईगंज मस्जिद अध्यक्ष द्वारा निकाला गया जुलूस

गोसाईगंज लखनऊ बारावफात के शुभ अवसर पर गोसाईगंज मस्जिद स्थित अध्यक्ष फरहान अली के नेतृत्व में समिति के अध्यक्ष द्वारा जुलूस निकाला गया जो कि मस्जिद गोसाईगंज से सामुदायिक केंद्र होते हुए कस्बा चौकी सहित गोसाईगंज कस्बे में जुलूस निकालते हुए पुनः मस्जिद पर समापन किया गया इस अवसर पर अध्यक्ष फरहान अली ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन 12 वफात या फिर जिसे मिलाद उन नबी के नाम से जाना जाता है यह दिन इस्लाम मोहम्मद साहब का एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि इसी दिन इस्लाम धर्म के संस्थापक मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था इस अवसर पर मस्जिद प्रमुख अध्यक्ष फरहान अली मोहम्मद जसीम जबी अहमद उपाध्यक्ष बबलू रहमान आशिक अली अहमद हुसैन मानू शैदअली शब्बीर वसीक अहमद आदि कमेटी सदस्य उपस्थित रहे

आज कोजागरी का पर्व बडे धूमधाम से मनाया गया

देवमणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा सेक्टर 82 के पाकेट 7 के मेन गेट पर लगे 19 वा दुर्गा पूजो पंडाल से माँ की विदाई के बाद आज सभी लोगों ने मिलकर कोजागरी का पर्व बडे धूम धाम से मनाया गया । इस दुर्गा पूजा पंडाल मे आज शरद् पूर्णिमा के पावन पर्व पर कोजागरी का विधि विधान से पूजन किया गया। इस दिन लक्ष्मी का पूजन किया जाता है।

वैदिक मंत्तोच्चार के साथ आज लक्ष्मी का पूजन किया गया। आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्तोच्चार के साथे पूजन किया गया।और आरती फिर प्रसाद वितरण किया गया। इस पूजन मे सोसायटी तथा आस पास की सोसायटी के लोग सम्मिलित हुए। यह विगत कयी बर्षों से मनाई

जाती है`।

इस पूजा मे सम्मिलित होने वालों में तिमिर बरोन,सुशाशीष देवे, प्रदीप कुमारे, सरोज गांगुली, अनिमेषे मंडल, सुब्रोस प्रधान, प्रकाश सिन्हा,मजूमदार, ` सचिन राय,देवाशीष कुड्डु आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जाटौली मंडी में धूमधाम से मनाई गई महर्षि बाल्मीकि जयंती

समाज जागरण

पटौदी/सुरेश कोहली :आज वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम के मुख्यअतिथि रहें समाजसेवी गुलशन पंडित जाटोली मंडी में आयोजित बाल्मीकि जयंती के

अवसर पर कहा की हमें महर्षि बाल्मीकि के बताए रास्ते पर चलना चाहिए।उन्होंने कहा की रामायण जैसे महान हिन्दू ग्रन्थ की रचना कर महर्षि बाल्मीकि ने यह सिद्ध कर दिया की महापुरुष किसी जाति विशेष के नही होते है। उन्होंने कहा की महापुरुष सर्व समाज के होते है। उन्होंने कहा की इंसान जाति विशेष से बड़ा नही होता सिर्फ अच्छे कर्मों से बड़ा कहलाता है।क्षेत्र के समाजसेवी सतबीर पंवार ने बताया की आज बाल्मीकि जयंती बहुत ही धूमधाम के साथ मनाई गई। उन्होंने बताया की जाटोली मंडी के पूरे बाजार में शोभायात्रा(झांकी) निकाली गई जिसमें श्री राम लक्ष्मण, वाल्मीकि , सीता,कृष्ण राधा, शंकर पार्वती और हनुमान की मनमोहक झांकियां भी थी।उन्होंने बताया की वाल्मीकि जयंती समारोह का कार्यक्रम दीपक उर्फ सोनू जाटोली मंडी और सर्व समाज द्वारा नौजवान साथियों के सहयोग से बड़ी उल्लास के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा की आप सभी के सहयोग से बाल्मीकि जयंती पर्व को ऐसे ही हर वर्ष मनाते रहेंगे। इस अवसर पर बबली चाचा,मोहन,जीतू मास्टर,देवीलाल,इब्राहिम,सुखबीर पंडित,विक्रम सिंह पूर्व डीएसपी,हबड़ू,राकेश और जतिन आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

महर्षि बाल्मीकि मित्र मंडल ने पत्रकार सुरेश कोहली को किया सम्मानित

पटौदी : आज पटौदी के ऐतिहासिक गांव जाटौली में बाल्मीकि जयंती कार्यक्रम में महर्षि बाल्मीकि मित्र मंडल द्वारा स्थानीय पत्रकार व लेखक सुरेश कोहली को सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान संस्था के प्रधान व क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी सतबीर सिंह पंवार व संस्था से जुड़े

पदाधिकारियों ने दिया है। उन्होंने कहा की एक सच्चा पत्रकार समाज का वो आईना होता है जो समाज में जनता के हित और अधिकारों की आवाज बुलंद करता है। उन्होंने नामित पत्रकार को लेकर कहा की समय -समय पर वे क्षेत्र की समस्याओं को जोर -शोर से उठाते आए है। आपको बता दें की पत्रकार सुरेश कोहली को पत्रकारिता जगत में सराहनीय कार्यों के लिए काफी बार विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

बैहर व मलाजखंड के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के लिए तिथियां घोषित

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(10अक्तूबर)नगर परिषद बैहर एवं नगर पालिका परिषद मलाजखंड के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए पीठासीन एवं सहायक पीठासीन अधिकारी भी नियुक्त कर दिए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी 16 अक्टूबर को नगर परिषद बैहर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन प्रातः 11 बजे से नगर परिषद बैहर के सभाहाल में कराया जाएगा। नगर परिषद बैहर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए बैहर के एसडीएम तन्मय वशिष्ठ शर्मा को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है और तहसीलदार राम प्रसाद मार्को को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है । इसी प्रकार नगर पालिका परिषद मलाजखंड के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 17 अक्टूबर 2022 को प्रातः 11 बजे से नगरपालिका मलाजखंड के सभाहाल में किया जाएगा। नगर पालिका परिषद मलाजखंड के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए लांजी एसडीएम श्रीमती ज्योति ठाकुर को पीठासीन अधिकारी एवं तहसीलदार बिरसा श्रीमती दमयंती परते को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

महर्षि बाल्मीकि की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें : देवेंद्र सिंह खानपुर

पटौदी/सुरेश कोहली : आज भगवान बाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में खंड के गांव खानपुर के पूर्व सरपंच देवेंद्र सिंह ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा की हमें महर्षि बाल्मीकि की बताई हुई शिक्षाओं को अपने जीवन में अवश्य ही अपनानी चाहिए। साथ ही उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा की हमें अपने परिवार और समाज में जागृति लाने के लिए अपने बच्चों की शिक्षाओं पर विशेष ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा की महापुरुष किसी एक

समुदाय विशेष के नही होते वे समस्त समाज के लिए आदर्श होते है। उन्होंने कहा की भगवान बाल्मीकि ने अपना समस्त जीवन सारे समाज की भलाई और अच्छा मार्गदर्शन दिखाने में लगाया।उन्होंने कहा की आज की युवा पीढ़ी को अपने महापुरुषों के बलिदानों को कभी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा की भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.अंबेडकर,झलकारी बाई कोली,संतगुरु रविदास,संत कबीर दास सावित्रीबाई फूले आदि समाज में हुए संत महात्माओं की बताई हुई शिक्षाओं को अपने जीवन में अवश्य उतारना चाहिए। पूर्व सरपंच देवेंद्र सिंह खानपुर ने कहा की समाज में जो -जो संत महात्मा हुए है उन्होंने अच्छी और सच्ची शिक्षा देकर सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत और सर्व समाज को एकता के सूत्र में बांधने का महान कार्य किए है। उन्होंने कहा की उनका बलिदान भुलाने योग्य नही है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा अवश्य लेनी चाहिए और उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलना चाहिए।

संक्षिप्त न्यूज

जेपी जयंती कार्यक्रम का निमंत्रण कार्ड सोनिया गांधी और राहुल गांधी को भी

भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह हैं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिताबदियारा में होना है आयोजन, भाजपा सांसद हैं मुख्य आयोजक

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती 11 अक्टूबर को है। इस वर्ष मुख्य आयोजन जयप्रकाश नारायण ट्रस्ट सिताबदियारा बिहार में होना है। मुख्य आयोजक भाजपा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह हैं। आयोजक वीरेंद्र सिंह मस्त ने कांग्रेस हाईकमान सोनिया गांधी और राहुल गांधी को भी निमंत्रण पत्र भेजा है।

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने इस बाबत बताया की आयोजक और अतिथि भले भाजपा के हैं पर आयोजन जयप्रकाश नारायण की जयंती का है इसलिए इसमें सभी लोगों को निमंत्रण भेजा गया है। कारण जयप्रकाश नारायण जी देश भर के नेता और मार्गदर्शक रहे। बताया कि यह आयोजन देश को एक नई दिशा देगा। जयप्रकाश नारायण जी ने भी देश को न ई दिशा दिया था। बताया सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित देश के सभी नेताओं को निमंत्रण भेजा गया है। आना नहीं आना उनकी मर्जी है।

जोश प्रतियोगिता के अंतर्गत हुई दौड़ प्रतियोगिता, 150 धावकों ने दिखाया दम

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण

गड़वार (बलिया) :क्षेत्र के बरवां गांव में रविवार को जोश प्रतियोगिता के अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में धावकों ने जीत के लिए अपना दम दिखाया।

इस प्रतियोगिता में 150 धावकों ने क्रमशः 400, 800 व 1600 मीटर की दौड़ में हिस्सा लिया। 1600 मीटर दौड़ में सत्या सिंघम, 800 मीटर दौड़ में अंकित वर्मा व 400 मीटर दौड़ में अभय यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तीनों विजयी धावकों को 12 अक्टूबर को बरवां गांव में श्री दुधेश्वर नाथ मंदिर पर लगने वाले मेले में समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन मंडल में मनोज शाह, मनोज चौहान, सुभाष चौहान, राम बहादुर यादव, स्वामीनाथ यादव, रोशन वर्मा, मुन्ना गोंड, सुनील यादव, अजय सिंह आदि रहे।

संकट मोचन मंदिर महाकरपुर में प्रारंभ हुआ अखंड हरिकीर्तन

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : स्थानीय विकासखंड अंतर्गत महाकरपुर संकट मोचन मंदिर प्रांगण में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान पंडित मारकंडेय मिश्र द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन किया गया।

पूजन के पश्चात मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पप्पू पांडेय वह विशिष्ट अतिथि सोनू पांडेय ने कीर्तन मंडलियों को माल्यार्पण के साथ अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। प्रधान प्रतिनिधि श्री पांडेय ने कहा कि कि प्रत्येक वर्षों की भांति इस बार भी अखंड हरिकीर्तन हो रहा है जिससे आम जनमानस को शांति समृद्धि प्रदान हो रही है। इस मौके पर शिवानंद पांडेय, गंगा सागर यादव, सीटू पांडेय, अनुज गुप्ता, विजेंद्र दुबे, समाजसेवी भानु दुबे, ब्रह्मानंद यादव मौजूद रहे। अंत में कीर्तन के आयोजक प्रदुम देव दुबे ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

बाइक पलटने से युवक गंभीर रूप से घायल, रेफर

ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : रसड़ा-चंद्रवार मार्ग के अठिला गांव के समीप शनिवार की देर सायं बेकाबू बाइक के खाई में पलट जाने से बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया।

घायल स्वामीनाथ (40) पुत्र इंद्रदेव निवासी अठिला को गंभीरावस्था में रसड़ा अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक बाइक द्वारा रसड़ा से घर जा रहा था कि उसकी बाइक अचानक असंतुलित होकर खाई में पलट गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

विद्युत करेंट की जद में आने से किशोरी झुलसी

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण

सिकन्दरपुर (बलिया) : सिकंदरपुर कस्बे में शनिवार की देर शाम विजली की करेंट की चपेट में आने से किशोरी झुलसी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय कस्बा के मोहल्ला बड्ढा निवासी तन्नू वर्मा (17) पुत्री राजू वर्मा शनिवार की देर शाम को बोर्ड में पंखे का तार लगा रही थी कि अचानक करेंट की चपेट में आ गयी। जिसके बाद वह बुरी तरह झुलस गई और अचेत होकर गिर गयी। जिसके बाद परिवार वालों के साथ स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर ले गए। जहा पर चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया।

जेपी जयंती के दिन होगा समान शिक्षा तिरंगा यात्रा का शुभारंभ

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : समान शिक्षा संघर्ष मोर्चा के तत्वधान में समाजवादी चिंतक एवं विचारक लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनकी पावन जन्मभूमि जयप्रकाश नगर से समान शिक्षा तिरंगा साइकिल यात्रा का शुभारंभ राधेश्याम के नेतृत्व में होगा।

सभा में समाजवादी चिंतक मुख्य अतिथि रघु ठाकुर व विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद संजय सिंह तथा विशेष अतिथि सत्येंद्र यादव विधायक होंगे। समान शिक्षा तिरंगा साइकिल यात्रा जेपी के गांव जयप्रकाश नगर से जन जागरण करते हुए बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, जौनपुर, सुल्तानपुर, लखनऊ, उन्नाव, कानपुर देहात, कानपुर शहर, औरैया, इटावा, फिरोजाबाद, आगरा, मथुरा, पलवर, फरीदाबाद, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा सभी जिला मुख्यालय पर चलता फिरता मंच के द्वारा जन जागरण करते हुए 11 नवंबर 2022 प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली पर पहुंचकर मांग पत्र एवं ज्ञापन देकर यात्रा का समापन होगा।

एससी एसटी एक्ट और आरक्षण समाप्त करने सहित पांच प्रस्तावों को मिली हरी झंडी

भगवान की नगरी अयोध्या में संपन्न हुआ संयुक्त अखिल भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासम्मेलन

-राष्ट्रीय सम्मेलन में पांच प्रस्ताव को मिली हरी झंडी, एक स्वर से सभी संगठनों ने किया समर्थन
-देश के सभी ब्राह्मण संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महासचिव और प्रतिनिधि मंडल हुआ शामिल
-ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रुप में शामिल हुए राजेश मिश्र

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : भगवान राम की नगरी अयोध्या के श्री मणिराम दास छावनी के तुलसीदास हाल में देश के सभी ब्राह्मण संगठनों का राष्ट्रीय स्तरीय सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महासचिव या उनके नामित प्रतिनिधियों ने प्रतिनिधि मंडल सहभाग किया। सम्मेलन में पांच प्रस्ताव पारित किए गए। सभी संगठनों ने एक स्वर से प्रस्ताव पर मुहर लगाया। ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रुप में प्रदेश महासचिव बलिया निवासी राजेश मिश्र ने प्रतिनिधि मंडल संग सहभाग किया।

राजेश मिश्र ने बताया कि ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ के तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रतिनिधि के रूप में उत्तर प्रदेश के महासचिव राजेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में 6 सदस्य प्रतिनिधि मंडल उस कार्यक्रम में शामिल हुआ। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश संरक्षक दयाशंकर तिवारी बलिया जिलाध्यक्ष बृजेश दुबे रिंकू जिला महासचिव विष्णु कुमार मिश्र रत्नाकर दुबे आशीष पांडेय शामिल रहे। विशाल महासम्मेलन महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, झारखंड, बिहार, गुजरात, पंजाब एवं उत्तर प्रदेश के तमाम ब्राह्मण संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंत्री एवं उनके प्रतिनिधिमंडल शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत श्री मणिरामदास छावनी मुख्य महंत सत्येंद्र दास महाराज कार्यक्रम के आयोजक कृपा निधान तिवारी राजेश कुमार मिश्र दयाशंकर तिवारी श्री सुरेश मूले पंडित शीतला प्रसाद पांडे आदि ने आदि ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम एवं जगत

पिता विष्णु के अवतार भगवान श्री परशुराम के तैल चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करके तथा पुष्प एवं माल्यार्पण करके किया। विशाल ब्राह्मण महासम्मेलन दो सत्रों में आयोजित था प्रथम सत्र की शुरूआत भगवान श्री परशुराम के एवं मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के स्तुति एवं वंदना से हुआ तत्पश्चात विशाल ब्राह्मण सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। सम्मेलन में पांच प्रस्ताव पेश किए गए। पहला प्रस्ताव सभी संगठनों को मिलाकर समन्वय समिति का निर्माण, दूसरा प्रस्ताव देश से आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करना, तीसरा प्रस्ताव एससी एसटी एक्ट को समाप्त करना, चौथा प्रस्ताव समान नागरिक संहिता लागू करना एवं पांचवा प्रस्ताव देश के सभी मंदिरों ब्राह्मण पुजारी नियुक्त करना मंदिरों को देखभाल करने का अधिकार ब्राह्मण समाज के पास होना पेश व पारित हुआ। ब्राह्मण सम्मेलन को ब्राह्मण स्वयंसेवक संघ की ओर से संबोधित करने का सौभाग्य प्रदेश महासचिव राजेश कुमार मिश्र को भी मिला।

सभी ने एक दूसरे को दी मोहम्मद साहब के जन्मदिन की बधाई, मनाया जश्न

संतोष कुमार द्विवेदी, दैनिक समाज जागरण

नगरा (बलिया) : मुहम्मद साहब का जन्मदिन ईद-उल-मिलादुन्नवी का पर्व रविवार को नगर पंचायत नगरा में धूमधाम से मनाया गया। हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन की मुबारकबाद दी। ईद-ए-मिलादुन्नबी का त्योहार रवि-उल-अव्वल की 12वीं तारीख को धूमधाम से मनाया जाता है। इस मौके पर नगर भर में घोड़े ऊंट एवं अन्य झांकियों से सुसज्जित से जुलूस शान ओ शौकत से निकाला गया। नगर के पश्चिम मूहल्ला स्थित मक्का मस्जिद से जुलूस उठाया गया।जो अपने अपने रास्ते होते हुए पूरब मुहल्ला पहुंचा, वहां से मेन गली होते हुए बाजार के बेल्थरा रोड मार्ग, गड़वार

मोड़ होते हुए जुलूस-ए-मोहम्मदी मस्जिद पर पहुंच कर संपन्न हुआ। जुलूस में चल रहे लोग हाथों में बड़े-बड़े झंडे लेकर चल रहे थे। इस दौरान युवा अल्लाह हो अकबर आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस में हामिद रजा ने नातिया कलाम पेशकर शमां बांध दिया। जुलूस का नेतृत्व एडवोकेट शफीक अहमद व नाजीर कर रहे थे।जुलूस में चल रहे सभी लोगों ने मुल्क की सलामती शांति व अमन चैन की दुआ की। जुलूस में पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रिजवान भाई, समाजसेवी अब्दुल्लाह शाह, डॉ अवैस असगर हाशमी आसिफ अहमद, मो इमरान, पूर्व प्रधान काशीनाथ जायसवाल, राज बहादुर सिंह अंशू, शैलेश यादव अखिलेश यादव सहित काफी संख्या युवा एवं बच्चे शामिल रहे। जुलूस में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रही।

विधायक केतकी सिंह से मिल शिक्षामित्रों ने बताई स्वयं की व्यथा

कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : शिक्षामित्रों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर रविवार को क्षेत्रीय विधायक केतकी सिंह से उनके मैरीटार आवास पर मुलाकात की और मांग पत्र दिया। विधायक केतकी सिंह ने शिक्षामित्रों की बातों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

शिक्षामित्रों ने विधायक को बताया कि पिछले 20-22 वर्षों से शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत हैं। सभी के पास शिक्षक के लिए आवश्यक योग्यता, स्नातक व बीटीसी है। इसके बावजूद उन्हें मात्र दस हजार रुपए में काम करना पड़ रहा है। उनके मानदेय में पिछले पांच वर्ष में एक रुपए की भी बढ़ोतरी नहीं हुई है। इतने कम पैसे में परिवार का

भरण पोषण नहीं हो पा रहा हैं। शिक्षामित्र में प्रतिमाह 40 हजार मानदेय दिलाने की मांग की। इसके साथ महिला शिक्षामित्रों को उनके ससुराल के पास के विद्यालय में स्थानांतरित करने, पुरुष शिक्षामित्रों को मूल विद्यालय में वापसी के लिए एक अवसर देने, आकस्मिक अवकाश को शिक्षकों की तरह एक जनवरी से 31 दिसंबर तक मान्य करने की भी मांग की। विधायक सिंह ने आश्वासन दिया कि वह बहुत जल्द मुख्यमंत्री से मिलकर शिक्षामित्रों की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगी। इस दौरान प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह , निर्भय नारायण राय, राकेश पांडेय, संजीव सिंह, अजय सिंह, ब्रजेश राम, आशुतोष वर्मा, अवधेश कुमार, मृत्युंजय सिंह, तेजनारायण सिंह, शीत प्रजापति, विनय कुमार, मंजूर हुसैन, विनोद वर्मा, शिवकुमार सिंह, निर्भय कुशवाहा, मनोज शर्मा, अवधेश भारती, अक्षय लाल आदि थे।

परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए कांशीराम

ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : भारत नौजवान क्रांति सभा (गैर राजनैतिक संगठन) द्वारा रसड़ा स्थित डाक बंगले पर बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के 16वें परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें याद किया गया।

मुख्य अतिथि राघवेंद्र कुमार ने कहा कि कांशीराम साहब के जीवन संघर्ष का मुख्य मकसद था दलित और उपेक्षित समाज में सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन लाना और एक ऐसा समाज बनाना जो समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व पर आधारित हो तथा अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए वे सत्ता को एक साधन बनाये। आज उपेक्षित और दलित समाज में जागरूकता आई है वो अपने हक और अधिकार के लिए आवाज उठा रहे हैं। कहा कि देश में अब दूसरा कांशीराम पैदा होना असंभव है। विशिष्ट अतिथि के तौर

पर शिरकत किए बदरूदुजा उर्फ बब्लू जी ने कहा कि बहुजन समाज को राजनीतिक शक्ति में उत्थान कर उन्हें यहाँ हुकमरान समाज बनाने के लिए बामसेफ, डीएस4 एवं बहुजन समाज पार्टी के जन्मदाता व संस्थापक मान्यवर श्री कांशीराम जी को आज उनकी पुण्यतिथि पर नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित कर रहा हूं। आज उन्हें नमन कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। अंत में कार्यक्रम के आयोजक एवं भारत नौजवान क्रांति सभा के संयोजक जावेद अंसारी जाम ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश भारती एवं अध्यक्षता जावेद अंसारी जाम ने किया । इस अवसर पर संगठन के गुरुदयाल गौतम, भोला राम, छात्र नेता बादल राठौर, दीपक कुमार, प्रवीण सत्यार्थी, सुजीत बजरंगी, शाहिद कुरैशी, बबलू कन्नौजिया, अखिलेश भारती सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

दूसरी पुण्यतिथि पर याद किए लेखराज पांडेय, शुभेच्छु जनों ने दी श्रद्धांजलि

राजीव चतुर्वेदी, दैनिक समाज जागरण

हल्दी (बलिया) : क्षेत्र के बबुआपुर गांव निवासी अधिवक्ता केशव नारायण पाण्डेय उर्फ सुनील पाण्डेय के दादा जी स्व0 लेखनाथ पाण्डेय की द्वितीय पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव पर मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बेलहरी ब्लाक प्रमुख शशांक शेखर तिवारी एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में भारत सरकार के कानून मंत्री एसपी सिंह बघेल के अति करीबी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य एचएन पाल रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत संभ्रांत व्यक्तियों के द्वारा स्व0 लेखनाथ पाण्डेय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। उक्त अवसर पर

मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि, गोविन्द पाण्डेय और श्री नारायण पाण्डेय जी के हाथों सैकड़ो गरीबों को कम्बल वितरित किया गया। वहीं उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों एवं विद्वान कर्मकांड के ज्ञाताओं को स्व0 लेखनाथ पाण्डेय के पुत्र शिवशंकर पाण्डेय सहायक उप निरीक्षक, म0प्र0 पु0 के द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर योगेंद्र नाथ मिश्र, सेवानिवृत्त सुबेदार हरेंद्र नाथ उपाध्याय, बसुधारपाह चौकी इंचार्ज महेंद्र प्रताप सिंह, दीवान मनोज सिंह, समाजसेवी मंजीत उपाध्याय, नारायण जी उपाध्याय, राकेश पाण्डेय (एयरफोर्स), गणेश उपाध्याय, श्रीकिशुन उपाध्याय, पप्पू चौधरी, रामेश्वर पाण्डेय, सतेंद्र उपाध्याय, मुन्ना पाण्डेय, संजय पाण्डेय, चन्द्रशेखर उपाध्याय इत्यादि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवशंकर पाण्डेय एवं संचालन सुनील पाण्डेय अधिवक्ता ने किया।

हमें मोहम्मद साहब के जीवन का अनुसरण करना चाहिए : वशिष्ठ नारायण सोनी

ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : इस्लाम धर्म के पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। बारावफात के दिन जुलूसे मदेह सहाबा पूरे जोर-शोर के साथ मस्जिद हज्जिन से निकला। इस दौरान बड़े-बच्चे हाथों में झंडे और चांद-तारा लिए हुए थे। जुलूस में सुन्नी समुदाय के हजारों लोगों ने हिस्सा लिया।

वहीं जुलूस में नगर पालिका परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सोनी भी शामिल हुए। साथ ही शहर की तमाम अंजुमनें और मुस्लिम तंजीमें भी जुलूस में शामिल हुईं। बता दें कि सुबह लगभग 10 बजे मस्जिद हज्जिन से भव्य जुलूस निकाला गया जो पुरानी कोट पहुंचकर एक भव्य जुलूस के साथ ब्रम्हस्थान, सदर बाजार, स्टेशन रोड होते हुए पुनः मस्जिद हज्जिन पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जुलूस में

एक तरफ जहां उंटों व घोड़ों का काफिला रहा वहीं दूसरी तरफ वाहनों पर झंडे व बैनर के साथ तिरंगा झंडा लिये युवक हजरत मुहम्मद साहब की शान में नारे लगा रहे थे। वहीं कार्यवाहक अध्यक्ष श्री सोनी ने कहा कि मोहम्मद साहब ने अपने सभी उपदेशों में हमेशा इंसानियत और भाईचारगी के साथ साथ अपने पड़ोसियों और अन्य लोगों को तकलीफ न पहुंचे उस कृत्यों से बचने की शिक्षा दी है। हमें उनके जीवन का अनुसरण करना चाहिए। मोहम्मद साहब ने अपनी पूरी जिंदगी इंसानियत और नेकी को सौंप दी। इनकी दी हुई शिक्षा पर अगर कोई इंसान चले तो उसे कभी किसी चीज की कमी नहीं होगी। इस मौके पर अफताब अहमद (मंटू), विनय जायसवाल, मौलाना अख्तर करहानी, बब्लू जावेद, छात्र नेता शहाबुद्दीन अंसारी के साथ साथ अन्य लोग भी मौजूद रहे।

हर्षोल्लास के साथ मुस्लिम बंधुओं ने मनाया वरावफात का पर्व

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : स्थानीय तहसील अन्तर्गत बैरिया नगर पंचायत कोटवा ,रानीगंज बाजार, मधुबनी, करमानपुर, चकिया, चांदपुर ,लालगंज बाजार ,चिरंजी छपरा, आदि गांवों में इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब का वरावफात पर्व बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया ।

बताते चले की हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन को पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व को वरावफात या ईद मिलादुन्नबी कहते हैं । इस्लाम धर्म मे मानवता यानि इन्शानियत को सबसे ऊपर रखा गया है। इसलिए वरावफात के दिन गरीबो को नये कपड़े राशन और दान देकर इस परंपरा को लोगो तक पहुचाया जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोग आज ईद ए मिलादुन्नबी का पर्व बड़े धूम धाम से मना रहे है। ये त्योहार इस्लामिक कैलेंडर के तीसरे महीने के 12 वी तारीख को पड़ता है । मान्यतायों के अनुसार रबी अव्वल के 12वी तारीख को ही हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था और इसी दिन और इसी तारीख को वो वफात(मृत्यु) हो गए थे इस लिए मुस्लिम समुदाय के लोग इस दिन को वरावफात कहते है और इस पर्व को बड़े धूम धाम के साथ मनाते है। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग

रात भर मस्जिद में इबादत करते है और जलसे का आयोजन होता है इसमें मोहम्मद साहब के शान में नज्म पढ़े जाते है और जगह जगह पर जुलूस भी निकाले जाते है इस दिन मस्जिद व घरो में कुरान को खास तौर पर पढ़ा जाता है और गरीबो में जरूरत की चीजें दान की जाती है ।घरो में पकवान बनाये जाते है और एक दूसरे के साथ मिलकर भाईचारे का संदेश देते है । जामा मस्जिद कोटवा से मुस्लिम बंधुओ की हजारो की तादात में एक पारंपरिक जुलूस निकाला गया जो रानीगंज कोटवा से कर्बला तक ,और कर्बला से रानीगंज बाजार व बीवीटोला होते हुए बैरिया फील्ड तक गया ।जहाँ पर बैरिया गांव के मुस्लिम बंधु बैरिया फील्ड में आये और दोनो तरफ के लोगो का मिलान हुआ और फिर बैरिया और रानीगंज कोटवा के लोग रानीगंज बाजार चौक तक आये ।और फिर बैरिया वाले लोग वापस अपने गांव के तरफ लौट गए रानीगंज कोटवा के मुस्लिम बंधुओ का जुलूस कोटवा मस्जिद पर आकर सम्पन हो गया ।पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में जुलूस के साथ मौजूद रही । एस0आई 0अतुल कुमार मिश्र अपने हमराहियो संदीप यादव अरबिंद कुमार पाल आदि पुलिस के जवानों के साथ लगातार जुलूस के साथ चक्रमण करते रहे और लोगो के सहयोग से जुलूस को सम्पन्न करवाया । इस अवसर पर मौलाना शब्बीर अशरफी, फिरोज मु0 शहाबुद्दीन शिक्षक,फिरोज अहमद लड्डु, शकील खान, राजा ,आसिफ, सलमान, मु0नदीम, मु0 मंसूर,मु0 सोनू ,एजाज, पप्पू भाई, मुजम्मिल, नईम ,आरिफ ,आदि लोग मौजूद रहे।

शांति व अमन के पैगाम के साथ निकला वारावफात का जुलूस

ऋतुराज तिवारी बिन्दु, दैनिक समाज जागरण

रेवती (बलिया) : शान्ति व अमन के पैगाम के साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण में नगर रेवती में वारावफात का जुलूस निकला। रविवार के दिन करीब 9 बजे बड़ी मस्जिद से निकला जुलुस बजाय कौलेन पाडेंय के टोला का जुलूस मिला।

जहां बजार में विभिन्न हाफिज तथा मौलानाओं द्वारा पैगम्बर मुहम्मद साहब के द्वारा दिये गये संदेशों का वर्णन किया गया।वहां से जुलुस थाना गेट होते हुए बस स्टैंड पहुँचा।जहां पुनः थाना गेट होते हुए बाजार के रास्ते बड़ा उदासीन अखाड़ा,बड़ी बाजार,बीज गोदाम, छोटका टोला, बाड़ीगढ़, उत्तर टोला दुर्गा मंदिर ,बुढ़वा शिव मन्दिर,पुल,डाकघर होते हुए अपने-अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस मे चल रहे हाफिज जगह-जगह वारावफात व मोहम्मद साहब के जन्म के संबंध

मे जानकारी शेयर करते रहे। जुलूस में तरह -तरह के झंडे के साथ युवा बुजुर्ग व बच्चे शामिल रहे।जुलूस को संपन्न कराने में हाफिज अलाउद्दीन,मौलाना नाजिर हुसैन,हाफिज मुहम्मद शाहिद हुसैन , सरदर गयासुदीन कलाम खान, डा.मंजूर, इदरीश उर्फ मिण्टू, नसरूदीन, मुन्ना अंसारी, साजिद अंसारी, सलामूदीन, मुस्लिम शाह,वजीर शाह आदि लोगों की सहभागिता के अलावे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय शंकर उर्फ कनक पाण्डेय,समाजसेवी अमित उर्फ पप्पू पाण्डेय,राजेश गुप्ता आदि शामिल रहे। शान्ति ब्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, एसआई धर्मेन्द्र दत्त, हरिन्द्र पटेल, विपिन सिंह, विनोद यादव,संदीप सोनकर मय फोर्स लगातार चक्रमण करते रहे।

सिकंदरपुर में धूमधाम से मनाया गया जश्नेईद मिलादुन्नबी का त्यौहार

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण

सिकन्दरपुर (बलिया) : जश्ने ईदमिलादुन्नबी का त्यौहार क्षेत्र भर में रविवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर कौमी लोगों ने एक तरफ जहां जगह-जगह जुलूस निकालकर भाईचारे का पैगाम दिया। वहीं दूसरी तरफ पर्व के मौके पर चारो ओर रौनक नजर आई।वहीं तहसील क्षेत्र के कई गांव में कौमी लोगों ने जुलूस मुहम्मदिया निकाला।इस जुलूस में गांव के नवजवानों ने खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ईदमिलादुन्नबी (बारावफात) पर्व को लेकर कौमी लोगों में पखवारे भर पहले से तैयारी चल रही थी। इस दिन को कौमी लोग इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में मनाते हैं। रविवार को पर्व के मौके पर फूलों की नगरी सिकन्दरपुर में विभिन्न मोहल्लों से भव्य जुलूस निकाला कर पूरे नगर में भ्रमण किया गया। जुलूस के माध्यम से लोगों को आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया गया।

इस दौरान कौमी लोगों ने जन-जन को भाईचारे का पैगाम दिया। जगह जगह पर जुलूस को रोक रोक कर लोगों द्वारा मिठाइयां,शर्बत खुजुर व काबुली बांटी गई।

इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग इस्लामी झंडा व तिरंगा झंडा लेकर पैगम्बर मोहम्मद साहब के प्रति समर्पित दिखे।नन्हे मुन्ने बच्चे भी छोटे छोटे इस्लामिक झंडे अपने हाथों में लेकर लहरा रहे थे ।अंत में सभी मोहल्लों के जुलूस दरगाह पर पहुंचा

जहां पर सलातोसलाम पढ़ा गया

ततपश्चात दरगाह शाहवली कादरी के सज्जादानसीं सैय्यद सेराज अजमली प्रोफेसर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ने पैगम्बर मोहम्मद साहब के जीवन पर तकरीर(प्रकाश डाला) किया तथा लोगों को उनके बताए गए रास्तों पर चलनें को कहा।

इनसेट-

सभी मोहल्लों से नातिया कलाम पढ़ते हुए निकले लोग

नगर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में अकीदतमंदों ने हर मोहल्लों से जुलुश निकाला। इस मौके पर हर मोहल्लों से हजरत मोहम्मद साहब की शान में नातिया कलाम पढ़ते हुए जुलूस मोहल्ला डोमनपुरा में इकट्ठा हुवा, जहां पर मोहल्ले वासियों द्वारा आए हुवे सभी मोहल्लो के लोगों ने फूल मालाओं व खुशु लगाकर स्वागत किया ।

तथा मोहल्ले के युवाओं द्वारा आतिशबाजी की गई।

ततपश्चात कारी फिरोज अख्तर ने तकरीर की फिर एक बार पुनः सभी मोहल्लों के जुलुश को वहां से प्रस्थान कराया गया।

जो मोहल्ला चादनी चौक, मोहल्ला इद्रिसिया मोहल्ला मिल्की,मियां जी का चौक,चौक बाजार, मोहल्ला गन्धी,मोहल्ला भिखपुरा,मोहल्ला बड्ढा होते हुवे दरगाह के मैदान मे जाकर समाप्त हुवा।

सुरक्षा की दृष्टि से ऐसे क्यों सिकंदरपुर योगेश कुमार यादव चौकी प्रभारी मुरारी मिश्रा,समेत थाने व चौकी के हमराही मौजूद रहे।

इस दौरान सैय्यद सेराज अजमली,सैयद जाफर हसन अजमली, सैयद जियाउद्दीन अजमली,सैयद कमर हसन अजमली,अल्हाज शेख अहमद अली उर्फ संजय भाई, नजरुल बारी,मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी, मौलाना रामजी यादव ,जावेद ईकबाल हिंदी,हाजी शेख वसी अहमद,भीष्म चौधरी,फैजी अंसारी, इम्तियाज अंसारी ,सुब्हान रिजवी,रामजी यादव,जावेद ईकबाल अंसारी,संजय जायसवाल,डॉक्टर आशुतोष गुप्ता,गनेश सोनीं,जितेश वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

ठेकेदार द्वारा पशु अस्पताल जाने वाले मार्ग पर खुदाई करके छोड़ा मिट्टी

शैलेंद्र कुमार चौधरी दैनिक समाज जागरण

सेवराई। स्थानीय तहसील के समीप पशु अस्पताल मार्ग पर मिट्टी छोड़ दिए जाने से रास्ता पूरी तरह खराब एवं चलने लायक नहीं है साथ ही साथ मार्ग पर बड़ी-बड़ी घास हो गई है जिससे लोगों को आने जाने में कठिनाई हो रही है।

स्थानीय तहसील का कर्मचारी के लिए आवासीय घर का निर्माण हो रहा है एवं शौचालय की टंकी की खुदाई की गई है उसकी मिट्टी पशु अस्पताल की बाउंड्री के बगल में साल भर से छोड़ दिया गया है जिसकी वजह से पूरा मिट्टी का ढेर लग गया है । वही शौचालय की टंकी खोद कर उसी तरह छोड़ दिया गया है जिससे कभी भी रात के समय टंकी में गिरकर घायल होने की आशंका पशु अस्पताल के कर्मचारी को हमेशा सता रहा है।

पशु अस्पताल मार्ग सीधे ब्लाक मुख्यालय जाता है जिससे लोगों को हमेशा इस मार्ग पर आना जाना लगा रहता है लेकिन मार्ग खराब होने की वजह से लोग भदौरा बाईपास मुख्य मार्ग से होकर बाजार आ रहे हैं पहले इसी मार्ग से लोग आते जाते थे लेकिन मार्ग में मिट्टी का ढेर होने की वजह से लोग घूम कर ब्लॉक मुख्यालय जाने के लिए विवश हैं।

वही मिट्टी का ढेर मैं खरपतवार एवं गंदगी और बड़ी-बड़ी घास होने की वजह से पशु अस्पताल में काम कर रहे डॉक्टर सहित कर्मचारियों को दुर्गंध युक्त वातावरण में अपनी ड्यूटी कर रहे हैं वही पशुपालन जानवरों को दिखाने के लिए अस्पताल जाने में भी कतरा रहे हैं लेकिन मजबूरी में किसी तरह पशुपालक जानवरों की तबीयत खराब होने पर अस्पताल किसी तरह ले जाते हैं।

वही बाजार सहित क्षेत्र के लोगों ने बताया कि अगर यह मार्ग बन जाता है तो ब्लॉक मुख्यालय पशु अस्पताल जाने में कोई परेशानी नहीं होगी और दूरी भी कम हो जाएगी लेकिन मार्ग खराब होने की वजह से हम लोगों को पूरा बाजार घूम कर 800 मीटर घूमकर भदौरा बाईपास के रास्ते जाना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं एवं बुजुर्गों को होती है। अगर बरसात हुआ तो बरसात का पूरा पानी रोड पर ही लग जाएगा

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के निमित्त निकली कलश यात्रा

विकास राय संवाददाता दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर जनपद के बाराचंवर ब्लाक मुख्यालय पर रामलीला मैदान में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिए रविवार को बैंड बाजे के साथ अयोध्या वासी महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 श्री शिवराम दास जी के मार्गदर्शन में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी।यह कलश यात्रा जय जयकार के मध्य बाजे गाजे के साथ बाराचंवर से चल कर परसा मोंड रघुबरगंज बालापुर मुहम्मदाबाद तिवारी पुर हरिहर पुर होते हुए गौसपुर गंगा तट पर पहुंची।वहां वैदिक रीती से पूजनो परांत सभी कलश यात्रीयों ने अपने कलश में गंगा जल लिया।गंगा जल लेकर सभी कलश यात्री पुनः बाराचंवर यज्ञ स्थल पर पहुंचे और यज्ञशाला की परिक्रमा करने के पश्चात प्रसाद ग्रहण किया।रघुबरगंज में फलाहारी जी महाराज का माल्यार्पण कर राजेश राय पिंटू एवं अन्य लोगों के द्वारा स्वागत किया गया।इस कलश यात्रा में आचार्य पंडित मदन मोहन द्विवेदी. विवेकानंद पाण्डेय. प्रमोद कुमार पाण्डेय. प्रभाकर पाण्डेय. हरेन्द्र उपाध्याय. नर्वदेश्वर तिवारी. मोहित कुमार मिश्रा के साथ

श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के मुख्य यजमान ब्लाक प्रमुख बाराचंवर बृजेन्द्र सिंह,अमरनाथ सिंह,रमेश सिंह,केदारनाथ पाण्डेय,शशिभुषण मिश्रा,अनुबाला सिंह पत्नी यशवन्त सिंह,जनार्दन तिवारी बरेजी,बाल्मिकी सिंह कुशबाहा,मनोज वर्मा,राधिका देवी,चन्द्रकला सिंह,जगरनाथ प्रसाद कमलापुरी,देवेन्द्र कुमार सिंह,संजय राय,उर्मिला कुशबाहा,इंदू सिंह पत्नी सियारामशरण सिंह, एवं कलश यात्रा के दौरान सत्यदेव सिंह सुबाष यादव, विश्राम यादव,कौशल सिंह, मुकेश गिरि दीपक सिंह,संजय पाण्डेय,अंजनी मोर्या,दयानन्द कुशबाहा,सुनील कन्नौजिया,राजाराम पाण्डेय,बृजेश शर्मा,मनीष सिंह,योगेन्द्र राजभर,बृजेश कुशबाहा,राजेश कुशबाहा,रमेश सिंह,गुडडू गुप्ता,सहित हजारो की तादात मे नर नारी मौजूद रहे।

अस्पताल प्रशासन के अड़ियल रवैये से देर से शुरू हुआ निर्माण कार्य

जनवरी माह में प्रस्तावित वार्ड आठ माह बाद के शुरू हुआ बनना अन्य मरीजों के इलाज में भी सहायक होगा कोविड वार्ड

आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

मऊ : कोरोना काल में मरीजों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल सहित कुल 19 केंद्रों पर कोविड वार्ड बनाने का प्रस्ताव है। हालांकि अभी व्यापक स्तर पर टीकाकरण से कोरोना की रफ्तार पर रोक लगी है। वार्ड का निर्माण होने से कोविड के साथ अन्य मरीजों के उपचार में भी सहायक होगा। कार्यदायी संस्था का दावा है कि सदर अस्पताल को छोड़कर बाकी अन्य केंद्रों पर कार्य अंतिम चरण में है, जबकि कुछ जगहों पर तो अगले सप्ताह इसे स्वास्थ्य केंद्र को हस्तानांतरित कर दिया जाएगा। यदि सदर अस्पताल प्रशासन उसी समय सहयोग करता तो अभी तक यहां पर भी कोविड वार्ड बनकर तैयार हो गया होता जो दूसरे मरीजों के उपचार में सहायक होता।

जनवरी माह में शासन की मंजूरी के बाद से अप्रैल माह तक लगातार

कार्यदायी संस्था के अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के जेई रामनयन के साथ जमीन के एलाट के लिए बैठक करते रहे लेकिन सीएमएस डा. नाहिदा खातून कोविड वार्ड के लिए जमीन देने को तैयार नहीं थी। हालांकि अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सीएमएस के नामंजूरी का कारण क्या था। वैसे सूत्रों का कहना है कि सीएमएस बजट के आवंटन का अधिकार अपने पास रखना चाहती थी।

किन स्वास्थ्य केंद्रों पर बनना है कोविड वार्ड सीएचसी रतनपुरा, कोपागंज, दोहरीघाट, फतेहपुर मंडाव, मुहममदाबाद गोहना और पीएचसी चोरपाकला, गोंठा, रैनी, गहनी, उमापुर, करहां, कल्याणपुर, मधुबन, रसूलपुर, सुग्गीचौरी, बगली पिजड़ा, भातकोल, अमिला।

सभी निर्धारित केंद्रों पर शासन के निर्देश पर कोविड वार्ड बनाए जाने है। विभाग की तरफ से प्रयास है कि सभी का निर्माण निर्धारित अवधि में कराया जाए, जो मरीजों के उपचार में सहायक हो सके।

- डा. नरेश अग्रवाल, सीएमओ

विश्व डाक दिवस पर विभाग ने निकाली प्रभातफेरी, किया लोगों को जागरूक

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : विश्व डाक दिवस के अवसर पर बलिया डाक मंडल के अधीक्षक डाकघर संजय त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी बलिया प्रधान डाकघर से प्रारंभ होकर टी डी कॉलेज चौराहा, कुंवर सिंह चौराहा, एनसीसी चौराहा, रेलवे स्टेशन आदि मार्गो से होते हुए पुनः प्रधान डाकघर बलिया के प्रांगण में समंप हुई।

प्रभातफेरी में बलिया मंडल के सैकड़ों डाक कर्मियों ने सहभागिता किया। पंडित दीन दयाल स्पर्श योजना के तहत छात्रवृत्ति परीक्षा 2022- 23 का आयोजन किया गया। भारतीय डाक विभाग द्वारा 09 से 13 अक्टूबर 2022 तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके क्रम प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जैसे 9 को विश्व डाक दिवस,10 को वित्तीय सशक्तिकरण दिवस,11 को फिलेटली दिवस,12 को मेल दिवस, एवं 13 को अंत्योदय दिवस है। इस अवसर पर डाक अधीक्षक संजय त्रिपाठी ने वर्तमान परिवेश में डाक विभाग एवं उसकी सेवाओं के महत्व

पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 1 से 31अक्टूबर तक डाक विभाग द्वारा स्टांप डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमे सीबीएसई समेत राज्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 8 से 12 तक के छात्र भाग ले सकते हैं। हमारे लिए गर्व का विषय है कि भारतीय डाक सेवा विश्व की सबसे बड़ी डाक सेवा है। इस अवसर पर डाक निरीक्षक अंगद यादव, रविंदर साह, पोस्टमास्टर अबुल कलाम, उदय नारायण यादव, अमरनाथ गिरी, गिरीश तिवारी, संतोष सिंह , उज्ज्वल,सागर , राकेश सिंह, सुधीर यादव, रविशंकर कुमार, समेत बलिया मंडल के सैकड़ों डाक कर्मचारी उपस्थित रहे।

भारी बारिश के बीच शानो शौकत के साथ निकाला गया जुलूसे मुहम्मदी

दैनिक समाज जागरण

सम्भल।सम्भल में ईद मीलादुन्नबी के मौके पर जुलूसे मुहम्मदी बड़ी शानो शौकत के साथ परंपरागत तरीके से निकाला गया। मुख्य जुलूस मरकजी मदरसा एहले सुन्नत अजमल उल उलूम मोहल्ला ठेर से सुबह 10 बजे शुरू हुआ।

ख़्वाजा मुहम्मद कलीम अशरफ सम्भली ने सम्भल में जुलूसे मुहम्मदी की तारीख बयान करते हुए कहा कि इस जुलूस का शुभारंभ मुफ़्ती ए हिन्द हजरत मुफ़्ती अजमल शाह साहब बानी मरकजी मदरसा एहले सुन्नत अजमल उल उलूम ने लगभग 100 वर्ष पहले किया था, उनका यह अहसान है, हम जो आज यह जुलूस निकाल रहे हैं, यह उन्हीं की देन है। उनके बाद उनके बेटे हजरत मुफ़्ती इख़्तिसासुद्दीन साहब अजमली जुलूस की कयादत फरमाते रहे। बीच में जुलूस किन्हीं कारणों से कुछ साल के लिए बन्द हो गया था, मुफ़्ती इख़्तिसासुद्दीन साहब ने जुलूस को फिर से शुरू करा कर सम्भल वालों पर एहसान किया। और अब उनके बाद उनके बेटे कारी तनजीम अशरफ अजमली की कयादत में जुलूसे मुहम्मदी पूरी शानो शौकत के साथ निकल रहा है।

कारी तनजीम अशरफ अजमली ने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोग इतनी बारिश होते हुए भी जुलूस में आए हैं यह अपने नबी से आपकी मुहब्बत है। जुलूस मरकजी मदरसा एहले सुन्नत अजमल उल उलूम से शुरू होकर खग्गू सराय, नियारियांन, पुलिया, रौजा, पैपटपुरा, पछय्यों से होता हुआ अजमल चौक, दीपा सराय में आकर खत्म हुआ तथा एक बड़े जलसे में परिवर्तित हो गया, जहाँ पर लोग पहले से ही भारी संख्या में मौजूद थे। जलसे में ईद मीलादुन्नबी के तअल्लुक से बयान किया गया, जिसमें मुफ़्ती आसिफ रजा बरकाती, ख़्वाजा कलीम अशरफ सम्भली, मुफ़्ती इकराम उल हक सकाफी ने सभा को सम्बोधित किया, मुफ़्ती आलम नूरी ने संचालन किया। अंत में सलातो सलाम हुआ और काइदे जुलूस कारी तनजीम अशरफ अजमली ने मुल्क एंव कौम के लिए दुआ करायी। इस मौके पर अजमल चौक, दीपा सराय में मुफ़्ती अजमल शाह साहब के मकान पर हुजूर सल्लल्लाहु अलैहिवसल्लम के मूए मुबारक एंव कदम मुबारक की ज्यारत का सिलसिला पूरा दिन चलता रहा। जुलूस की व्यवस्था बनाए रखने में कारी वसी अशरफ, फरीद एडवोकेट, सय्यद अब्दुल कदीर, हाजी जफीर एंव तकी अशरफ ने मुख्य भूमिका निभाई। सांसद डॉ० शफीकुर रहमान बर्क साहब ने अपने घर से बाहर आकर जुलूस का स्वागत किया तथा मुबारकबाद पेश की। जुलूस में मरकजी मदरसा एहले सुन्नत अजमल उल उलूम, मदरसा खलील उल उलूम

जुलूस निकालकर मुहम्मद साहब के पैदाइश पर खुशी का किया इजहार

प्रदीप शर्मा, संवाददाता दैनिक समाज जागरण

जमानियां (गाजीपुर)। मुहम्मद साहब के यौमे पैदाइश पर स्थानीय नगर में रविवार की सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने धूमधाम से जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाल कर खुशी का इजहार किया।

ईद ए मिलादुन्नबी यानी बारावफात पर जमानियां स्टेशन व कस्बा बाजार में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने धूमधाम से जुलूसे मुहम्मदी निकाल कर पूरे बाजार में भ्रमण किया। इस दौरान स्टेशन बाजार के गल्लामंडी स्थित जामा मस्जिद से जुलूस निकालकर सब्जीमंडी, बड़ेसर नहर मोड़ होते हुए बरूईन मोड़ तक भ्रमण कर मुहम्मद साहब के पैदाइश पर अपनी खुशी का इजहार किया। जिसमें मदरसे के बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस जुलूस में प्रमुख रूप से नई बाजार, तलाशपुर व बरूईन का जुलूस भी शामिल रहा। वहीं कस्बा बाजार के कुरैशी मुहल्ला स्थित मदरसे से जुलूस निकाला गया, जो पांडेय मोड़, ब्लाक तिराहा, हॉस्पिटल रोड, बलुआ घाट

रोड होते हुए पुनः मदरसे पर जा कर समाप्त हुआ। वहीं जुलूस के स्वागत में जगह जगह शरबत, बिस्किट मीठा आदि देकर जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया गया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मी तैनात रहे। बता दें कि ईद ए मिलादुन्नबी यानी बारावफात को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन उनकी याद में जुलूस निकाल कर खुशियां मनाई जाती है और रात्रि में अल्लाह की इबादत कर घरों व मस्जिदों में कुरान तथा पैगंबर मोहम्मद साहब के संदेशों को पढ़ा जाता है। उक्त मौके पर स्टेशन बाजार के जामा मस्जिद के इमाम हाफिज एनामुल हक रजा, कस्बा नगर के मौलाना तनवीर रजा, मौलाना जुल्फेकार, शमशेर नियाजी, मु. इमरान नियाजी, मु. एनाम नियाजी, मुहम्मद मुमताज, गुलाम साबीर, महमूद, हसनैन, आफताब आलम, लैस, मेराज, रोशन, सेराज, मैनुद्दीन आदि शामिल रहे।

सहजता, समरसता और सद्भावना की त्रिवेणी है दुर्गा पूजन

आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

- श्री दुर्गा पूजा समिति दुर्गा मंदिर बाल निकेतन का सम्मान समारोह तथा भंडारा व प्रसाद वितरण
- समिति की तरफ से कुल 51 लोगों को अंगवस्त्रम व और शील्ड देकर किया गया सम्मानित

मऊ : श्री दुर्गा पूजा समिति दुर्गा मंदिर बाल निकेतन का सम्मान समारोह तथा भंडारा व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रविवार को निजामुद्दीनपुरा स्थित श्याम मद्धेशिया के आवास पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित सदस्यों व गणमान्य 51 व्यक्तियों तथा समाजसेवियों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय मिश्रा ने कहा कि मां दुर्गा के पूजन से समग्र समाज में सहजता, समरसता तथा सद्भावना की त्रिवेणी बहती है। मां दुर्गा का पूजन अर्चन तथा सेवा करने में मनुष्य सदैव आनंद को प्राप्त करता है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष डा. रामगोपाल गुप्ता ने कहा कि दुर्गा पूजा समितियां भी एक नए समाज के भविष्य का निर्माण करती हैं। युवाओं के आपसी सामंजस्य का सुंदर लाभ इस

समितियों के माध्यम से समाज को प्राप्त होता है। आज उसी का परिणाम है कि पूरे जनपद में बाल निकेतन के श्री दुर्गा पूजा समिति ने अदम्य साहस एवं अकूत प्रयास करके निखार लाया है। व्यापार मंडल के जिला मीडिया प्रभारी आनंद गुप्ता ने कहा कि यह सम्मान समिति की सदस्यों के मनोबल को बढ़ाने तथा अगले वर्ष इससे भी सर्वोत्तम कार्य करने के लिए प्रेरणा हेतु दिया जा रहा है। निश्चित रूप से यह समिति अगले आनेवाले भविष्य में बहुत ही सुंदर युवाओं की टीम को तैयार कर समाज में एक आदर्श पैदा करेगी। इस अवसर पर अंजनी पांडे, सुनील राय, हरीश चंद्र मद्धेशिया, अजय कुमार गुप्ता, संतोष गुप्ता, सत्यप्रकाश मद्धेशिया, शिवम कुमार तथा मनजीत चौहान एवं शुभम मद्धेशिया के अतिरिक्त छोटू सिंह एवं अमन शर्मा आदि ने सभी आगंतुकों का स्वागत और अभिनंदन अंगवस्त्रम देकर किया।

रतसर में धुम धाम से मना ईद मिलादुन्नबी

जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण

रतसर (बलिया) : स्थानीय नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को मजहबे इस्लाम के पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब का जश्ने पैदाइस बड़े ही शान व शौकत के साथ मनाया गया। बारह रवि उल अव्वल (बारावफात) के दिन जुलूसे मुहम्मदी पूरे जोर शोर के साथ जामा मस्जिद से निकला।

इस दौरान बड़े-बुजूर्ग व बच्चे हाथों में झंडा और चाँद-तारा लिए चल रहे थे। साथ ही साथ नारे तकविर ,अल्लाहो अकबर की सदा गूँजती रही ,पैदा हुए पैदा हुए खैरुल वरा पैदा हुए, ये कलाम जलाल अहमद व शमशेर खान ने ये कलाम पढ कर सब का दिल जीत लिया।जुलूस में समुदाय के हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती सलीमुद्दीन ने अपने तकरीर में बताया कि मुहम्मद साहब के सभी उपदेशों में हमेशा इन्सानियत और भाई चारे के साथ-साथ अपने पड़ोसियों और अन्य लोगों को तकलीफ न पहुंचे। यही मजहबे इस्लाम दरस देता है। कभी भी आतंकवाद या संप्रदायवाद के खिलाफ रहा है। हजरत मुहम्मद साहब ने पूरी जिंदगी इंसानियत और नेकी में ही लगा दी। अगर इनकी दी हुई शिक्षा पर कोई भी इंसान चले तो उसे कभी किसी चीज

की कमी महसूस नही होगी। जुलूसे मुहम्मदी जामा मस्जिद से होते हुए सदर बाजार,गांधी आश्रम,चौक होते हुए शाह के तकिया,मछली बाजार,पूरब मुहल्ला भ्रमण करते हुए पुनः जामा मस्जिद पर पहुंची। इस दौरान जामा मस्जिद के कारी मंसूर अहमद,सदर शाहिद हुसैन, मुहम्मद इकबाल ,हैदर अंसारी,शेख मोहम्मद फैजी,परवेज अंसारी,फैजान अहमद,रफत राजू, जैनुल आवेदन,सोनू अहमद,मेराज अहमद,मुहम्मद शाहिद,अलाउद्दीन राईन, कलाम अंसारी,सहित थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह,चौकी प्रभारी गिरिजेश सिंह अपने हमराही के संग मौजूद रहे।

चादर चढ़ाकर मुलायम सिंह यादव की स्वास्थ्य लाभ की मांगी दुआ

ऋचा वर्मा, आशु खरवार दैनिक समाज जागरण

रसडा. (बलिया) : लंबे समय से बीमार चल रहे सपा संरक्षक व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के समर्थकों द्वारा जगह जगह ,भिन्न भिन्न प्रकारों से स्वास्थ्य लाभ की कामना की जा रही है। नगर स्थित रोशन शाह मजार पर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने चादर चढ़ाकर सपा संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के स्वास्थ्य लाभ की दुआ मांगी।

सपा नेता बदरुद्दूजा जाफरी उर्फ बबलू अंसारी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य बीरबल राम के नेतृत्व में सपा

कार्यकताओं ने चादर चढ़ाकर दुआ कर मांग किया कि सपा संरक्षक हम सब के अभिभावक जल्द स्वस्थ होकर हम लोगों के बीच आए। सपा संरक्षक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवम पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव गुड़गांव के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती हैं। जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

इस मौके पर किसान नेता राघवेंद्र कुमार, शाहिद कुरैशी, गुरू दयाल, गुलजार अहमद, एखलाक कुरैशी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वन विभाग की मिलीभगत से ग्राम समाज की भूमि से हरे पेड़ कटवाने का आरोप।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह रजपुरा

थाना रजपुरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव सिगदलनपुर निवासी रनवीर पुत्र हरी सिंह ने गुन्नौर उप जिला अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि गांव के ही राजेश पुत्र धर्म सिंह द्वारा ग्राम समाज की भूमि से वन विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर नीम के दर्जनों हरे पेड़ लकड़ी ठेकेदार को कटवाए जा रहे हैं। ग्रामीण ने गुन्नौर उप जिला अधिकारी संजीव वर्मा को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं शिकायतकर्ता का आरोप है की वन विभाग के

अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता पर ही मुकदमा लिखवाने की धमकी दी गई है।

ट्रेन से गिर कर युवक की हुई मौत

प्रदीप शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण

जमानियां (गाजीपुर)। रेलवे के ग्रुप डी की परीक्षा देकर घर लौट रहे एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची दिलदारनगर जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जीआरपी चौकी प्रभारी शिव सागर ने बताया कि शनिवार की सुबह दिलदारनगर रेलवे स्टेशन द्वारा मेमो के जरिये सूचना दी गयी कि स्टेशन के पूरब तरफ

डाउन लाइन किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पाकर मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया गया। युवक का सिर धड़ से अलग थ और बायां पैर कटने के साथ ही शरीर पर कई जगह कटे का निशाना था, चेहरा पहचान में नहीं आ रहा था। युवक के पॉकेट से मिले आधार कार्ड व एडमिट कार्ड से शव की पहचान रेवतीपुर थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर निवासी रामलखन कुशवाहा के रूप में हुई। जिसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी गयी। सूचना पर पहुंची पत्नी बबीता व माता जानकी देवी शव को देखते ही रोने बिलखने लगी। मृतक के बड़े भाई शत्रुध्न कुशवाहा ने बताया कि छोटे भाई दो दिन पहले कानपुर में रेलवे के ग्रुप डी की परीक्षा देने गया था, वहीं से परीक्षा देकर लौट रहा था और अज्ञात ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई

अधेड़ ने उस्तरे से गला रेत कर हत्या का किया प्रयास

प्रदीप शर्मा संवाददाता दैनिक समाज जागरण

जमानियां (गाजीपुर)। सुहवल थाना क्षेत्र के ढढ़नी गांव स्थित ग्रामीण बैंक के पास रविवार की सुबह एक अधेड़ ने हत्या की नीयत से 27 वर्षीय एक युवक का गला रेत दिया। खून से लथपथ युवक को जिला अस्पताल पहुँचाया गया। जहाँ उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के मुताबिक ढढ़नी रणवीर राय निवासी युवक अजय राय ढढ़नी चट्टी स्थित एक चाय की दुकान पर बैठा था, तभी एक अधेड़ व्यक्ति ने उस्तरा से उसका गला रेत दिया। जिससे अजय लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। यह देख वहां हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे जिला अस्पताल पहुँचाया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी। इस संबंध में सुहवल थाना प्रभारी तारावती यादव ने बताया कि पीड़ित की माँ रेखा राय की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

सुरहां गांव जाने वाले मार्ग की पुलिया का एप्रोच धसा

शैलेंद्र कुमार चौधरी दैनिक समाज जागरण

सेवराई। स्थानीय तहसील क्षेत्र के दिलदारनगर देवल मुख्य मार्ग से निकल सुरहा लिंक मार्ग जगह-जगह खराब होने की वजह से लोगों को आने जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है वहीं सुरह गांव के पास नाले पर बने पुलिया के दोनों तरफ अप्रोच की मिट्टी धस जाने की वजह से इस गांव में आने वाले लोगों को काफी

परेशानी उठानी पड़ेगी वहीं मार्ग जगह-जगह धस जाने की वजह से बड़े वाहनों को दुर्घटना होने की आशंका हो सकती है।

गाजीपुर का अंतिम छोर का गांव कर्मनाशा नदी के तीनों तरफ से घिरा हुआ गांव में जाने के लिए यही एकमात्र मार्ग है लेकिन सुरहा गांव के पास नाले पर बनाई गई पुलिया के दोनों तरफ की मिट्टी धंसी हुई है एवं मार्ग के दोनों तरफ मार्ग जगह-जगह टूटा हुआ है एवं जिसस इस पर बड़ी वाहन लाने में दुर्घटना हो सकता है क्योंकि रोड के दोनों तरफ जंगली बबूल के पेड़ लगे हुए हैं अनजान ड्राइवर अगर गाड़ी पर ध्यान नहीं दिया तो सीधे रोड के खाइ में जाकर गिर सकता है वहीं अगर कर्मनाशा नदी में तेज बाढ़ आई थी इस बाढ़ की चपेट में पुल के दोनों तरफ का एप्रोच की मिट्टी बह सकती है।

ग्रह कलेश के चलते युवक ने घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह जुनावई थाना जुनावई क्षेत्र के अंतर्गत गांव सिकरौरा खादर निवासी युवक सत्यपाल पुत्र मदनलाल उम्र लगभग 23 वर्ष ने ग्रह कलेश के चलते शनिवार शाम को घर के ही अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक ने जब फांसी का फंदा लगाया तो मृतक की पत्नी मां पिताजी घर पर कोई नहीं था काफी तलाश करने के बाद शनिवार की रात्रि में युवक को फंदे पर झूलता हुआ शव देखा गया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया रविवार को बगैर पुलिस कार्रवाई किए परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया।

भारी बरसात के चलते डीएम के आदेश पर ग्रामीण क्षेत्रों में दिनभर दौड़ते रहे अधिकारी।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

गुन्नौर तहसील क्षेत्र में 3 दिन से लगातार हो रही भारी बरसात के चलते जनपद संभल के जिला अधिकारी मनीष बंसल ने गुन्नौर एसडीएम तहसीलदार एवं लेखपाल कानूनगो को ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमणशील रहने के आदेश दिए थे। जिला अधिकारी का आदेश मिलते ही गुन्नौर के नवागत उप जिला अधिकारी संजीव

वर्मा तहसीलदार दीपक कुमार चौहान गुन्नौर क्षेत्र के विभिन्न गांव में दौड़ते हुए नजर आए। गुनौर तहसील क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक एवं हल्का लेखपाल भी संपर्क सूत्र बनाकर गांव गांव से पल-पल की खबर लेते रहे। वहीं फोन द्वारा जानकारी लेने पर गुन्नौर के नवागत उप जिला अधिकारी संजीव वर्मा ने बताया की 3 दिन से हो रही लगातार बारिश से क्षेत्र मैं कहीं भी जनहानि एवं पशु हानि होने की सूचना अभी तक नहीं मिली है। थाना कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के गांव सिरोरा काजी मैं चंद्रपाल एवं गंगावास मैं विजेंद्र सिंह के पशुशाला की दीवार गिरने की सूचना मिली है। वहीं थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव चमरपुरा मैं भी पशु साला की दीवार गिरने की सूचना है। गुन्नौर तहसील क्षेत्र में किसी तरह की जनहानि एवं पशु हानि होने की सूचना अभी तक नहीं मिली है।

राजघाट शरद पूर्णिमा पर हजारो श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी।

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गंगा घाट राजघाट पर शरद पूर्णिमा के अवसर पर 3 दिन से लगातार हो रही भारी वर्षा के बावजूद भी गंगा स्नान के लिए अपने अपने निजी वाहन व ट्रैक्टर ई रिक्शा टेंपो मोटरसाइकिल से पहुंचकर बरसात से हो रही ठिठुरने पर भी हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और गंगा मां मैं दूध फल फूल चढ़ाकर परिवार के लिए शांति बनाए रखने की गंगा मां से मन्नत मांगी । श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए खाकी भी भीगती हुई नजर आई। बबराला चौकी प्रभारी कालेंद्र सिंह भी पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था हेतु गंगा घाट पर डटे रहे।

16 नवंबर से 6 दिसंबर 2022 तक अयोध्या में होगा अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन।

अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह कंप्यूटराइज्ड, दलाल के झांसे में ना आएं अभ्यर्थी.....कर्नल।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अग्निवीर भर्ती के लिए किसी दलाल के झांसे में ना आये, भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह कम्प्यूटराइज्ड तथा फूलप्रूफ है। उक्त जानकारी कर्नल जे.एस. स्वाने, निदेशक सैनिक भर्ती ने दी है। उन्होने बताया है कि अभ्यर्थी अपने सभी अभिलेख भर्ती रैली में लेकर आयेंगे। उल्लेखनीय है कि भर्ती रैली 16 नवम्बर से 06 दिसम्बर तक अयोध्या में सम्पन्न होंगी। उन्होने बताया कि भर्ती रैली में मूल ई आईडी स्लिप लाना अनिवार्य है। इसके बिना उन्हें रैली में प्रवेश नही दिया जायेंगे। रैली में मोबाइल का प्रयोग मना है। अभ्यर्थी आधार से लिंक किया हुआ मोबाइल लेकर आयेंगे लेकिन उसे स्वीच आफ रखेंगे। जॉच के दौरान अभिलेखों में त्रुटि पाए जाने या जन्मतिथि से छेड़छाड़ करने पर अभ्यर्थी को निकाल दिया जायेगा। उन्होने बताया कि सभी अभ्यर्थी कोविड-19 डबल वैक्शीनेशन प्रमाण पत्र लेकर आयेंगे। सभी अभ्यर्थियों को अयोध्या में डोगरा रेजीमेंटल सेंटर में स्थित रैली ग्राउण्ड में नाकापोस्ट गेट से प्रवेश दिया जायेगा। आठवी पास अभ्यर्थी आठवी पास का मार्कशीट तथा टीसी जिला शिक्षा अधिकारी से काउण्टरसाइन कराकर लायेंगे।

महर्षि वाल्मीकि ने बताया भक्ति और ज्ञान का मार्ग -चन्द्रमा देवी अमेठी

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

नगर पंचायत अमेठी की अध्यक्ष चंद्रमा देवी ने कहा कि सनातन धर्म परंपरा की भक्ति और ज्ञान मार्गी दोनों ही शाखाओं के महान ऋषियों में महर्षि वाल्मीकि का नाम आदर से लिया जाता है। उन्हें वैष्णव संप्रदाय में विष्णु भगवान का प्रिय कहा गया है उन्हें ही श्रीराम नाम को पूरी दुनिया में पहुंचाने का श्रेय जाता है। उन्होंने भक्ति और ज्ञान का मार्ग बताया।

नगर पंचायत अमेठी में महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष महोदया ने सर्वप्रथम आदिकवि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात नगर पंचायत अमेठी को हॉल में जारी स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि निकाय की मूलभूत आवश्यकताओं में सफाई का कार्य सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। और उससे सम्पादित करने वाले सबसे महान व्यक्ति हैं। उक्त कार्यक्रम के बाद चन्द्रमा देवी देवीपाटन मंदिर पर नगर पंचायत अमेठी द्वारा आयोजित रामचरित मानस पाठ में पूजा पाठ की। उन्होने बताया कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित महाकाव्य में प्रभु श्री राम एक आदर्श पुरुष थे उनके चरित्र को हर आदमी को अपने जीवन में उतारना चाहिए इस दौरान विपुल तिवारी घनश्याम शुक्ला सभासद प्रतिनिधि डॉ कमरुल ठेकेदार चित्रांशु सहित नगर पंचायत अमेठी के समस्त कर्मचारी एव सभासद उपस्थित रहे।

वरिष्ठ समाजसेवी व चेयरमैन पद के उम्मीदवार इंजीनियर मुअज्जम ने मॉडर्न डिजाइन एंड कंस्ट्रक्शन कार्यालय का फीता काटकर किया शुभारंभ

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद वरिष्ठ समाजसेवी व चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार इंजीनियर

मुअज्जम ने मॉडर्न डिजाइन एंड कंस्ट्रक्शन कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया इंजीनियर मुअज्जम ने इंजीनियर शाहनवाज व इंजीनियर मेहताब को बधाई और शुभकामनाएं दी इंजीनियर मुअज्जम ने कहा कि आपने मुझे उद्घाटन के लिए बुलाकर जो मान सम्मान दिया है उसका मैं आभार व्यक्त करता हूं और तहे दिल से आप सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं उन्होंने कहा कि मॉडर्न डिजाइन एंड कंस्ट्रक्शन कार्यालय खुलने से नगर वासियों को लाभ पहुंचेगा और मैं निवेदन करता हूं कि अपना कार्य ईमानदारी और लगन के साथ करें और संबंध मजबूत बना कर चले इस अवसर पर मोहिन शारिक नसीम हाशिम फराज समरजीत आदि मौजूद रहे

पैगम्बर साहब के जन्म दिवस पर जशने जुलूस निकाला गया

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद - पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर पूरा शहर जश्न के महौल में डूबा है। शहर के सभी मुस्लिम बाहुल इलाकों में बारावफात का जूलूस निकाला गया। सुबह कमालपुर पंचायत के मीरापुर से निकाले गए जुलूस में इस्लामिक झंडों को लहराते बच्चे, बूचे और जवान मदहे सहाबा पढ़ते हुए चल रहे थे। जुलूस ए मोहम्मदी कोरोना काल के बाद दो वर्षो के बाद पूरी शानो शौकत के साथ निकला गया।

सैदपुर मीरा शुरू हुआ ।सुबह साढ़े सात बजे जुलूस-ए-मोहम्मद निकला। सैदपुर मीरा से शुरू होकर कमालपुर पहुंच कर सभा में परिवर्तित हुआ। इसके बाद तकरीर और दुआ हुई। नूरी मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद मिन्नजार

मौलाना गुलाम अहमद मौलाना गुलाम मुतुर्जा मोलाना गुलाम मुस्तफा ने तकरीर में पैगंबर साहब के जीवन के बारे में बताया गया और उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने की बात कही गई। इसके अलावा देश और दुनिया में अमन और शांति के लिए दुआ की गई। जुलूसए मोहम्मदी में मौजूद शमीम अहमद, उर्फ बादशाह ,जाकिर अहमद, इब्राहिम, मोहम्मद इस्माइल ,रिजवान अहमद, अब्दुल कादिर ,जाबिर, अहमद, शादाब रजा, नूर हसन, जुबेर, डॉ नजाकत, इरशाद अहमद, इकबाल अहमद, महबूब अहमद, सत्तार ,अशरफ अली, जब्बार अहमद, बन्देहसन, जफर अली, मुनीर अहमद ,फुरकान अहमद, इकबाल अहमद ,अफजाल अहमद ,पूर्व प्रधान आफताब आलम अंसारी, डॉक्टर नूर मोहम्मद शहजाद मलिक, फाजिल रजा, डॉ नजाकत सैदपुर मीरा से मोबीन अहमद, शमशीर अहमद, फारूक अहमद, शाहिद मिस्त्री, मुस्तकीम अहमद, अतीक अहमद, बाबू शेख, अतीक सेख, आबिद सलमानी, आदि लोगों ने जुलूस ए मोहम्मदी में शिरकत कर सरकार की आमद मरहबा सरकार की आमद मरहबा के नारे गूंजे

ईद-ए - मिलादुनब्बी का जुलूस अज्जिमुशान तरीके से निकाला गया। जुलूस अपनी पुरानी शान ओ शौकत के साथ उर्दू माह की 12 तारीख को, जिसमे बच्चों के साथ बुजुर्ग भी शामिल थे और सरकार की आमद मरहबा के नारे लगा रहे थे। जुलूस के रास्ते में भव्य सजावट की गयी थी। जुलूस अल सुबह कमालपुर होते हुए नजीबाबाद पहुंचकर नजीब उद दौला पर पहुंचकर समाप्त हुआ।

दुर्गा पूजा महोत्सव शबाब पर- देवी के स्वरूपों के दर्शन को उमड़ी भीड़

शिव शक्ति मित्र मंडल में दुर्गा पूजा पंडाल पर आरती कर मनौती मांगी

समाज जागरणअभिषेक तिवारी

अमेठी जनपद के क्षेत्र में बन्दोइया दुर्गा पूजा महोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी बरसात के बावजूद भक्तों की आस्था बरसात पर पड़ी भारी क्षेत्र के नगर एवं ग्रामीण अंचलों में विभिन्न दुगार्पूजा पंडालों में उमड़े श्रद्धालुओं ने माता रानी के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन व विधि विधान से पूजा अर्चना आरती कर मन्नते मांगी। कस्बा स्थित बन्दोइया पर शिव शक्ति पूजा पंडाल पर ग्रामीणों में मातारानी का दर्शन व विधि विधान से पूजा अर्चना आरती कर मनौती मांगी इसी क्रम में महेश तिवारी अविनाश तिवारी आयुष तिवारी अनिल तिवारी उत्कर्ष तिवारी दुर्गेश राकेश अंश राम ओम मोहन मिश्र सहित समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया वहीं

कस्बे के मां शिव शक्ति दुर्गा पूजा पंडाल सहित कस्बे में लगे दर्जनों मां दुर्गा पूजा के पंडालों पर उमड़ी भीड़ बरसात के बावजूद भी भक्तों की आस्था भारी पड़ी वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र के बन्दोइया गांव में लगे मां दुर्गा पूजा पंडाल पर माता रानी की पूजा अर्चना आरती की इस दौरान दुर्गा पूजा समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया वही लगा मां दुर्गा पूजा पंडाल पर समिति के संयोजक महेश त्रिपाठी ने माता रानी की विधान से पूजा अर्चना कर आरती की एवं समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

जिला मजिस्ट्रेट ने आतिशबाजी बनाने व बेचने वाले 19 लाइसेंसियों का विस्फोटक अधिनियम के नियमों का पालन ना करने पर नोटिस देकर लाइसेंस किया निलंबित।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी जिला मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मिश्र ने जनपद में आतिशबाजी बनाने व बेचने वाले 19 लाइसेंसियों का विस्फोटक अधिनियम के नियमों का पालन ना करने पर नोटिस देकर उनके लाइसेंस को निलंबित कर दिया है। उन्होंने बताया कि आतिशबाजी बनाने व बेचने वाले लाइसेंस धारकों का संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस क्षेत्राधिकारी से संयुक्त रूप से जांच कराई गई, जांच के दौरान संबंधित लाइसेंस धारकों द्वारा विस्फोटक अधिनियम के नियमों का पालन करते नहीं पाया गया। जिसके क्रम में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उप जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी की जांच आख्या से संतुष्ट होकर विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा-6 (ड़) व सपठित विस्फोटक नियम 2008 के नियम 118 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनपद के 19 आतिशबाजी बनाने व बेचने वाले लाइसेंसियों को नोटिस देकर उनके लाइसेंस को निलंबित कर दिया है, साथ ही उन्होंने संबंधित लाइसेंसियों को 12 अक्टूबर 2022 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में उपस्थित होकर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं इस अवधि में यदि संबंधित लाइसेंस धारक द्वारा अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उनके लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट ने जिन 19 लाइसेंसियों को नोटिस जारी किया है उनमें बकार अहमद पुत्र मोहम्मद हबीबुल्लाह निवासी ग्राम शेखाना थाना जायस, निसार अहमद पुत्र शेर अली निवासी ग्राम उड़वा थाना जायस, मोहम्मद नफीस पुत्र मोहम्मद रफी निवासी ग्राम अजीम का पुरवा थाना जायस, अल्ला भेजू पुत्र रमजान निवासी ग्राम लालगंज बारकोट थाना मोहनगंज, साजिदा बानो पत्नी चांद मोहम्मद निवासिनी ग्राम पेण्डारा थाना शिवरतनगंज, दालम पुत्र उमर खां निवासी ग्राम शाहमऊ थाना मोहनगंज, मो. शमीम पुत्र बफाती निवासी ग्राम तिलोई थाना शिवरतनगंज, नन्हे पुत्र लाल मोहम्मद निवासी ग्राम पैंगा थाना गौरीगंज, सलाम पुत्र मोहम्मद यूसुफ निवासी ग्राम बरौलिया थाना जामों, कलाम पुत्र मोहम्मद यूसुफ निवासी ग्राम बरौलिया थाना जामों, जाहिद पुत्र मोहम्मद सुबराती निवासी ग्राम बरौलिया थाना जामों, जाबिर अली पुत्र मोहम्मद यूनुस निवासी ग्राम बरौलिया थाना जामों, अब्दुल लतीफ पुत्र जुम्मन निवासी ग्राम राजगढ़ थाना गौरीगंज, चांद बाबू पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी ग्राम राजगढ़ थाना गौरीगंज, मो. अख्तर पुत्र स्वर्गीय रमजान निवासी ग्राम कस्थूरी पश्चिम थाना मुसाफिरखाना, यार मोहम्मद पुत्र मजीद निवासी ग्राम जौदिलमऊ थाना बाजार शुकुल, गुलाम कादिर पुत्र ननकू निवासी ग्राम हारीमऊ थाना जगदीशपुर, मोहम्मद इस्माइल पुत्र इब्राहिम निवासी ग्राम पालपुर थाना जगदीशपुर, जहीर अहमद पुत्र मोहम्मद मजीद निवासी कस्बा व थाना बाजार शुकुल को नोटिस जारी कर उनके लाइसेंस निलंबित किया है।

ट्रैक्टर में ट्राली लगाकर तथा मालवाहक वाहनों सवारी बैठाकर चलने से रोकथाम हेतु चेकिंग व जागरूकता अभियान के साथ रात्रि में दृश्यता के अभाव में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों में निःशुल्क रिट्रो रिफ्लेक्टर लगवाये गये ।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी में पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल नेतृत्व में आज यातायात पुलिस व थानों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ट्रैक्टर में ट्राली लगाकर तथा मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाकर चलने से रोकथाम हेतु चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें उक्त वाहनों में बैठे यात्रियों को उतरवा कर उन्हें दूसरे परिवहन के साधनों से उनके गंतव्य को भिजवाया गया एवं उक्त वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उनके चालकों को भविष्य में ऐसा न करने हेतु हिदायत दी गयी

साथ ही रात्रि में दृश्यता के अभाव में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों में निःशुल्क रिट्रो रिफ्लेक्टर लगवाये गए । दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पाट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । मोटरसाइकिल एवं चार पहिया वाहनों के विरूद्ध भी चेकिंग अभियान चलाया गया । इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 137 वाहनों का चालान करते हुए 1,65,000/- रुपए जुमार्ना योजित किया गया ।

पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा जनपद के थानों/क्षेत्राधिकारी कार्यालय/पुलिस कार्यालय में IGRS में नियुक्त अधि0/कर्म0 गण के साथ की गयी मीटिंग तथा माह सितम्बर 2022 में IGRS में सराहनीय कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

आज पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा IGRS में नियुक्त अधि0/कर्म0गण के साथ मीटिंग की गई । IGRS पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निर्धारित समयावधि में निस्तारण कर शिकायतकर्ता का फीडबैक लेकर गुणवत्तापूर्ण जांच आख्या लगाने हेतु, पुलिसिंग संबन्धी कार्यवाहियों में वैज्ञानिक प्रविधियों तथा तकनीक के प्रयोग को यथा संभव बढ़ावा देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा मीटिंग में उपस्थित समस्त अधि0/कर्म0गण को ड्यूटी के प्रति ईमानदारी, सतर्कता, कार्य में पारदर्शिता, समय से सभी कार्यों के निस्तारण आदि के संबंध में आवश्यक आदेश-निर्देश दिये गये । तदोपरान्त जनपद अमेठी में आई0जी0आर0एस0 व सीएम

हेल्पलाइन 1076 पोर्टल के माध्यम से प्राप्त समस्त शिकायती प्रार्थना पत्रों में थाना मुसाफिरखाना द्वारा आवेदक से शत-प्रतिशत फीडबैक लेते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयावधि में निस्तारण किया गया है । जिसके संबंध में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए माह-सितम्बर, 2022 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में जनपद अमेठी के थाना मुसाफिरखाना को उत्तर प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है । उक्त सराहनीय कार्य के लिए प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना व महिला आरक्षी रूबी यादव को उत्साह वर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

रा.से.यो.का एक दिवसीय विशेष शिविर एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम संम्पन्न

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

अमोरा। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से सबंद्ध शा उ मा शाला अमोरा की रा से यो इकाई का एक दिवसीय विशेष शिविर तथा अभिमुखीकरण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर सुशील एक्का ० जिला संगठन आयुक्त व प्राचार्य शा नवीन महाविद्यालय नवागढ़ के निर्देशन में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में रा कु सिंह उ मा शाला के कार्यक्रम अधिकारी श्री राजेन्द्र पांडेय महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वर्षा यादव आशीष मिश्र प्रभारी प्राचार्य अमोरा के आतिथ्य में संम्पन्न हुआ। प्रभारी प्राचार्य आशीष मिश्र ने रा से यो का इतिहास,कार्यक्रम के उद्देश्य,रा

से यो प्रमाण पत्रों के लाभ व्यक्तित्व विकास में रा से यो की भूमिका पर प्रकाश डाला।श्री राजेन्द्र पांडेय ने समाज सेवा में रा से यो की भूमिका,आपदा के अवसर पर स्वयं सेवकों की भूमिका,रा से यो खेल एवं प्रेरणा गीतों से स्वयं सेवकों को उत्साहित किया।श्रीमती वर्ष यादव ने रा से यो कार्यो,डिजिटल मीडिया के उपयोग एवं डिजिटल माध्यमो का शिक्षा में योगदान पर प्रकाश डालते हुए नैतिक और व्यवहारिक शिक्षा पर बल दिया।

कार्यक्रम अधिकारी संजय यादव ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका तथा विद्यार्थी जीवन मे अध्यन्ननेत्तर गतिविधियों के लाभ पर ज्ञानवर्धक उद्बोधन दिया तथा कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त किया। बौद्धिक सत्र के पश्चात स्वयं सेवकों ने विद्यालय परिसर पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए नवीन परिसर को स्वच्छ बनाने और गड्ढों को पाट कर रास्ते का निर्माण किया।

पूर्व मंत्री संजय सिंह समेत 23 के शस्त्र लाइसेंस निरस्त : अमेठी डीएम ने 2 से अधिक शस्त्र रखने वाले पर की कार्रवाई सरेंडर न करने पर हुई कार्रवाई

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी जिला प्रशासन ने 2 से अधिक शस्त्र लाइसेंस धारकों के खिलाफ बडी कार्रवाई करते हुए 23 लोगों का लाइसेंस निरस्त कर दिया है । प्रशासन की इस कार्रवाई की जल्द में पूर्व केंदीय मंत्री और अमेठी के राजा संजय सिंह भी आए है । इनके अतिरिक्त जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी , नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमा देवी, के शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त हुए है।

आपको बता दें कि जिला मजिस्ट्रेट राकेश कुमार मिश्रा ने 2 से अधिक शस्त्र लाइसेंस रखने वाले जनपद के 23 लाइसेंस के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए है । जिसमें पूर्व मंत्री और जिला पंचायत अध्यक्ष ब्लाक प्रमुख नगर पंचायत अध्यक्ष सहित 23 लोगों का लाइसेंस निरस्त किया गया है।

इन लोगों के लिए गए शस्त्र लाइसेंस निरस्त

वहीं इस मामले पर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि जनपद में 2 से अधिक शस्त्र लाइसेंस रखने वाले लाइसेसियों धारियों का शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया गया है। जिसमें पूर्व मंत्री डां संजय सिंह पुत्र राजा राणजंय सिंह निवासी जंगल रामनगर थाना अमेठी पूर्व ब्लाक प्रमुख घनश्याम चौरसिया पुत्र के दारनाथ चौरसिया ताला थाना अमेठी , नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी पत्नी राजेश अग्रहरी वार्ड 7 रायपुर फुलवारी थाना अमेठी , जिला पंचायत राजेश अग्रहरी पुत्र राघम राम अग्रहरी निवासी रायपुर फुलवारी थाना अमेठी ऐसे लोगों का चिन्हित करके इन लोगों को लाइसेंस निरस्त किया गया है यह कार्रवाई शासन के निदेर्शानुसार इन लोगों का लाइसेंस निरस्त किया गया है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमित किसान फसल की क्षतिपूर्ति भुगतान के लिये निर्धारित समयावधि में बीमा कम्पनी को प्रस्तुत करें दावा।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी शासन के निदेर्शानुसार जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय ने अवगत कराया है कि जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों को ग्राम पंचायत स्तर पर बीमित करते हुए संचालित कराया जा रहा है, इस योजना के अन्तर्गत खरीफ में धान फसल आच्छादित है। उन्होंने बताया कि योजना के प्राविधानों के अनुसार फसल की मध्य अवस्था में सूखा, बाढ़, ओला, भूस्खलन, चक्रवात, जलभराव से खड़ी फसल की उपज में ग्राम पंचायत स्तर पर 50 प्रतिशत से अधिक क्षति की स्थिति में प्रभावित क्षेत्र में सर्वेक्षण कराकर बीमित कृषकों को बीमा कम्पनी द्वारा तत्कालिक सहायता के रूप में बीमित राशि के 25 प्रतिशत तक क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि ओलावृष्टि, जलभराव, भूस्खलन, आकाशीय बिजली से उत्पन्न आग से फसल की क्षति की स्थिति में बीमित कृषकों को घटना के 72 घंटे के अन्दर घटना की सूचना एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी लि0 के टोल फ्री नम्बर 1800-889-6868 अथवा सम्बन्धित बैंक शाखा, जनपद के कृषि, राजस्व विभाग के किसी भी स्तर के अधिकारी, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य के माध्यम से व्यक्तिगत दावा बीमा कम्पनी को प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि दावा प्राप्त होने के उपरान्त बीमा कम्पनी द्वारा जनपद स्तर पर कृषि, राजस्व एवं बीमा कम्पनी के अधिकारियों के संयुक्त समिति द्वारा आपदा प्रभावित क्षेत्र में संयुक्त सर्वेक्षण किया जाता है तथा स्थानीय आपदाओं से फसलों को क्षति की स्थितियों में धान फसल में जल भराव सम्मिलित नहीं है, संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर फसल की क्षति का आंकलन कर बीमा कम्पनी द्वारा कृषकों को देय क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिन ग्राम पंचायतों में विगत दिवस में हुई अतिवृष्टि व आंधी के कारण धान फसल में उत्पादन में 50 प्रतिशत की कमी की संभावना हो वहां के बीमित कृषक उसकी सूचना योजना के प्राविधानों के अनुसार बीमा कम्पनी को निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, इसके अतिरिक्त किसान कृषि विभाग के कार्मिकों व राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर सूचना दे सकते है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी के लिए प्रभाकर श्रीवास्तव (जिला प्रतिनिधि, एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी लि0) के दूरभाष नम्बर 9415049888, तहसील प्रतिनिधि प्रवेश पाण्डेय (तहसील अमेठी) 8382841296, प्रभास यादव (तहसील गौरीगंज) 8303429685, राज कुमार (तहसील मुसाफिरखाना) 8181951366, शिव भान (तहसील तिलोई) 9984392395 से सम्पर्क कर सकते है।

जश्नें ईद मिलादुन्नबी से शानो शौकत के साथ नगर में निकाला गया इस अवसर पर प्रातः काल

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी में जुलूसए मोहम्मदी जामा मस्जिद होते हुए भनौली के पूरे बस्ती होते हुए पूरे मलिक जाकर कस्बे के इसौली रोड के पास पहुंचा जहां पर सुन्नी सिपाही हुसैनी के तत्वाधान में आयोजित जलसे को संबोधित करते हुए मौलाना नूरुल हसन नूरी प्राचार्य जामिया गौसिया तेगिया रसूलाबाद में कहा कि पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहो अलेही वसल्लम का इस दुनिया में अमन व शान्ति के पैगाम को आम किया और लोगों के साथ मिलकर रहने और हर तरीके के जोर जुल्म फसाद को भयानक जुल्म करार दिया पैगंबर ए रसूल ने इस्लाम में तमाम इंसानों के साथ रहमो करम हमदर्दी इंसाफ की तालीम दीजलसे को मौलाना उमर कादरी साहिब ने संबोधित करते हुए कहा कि पैगंबर ए इस्लाम को मानने वाले हर मुसलमान को ईमान पर

रहकर दीन ईमान नमाज रोजा वह सच्चाई के रास्ते पर चलने की हिदायत दी वही वाह सुन्नी जामा मस्जिद के मौलाना महमूद आलम कादरी ने पैगंबर ए रसूल जीवन पर प्रकाश डालाअंजुमन सुन्नी सिपाही हुसैनी के तरफ से प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह को साल भेंट कर सम्मानित किया इस अवसर पर कोतवाल अमर सिंह ने पैगंबर ए रसूल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पैगंबर ए रसूल पर रास्ते में एक बूढ़ी महिला कूड़ा फेंका करती थी लेकिन हमारे नबी ने कभी कुछ नहीं कहा जब बूढ़ी औरत बीमार हो गई तो उसके घर पैगंबर ए रसूल देखने गए थे जिस पर महिला शमिंदा हुई इस मौके पर जामा मस्जिद के सरपरस्त सैयद मकसूद उल हसन हसन उल्ला सभासद जुनेद अंसारी सोहराब फुरकान अंसारी शाहबान हशमती वारिस खान फारुख अजहर खान मिद्दू प्रधान कारी गुफरान मौलाना बिलाल साहिब सहित सैकड़ों लोग जुलूसए मोहम्मदी में शामिल थे ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवको द्वारा निकला गया भव्य पथ संचलन

विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना । राष्टीय स्वयंसेवक संघ ने नगर में सैकड़ों की सख्या में स्वयंसेवको ने निकला भव्य पथ संचलन दो दर्जन से अधिक स्थानों पर नगर के गणमान्य लोगों ने की पुष्प वर्षा। पथ संचलन में नगर नगीना के सेकड़ो स्वयंसेवको ने प्रतिभाग किया।

नवीन शिक्षा सदन विश्नोई सराय में रविवार की सुबह ध्वज प्रणाम व प्रार्थना के बाद संपन्न हुई शाखा में संघ के अधिकारियो में नगर संघचालक देवेंद्र गुप्ता जी व जिला सह संघचालक मुकेश कुमार द्वारा अपने संबोधन में स्वयंसेवक को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना दिवस पर व विजयदशमी पर्व पर संघ की स्थापना के महत्व को बताया गया। प्रमुख के संबोधन के उपरांत सुबह 10.00 बजे नवीन शिक्षा सदन से शुरू हुआ। पथ संचलन मौहल्ला बिश्नोई सराय, मौ नालबंदान, पुरानी मुंसफी, पहाड़ी दरवाजा व नगर के सभी मुख्य मार्गो से होता गांधी पार्क से रेलवे स्टेशन चौराहे होता हुआ पूर्वान्ह 11.30 बजे करीब हिंदू इंटर कालेज के छात्रावास परिसर में पहुंचकर संपन्न

हुआ। पथ संचलन में भगवा ध्वज मंडल लेकर दो स्वयंसेवक प्रथम पंक्ति में चल रहे थे साथ मे सैकड़ो गणवेश धारी स्वयंसेवक कदम चाल से चलना प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। पथ संचलन के दौरान मार्ग में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर स्त्री पुरुषों द्वारा संघ के पथ संचलन पर पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का स्वागत किया गया। वहीं संघ के पदाधिकारी एक जीप पर सवार थे। भव्य पथ संचलन कार्यक्रम के मुख्य शिक्षक सचिन गौड़ जी सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय अधिकारी उदयवीर सिंह, विभाग बौद्धिक प्रमुख संजय कुमार, विभाग सह सेवा प्रमुख हेमंत जी, तहसील प्रचारक मोमराज , नगर कारवा अनमोल कंसल के अतिरिक्त संघ के पथसंचलन की व्यवस्था में लगे नगर संघ कार्यकारणी से मुकेश अग्रवाल, प्रबोध कुमार, निर्मल सक्सेना, सुधीर कुमार, नितिन पाल, मनमीत सिंह, रामोतार बिश्नोई,विकास अग्रवाल, नीरज बिश्नोई प्रमोद चौहान मुकेश कुमार, रोहित रवि सहित बहुत बड़ी संख्या में गणवेश धारी स्वयंसेवक शामिल रहे। पद संचलन कार्यक्रम में शांति व सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा व क्राइम प्रभारी किरनपाल बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ रहे।

निशुल्क लगाया गया आंखों का कैंप

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद के हरिद्वार रोड पर स्थित एचएमएच हॉस्पिटल पर रविवार को एक निशुल्क आंखों का कैंप लगाया गया आपको बता दे नजीबाबाद हरिद्वार रोड पर स्थित एच एम एच हॉस्पिटल में 6 अक्टूबर को आंखों से संबंधित सर्जरी की मशीनों का शुभआरंभ किया गया था एचएमएच हॉस्पिटल के ऑनर डॉक्टर बिनयामीन ने बताया एचएमएच हॉस्पिटल के सौजन्य से रविवार को निशुल्क आंखों का कैंप लगाया गया जिसमें आंखों मे मोतियाबिंद या किसी बीमारी आने के कारण

व्यक्तियों को कम दिखाई देता है उसी को लेकर आधुनिक मशीनों द्वारा आंखों का टेस्ट कर व्यक्ति के आंखों में अगर संभव है तो आंखों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा लेंस डालकर उनकी सेवा एचएमएच हॉस्पिटल आयुष्मान के द्वारा निशुल्क किया जाएगा आंखों की सर्जरी आंखों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा की जाएगी यह कैंप हर रविवार को लगाया जाएगा कैंप लगाने का उद्देश्य गरीबों की निस्वार्थ सेवा करना है

गुन्नौर क्षेत्र में बरसात से धान की फसल को भारी नुकसान मायूस हुआ किसान।

दैनिक समाज जागरण< विजेंद्र सिंह गुन्नौर

गुन्नौर तहसील क्षेत्र के खंड विकास राजपुरा गुन्नौर एवं जुनावई में किसान के लिए लगातार हो रही बरसात तबाही बनती जा रही है। धान की फसल को बरसात से भारी नुकसान हुआ है। कहीं धान की फसल गिर कर पानी में डूब गई है तो कहीं हवा और बरसात से जमीन पर पड़ी हुई है लाखों की लागत लगाकर किसान अपने तमाम कार्य करने की उम्मीद लगाए बैठा था परंतु कहीं ना कहीं बरसात ने उस पर पानी फेर दिया है। ऐसे में किसान अपने को ठगा एवं मायूस महसूस कर रहा है।अव किसान को उम्मीद है कि शायद सरकार इस बबार्दी से किसान को उवार दे।जबकि जनपद संभल के जिला अधिकारी मनीष बंसल ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों को आदेशित किया है कि फसल की बबार्दी की रिपोर्ट तैयार कर अधिकारियों को प्रेषित कर दें जिससे किसानों को मुआवजा मिल सके। अब देखना यह होगा की किसान की बर्बाद हुई धान की फसल का कितना मुआवजा मिल पाएगा यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। फिलहाल किसान को कोई बड़ी राहत मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

मदरसा जियाउल उलूम के नेतृत्व मे निकला जुलुसे मौहम्मदी

बारिश के बावजूद अकीदतमंदों में दिखा जोश, हाथो मे रैन कोट और छतरियां लिये रहे लोग

पंकज राघव ब्यूरो संभल दैनिक समाज जागरण

संभल/सरायतरीन। उपनगरी सरायतरीन मे जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर बारिश के बीच नबी(स.अ.) के आशिको का उनके प्रति जोश और जुनून देखने लाएक था। हाथो मे छाते और रैन कोट पहने अकीदतमंद मदरसा जियाउल उलूम सरायतरीन के नेतृत्व मे निकले बारहवफात के जुलूस मे आखिर तक डटे रहे। जुलूस परम्परागत मार्गो से होता हुआ मदरसा जियाउल उलूम आकर सम्पन्न हुआ।

इतवार को सरायतरीन मे मदरसा जियाउल उलूम से दर्जनभर धार्मिक तंजीमो और सैकड़ो अकीदतमंदों के साथ जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस पूरी शानो शौकत के साथ निकला। भारी बारिश के बावजूद जुलूस मे शामिल नबी(सअ.) के आशिको की मुहब्बत देखने लाएक थी। बजरिया चौक से, बरकाती चौक, मंगलपुरा, बजरिया, बाजार गंज से होकर सरायतरीन पुलिस चौकी पहुंचे नबी के आशिको का लशकर सभी मे तबदील हो गया, जहां मदरसा जियाउल उलूम के प्रधानाचार्य कारी राशिद अली ने खिताब किया। उन्होने तफसील से हजरत मौहम्मद साहब की सीरत बयान की। जलसे को मुफ्ती जाहिद सलामी, मौलाना जुबैर सलामी आदि कई अन्य उलेमा ने भी खिताब किया। जबकि निजामत डॉ. शफीकुर्रहमान बरकाती ने की। जलसे के बाद फिर जुलूस की शक्ल मे एकत्र मुसलिम समाज के लोग पैंठ इतवार, चकली, झझरान, भूड़ा, बारहदरी होते हुए मदरसा जियाउल उलूम पहुंचे जहां सलाम के बाद जुलूस सम्पन्न हुआ। जुलूस मे मदरसा जियाउल उलूम के प्रबंधक हाजी मौ. खुरशीद आलम, हाफिज जाहिद, कारी रिजवान, हाफिज, हाफिज दानिश, मौहम्मद अली, नासिर अली खां, मुजीब अहमद खाँ, मु.इकबाल खाँ, जकी अशरफ, मौ.हफीज फैजी, फैजान आलम, मौ.आलम, मौ. हाशिम, मौ. सरफराज, मौ. मशकूर आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

शपथग्रहण समारोह का किया गया आयोजन

दैनिक समाज जागरण संभल । गाँव फुलसिंगा में एक शपथ समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संभल जिला अध्यक्ष कासिम सैफी के नेतृत्व में मोहम्मद कलीम को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया हाजी आसिफ को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया इस मौके पर जिलाध्यक्ष कासिम सैफी मंडल अध्यक्ष काशीद हुसैन मंडल उपाध्यक्ष डॉक्टर इरफान जिलाध्यक्ष मुरादाबाद राजेश यादव जिलाध्यक्ष अमरोहा योगेंद्र चौधरी मंडल प्रवक्ता महावीर सिंह चौधरी जिला सचिव मोहम्मद अली युवा जिला सचिव मोहम्मद अली जिला सचिव सनी कुमार चंदौसी नगर अध्यक्ष आशीष कुमार प्रजापति पाकबड़ा नगर अध्यक्ष आबिद मियां केपी यादव चौधरी मुमताज आलम मंडल प्रभारी मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि नफीस भाई ताहिर अंसारी ब्लॉक उपाध्यक्ष साने आलम ब्लॉक महामंत्री फहीम इदरीसी गजेंद्र सिंह राजेंद्र सिंह राजपाल जाटव धर्मेंद्र यादव सोनू चौधरी सोनू पाल लक्ष्मी सिंह इमरान तौफीक सोनू खान ताहिर फहीम इरफान भाई सलीम दानिश अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे ।

महारानी सुरथ कुमारी श्रीराम लीला मेला सिंगाही प्रबंध समिति की हुई बैठक

किरन शाह की अध्यक्षता में 103 वां वर्ष मेला की तैयारियो को लेकर हुई बैठक

समाज जागरण/ ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी/अवधेश कुमार

सिंगाही खीरी--नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा के अन्तर्गत लगने वाला वार्षिक श्रीराम लीला मेला गत दो वर्षों से कोरोना काल के चलते नहीं लग आया था लेकिन श्री राम की कृपा से इस वर्ष फिर रामलीला मेला कमेटी की प्रबंध समिति ने मेला लगाने का मन बनाया है उसी की तैयारियो को लेकर महारानी सुरथ कुमारी श्रीराम लीला मेला समिति सिंगाही की प्रबंध समिति की बैठक महारानी सुरथ कुमारी धर्म शाला में किरन शाह और वीरेन्द्र शाह की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसमें इस वर्ष के 103वां रामलीला मेला की तैयारियों के विषय में विचार विमर्श हुआ जिसमें 27/9/2022 दिन बृहस्पतिवार को मेले का शुभारंभ करते हुए भूमि पूजन किया जायेगा मेला लगभग 25/10/2022 तक चलेगा यह प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों द्वारा तय किया गया इस बैठक में प्रवीण शाह (प्रबंधक), अनुराग शुक्ला (कोषाध्यक्ष), सचिन शाह (मंत्री), मारुख खां,जलीस अहमद, सुनील बत्रा(अर्बन कोऑपरेटिव बैंक संचालक), आदि अनेक नगर के सम्भांत व्यक्ति इस बैठक में उपस्थित रहे

दुर्गा माता मंदिर में बने हाल की छत पर भरा पानी कूड़ा हटाते चेयरमैन

स्वच्छ भारत के तहद श्रमदान कर चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र चलाया सफाई अभियान

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

सिंगाही खीरी--नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा के वार्ड नंबर 11 मे दुर्गा माता मंदिर में बने हाल की छत पर जल सैलाब देखकर चेयरमैन स्वयं पानी निकास के लिए कूड़ा हटाने लगे जिससे रूका हुआ पानी बाहर निकल सके जिसे चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र ने स्वयं श्रमदान करते हुए कूड़ा हटाया और पानी निकाला साथ में सहयोग करते हुए विपिन गुप्ता,बाल गोविंद राजपूत,भारत गुप्ता, योगेश मिश्रा आदि ने मिलकर सफाई कर पानी हटाया और छत को भी साफ किया जिससे रूका हुआ पानी छत से नीचे गिर गया चेयरमैन ने बताया कि अगर अपने घर मे मन्दिर में, पास पड़ोस में, सफाई करना पड़ जाते तो हम सभी को श्रमदान करते हुए सफाई करना चाहिए जिससे स्वच्छ भारत, स्वच्छ नगर करने में आप सभी हमारा सहयोग करें

दरोगा जी को अपने गाँव में अपने प्लाट पर अवैध निर्माण हटाने के लिए करना पड रहा है दो वर्षो से संघर्ष!

तहसील, थाना दिवस और आईजीआरएस के माध्यम से हुई शिकायतें, स्थिति यथावत

दैनिक समाज जागरण यूरो निखिल त्यागी बागपत

बडौत` थाना क्षेत्र के मलकपुर ग्राम निवासी राजपाल सिंह अपने व सरकारी प्लाट पर हुए अनधिकृत कब्जे की शिकायत पिछले दो वर्षों से तहसील पर सम्पूर्ण समाधान दिवस हो या थानों पर आयोजित समाधान दिवस पर शिकायत करने के बावजूद विभागीय अथवा प्रशासनिक कार्यवाही न होने से निराश है` इतना ही नहीं , वर्ष 2014 के स्थायी निषेधाज्ञा के दोषियों पर भी कोई कार्रवाई न होने के बावजूद फिर एक बार थाने पर आयोजित समाधान दिवस में उम्मीदों के साथ आया कि, उसे न्याय मिलेगा` शिकायत कर्ता राजपाल सिंह यूपी पुलिस में उपनिरीक्षक है, लेकिन विपक्षियों की हैकडी के आगे गुस्से के बदले ,कानून के तहत कार्यवाही चाहता है, यही कारण है कि, गत दो वर्षों से मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर तहसील और थाना दिवसों में अपनी फरियाद सुनाता रहा` वैसे वर्ष 2014 में अपने प्लाट पर अवैध कब्जा और निर्माण पर रोक के लिए स्थायी निषेधाज्ञा का आदेश भी कोर्ट ने जारी किया था, किंतु परिजनों ने अपनी आँखों के आगे उसकी अवहेलना होते हुए भी देखा` जगदीश, प्रविंद्र, लेखपाल, सतबीर व रणबीर आदि पर आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया कि, गाँव के उक्त लोगों ने उसके प्लाट खसरा नं 630 व आम रास्ते के लिए सरकारी भूमि खसरा नं 601 पर अवैध रूप से नालियां खोद ली तथा दीवारें खड़ी कर दी हैं` राजपाल सिंह चाहते हैं कि उन्हें न्याय मिले तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो` अब देखना है कि, व्यवस्था, न्याय और अनुशासन का हिमायती दरोगा अपने गांव में अपने प्लाट पर अवैध तरीके से नाली, दीवार निकाल लेने वालों से कब तक संघर्ष करेगा अथवा विभाग और प्रशासन की लापरवाही के आगे घुटने टेकने को मजबूर होगा`

सेवढा किला का जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने किया निरीक्षण।

- जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने कहा दुर्ग के अभिलेखों की जांच कर 1 सप्ताह में भेजें रिपोर्ट।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा। जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल ने एसडीएम नरैनी के साथ गैरों क्षेत्र के निकट सेवड़ा दुर्ग का आकाश मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अनुराग पटेल को किले की जमीन पर अवैध कब्जा मिला जिससे डीएम ने एसडीएम की अध्यक्षता में 5 सदस्य टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिए हैं डीएम ने 1 सप्ताह में पूरी रिपोर्ट मांगी है।

जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने एसडीएम नारायणी रजत वर्मा के साथ किले में 2 घंटे तक भ्रमण किया किले में स्थित बारादरी, बैठका, बाउंड्री वाल आज को निगरानी से देखा स्थानीय निवासी सचिन वर्मा ने उन्हें किले के महत्व के बारे में बताया किले के अंदर भूमि पर अवैध मकान एवं अवैध खेती करते मिले उसने बताया कि गांव के ही पूर्व प्रधान अचल कुमार

गिरी कई वर्षों से खेती कर रहे हैं जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने उप जिलाधिकारी नरैनी से कहा कि किले की भूमि में अवैध रूप से खेती करने वालों को चिन्हित करें।

रबी की बुआई के पहले ही राजस्व अभिलेखों में और वर्तमान में किले की स्थिति की गंभीरता पूर्वक जांच करें। किले से संबंधित अभिलेखों की जांच कर 1 सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा है। जिलाधिकारी अनुराग पटेल का कहना है कि सेवड़ा किले को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की कवायद शुरू की जा रही है उन्होंने उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 सदस्य टीम गठित कर दी है टीम किले का विस्तृत निरीक्षण कर दो बिंदुओं पर आख्या जिलाधिकारी बांदा को उपलब्ध कराएगी। किला के निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी और अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारी खत्री पहाड़ में मां विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन कर याचना की !

पुलिस सुरक्षा के बीच हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया " ईद मिलादुन्नबी" का पावन त्योहार

नरैनी से श्याम सुंदर त्रिपाठी।

बांदा । करतल में आज का दिन मुस्लिम समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिन माना गया है आज कस्बा करतल में "इस्लाम धर्म" के अनुयायी मुस्लिम समुदाय के अकीदतमंदो द्वारा आज के दिन बाबा साहब "पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब" का जन्मदिन होने की खुशी में गाजे बाजे के साथ धूमधाम से समूचे कस्बे में जुलूस निकाल ईद- ए- मिलाद- उल-नबी (ईदमिलादुन्नबी)का पावन त्योहार मनाया आपको बता दें की आज के ही दिन अरब देश के रेगिस्तानी शहर "मक्का" में 571 ईशवी पूर्व बाबा हजरत मुहम्मद साहब का जन्म हुआ था तथा उन्ही के द्वारा इस्लाम धर्म की स्थापना की गयी थी इसलिए मुस्लिम समुदाय के अनुयायी उनके जन्मदिन की खुशी का इजहार बहुत बड़ा जश्न मनाकर करते हैं आज के दिन सभी अकीदतमंदो द्वारा गरीबों में "दान" व "जकात" कराने की भी परम्परा है तथा मस्जिदों में नमाज भी पढ़ी जाती है तथा यह त्यौहार रबी- उल- अव्वल के 12 वें दिन मनाया जाता है! इस पावन पर्व में नन्हे मुन्ने बच्चों से लेकर महिलायें तक बड़े ही उत्साह के साथ नबी के जुलूस में शामिल हो धूमधाम से मनाती हैं! इस समूचे जुलूस में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु स्थानीय पुलिस का विशेष योगदान रहा!

जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने समीक्षा बैठक कर दिए दिशा निर्देश।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा। जिलाधिकारी अनुराग पटेल की अध्यक्षता में सिमौनी मेला के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। समीक्षा बैठक में सिमौनी मेला को पर्यटन विभाग के माध्यम से 7 करोड़ की लागत से कराए जा रहे कार्यों को बांदा जिला अधिकारी ने समीक्षा बैठक की जिसमें मोनी बाबा के प्रतिनिधि के रूप में राजेश द्विवेदी ने बताया कि जो राशि सरकार से 7 करोड़ पर्यटन की दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा दिए गए थे उसमें सिर्फ 50000000 का ही कार्य हुआ है। दो करोड़ वापस कर दिए गए हैं जबकि कार अभी बहुत अधूरा है, यह सब सुनते हुए जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने कार्यदाई संस्था परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल को केंद्र सरकार से पत्राचार के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 7 करोड़ रुपए की धनराशि पर्यटन विभाग के माध्यम से प्राप्त हुई थी उसमें कितना पैसा मिला कितना और कहां पर खर्च हुआ साथ ही 2 करोड वापस क्यों किए गए जबकि वहां का विकास अभी बाकी है इसकी जांच कर मुख्य विकास अधिकारी बांदा संबंधित के खिलाफ कार्यवाही के लिए पत्राचार के निर्देश दिए हैं !

जिला पंचायत राज अधिकारी बांदा ने विकास कार्यो पर लापरवाही बरतने पर पांच सचिवों को दिया नोटिस।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा। जिला पंचायत राज अधिकारी बांदा अजय आनंद ने भुगतान में लापरवाही बरतने पर जनपद बांदा की 4 ग्राम पंचायत सचिवों को नोटिस जारी किया है। जिला पंचायत राज अधिकारी अजय आनंद ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारियों को विकास कार्यों का भुगतान पंचायत सचिवालय से कंप्यूटर करने के निर्देश दिए गए थे। जब विभाग की समीक्षा बैठक हुई तो पता चला कि ग्राम पंचायत सिंहपुर, धोसड, जमुना, माचा वही जनपद बांदा के ही बड़ोखर ब्लॉक के पचनेही, छनेहरा लालपुर, ब्लॉक महुआ के जरर में विकास कार्यों का भुगतान करने के लिए पंचायत सचिवालय के कंप्यूटर में गेटवे पोर्टल इंस्टॉल अभी तक नहीं किया गया है इन ग्राम पंचायतों के भुगतान दूसरी जगह से किया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी अजय आनंद ने बताया है कि पंचायत सचिव विनोद कुमार, पुष्पांजलि, आनंद चक्रवर्ती, एवं अनुज गुप्ता को नोटिस विभाग से जारी की गई हैं। वहीं अंत्येष्टि स्थल निर्माण की गति धीमी होने पर ब्लॉक नरैनी के ग्राम पंचायत महुटा, करतल, बबेरू ब्लॉक के पिंडा रन, महुआ ब्लॉक के बनसखा ग्राम पंचायत सचिवों को नोटिस देकर 1 सप्ताह में जवाब मांगा गया है !

श्री बृजलाल खबरी जी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष

समाज जागरण रत्ना तिवारी लखनऊ

आज कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया गया देश भर के अलग अलग जगह से नेता आए और उन्होंने जोर सोर से एकता बनाए रखा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सलमान खुर्शीद जी ने अपने शब्दो में कहती है की हिंदू, मुस्लिम या गंगा जमुना जैसे मिलते हैं

उत्तर प्रदेश भी एक एकता का प्रदेश है जहां पर गंगा जमुना एक तहजीब है

सलमान कहते है की अगर हम जरूरत है आपके खून की तो हर हिंदू भाई मुझे खून देगा अगर आपको खून चाहिए तो मेरे खून के रगो से एक एक खून तुम्हारा होगा हिंदू ,मुस्लिम एक पवित्र एव पाक्क रिश्ता है

प्रमोद तिवारी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लोग सामिल थे अजय कुमार, सुगंधा शुक्ला,पुनिया, सतनारायण पटेल,राजेश तिवारी और भी सभी लोग कभी जोरो से नारे लगाए और वो कहते है जहा पे हमारी पोजिशन जीरो पे है वहा से दस पे पहुंच गई और आगे भी हम एक जुट मिल कर बहुत कर सकते है और उन्होंने नारे लगाए

पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने उकेरी कल्पनाएं

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो निखिल त्यागी बागपत

बागपत बिनौली मूर्ति देवी बालिका विद्यापीठ स्कूल बिनौली में शनिवार को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लेकर आकर्षक मन की कल्पनाएं उकेर कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

प्रतियोगिता में कक्षा एक से पांच तक के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग कर पाम, स्प्रे व कांटे से ड्राइंग शीट पर पेड़ पौधे, फ्लॉवर व मानव हाथ की मनमोहक पेंटिंग बनाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। प्रधानाचार्य बबीता पाराशर ने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से इस तरह प्रतियोगिताएं कराना आवश्यक है। इससे बच्चों में बुद्धि व क्षमताओं का विकास होता है। उनका उद्देश्य बच्चों को सक्षम बनाना है। प्रबंधक विनोद गिरी व डॉ. राजीव गोस्वामी ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया

महर्षि वाल्मीकि को संस्कृत साहित्य में अग्रदूत-कवि थेः वंदना

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो निखिल त्यागी बागपत

बड़ोत सारथी वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में रविवार को भगवान बाल्मीकि जयंती के अवसर पर पट्टी मेहर स्थित भगवान बाल्मीकि के मंदिर में माल्यार्पण व पुष्प चढ़कर पूजा अर्चना की व मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की अध्यक्ष वंदना गुप्ता ने बताया कि वाल्मीकि जयंती हर साल आश्विन मास के दौरान पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। महर्षि वाल्मीकि को संस्कृत साहित्य में अग्रदूत-कवि माना जाता है । उन्हें महाकाव्य रामायण के पहले कवि, आदि कवि के रूप में भी जाना जाता है। वाल्मीकि को हिंदू धर्म में 'ज्ञान का सागर' भी कहा जाता है। उनका जन्म प्राचीन भारत में गंगा के किनारे हुआ था। पौराणिक कथा के अनुसार, राम ने सीता को वन भेजा। सीता ने ऋषि वाल्मीकि के आश्रम में शरण ली, जहाँ उन्होंने जुड़वां लड़कों लव और कुश को जन्म दिया. लव और कुश वाल्मीकि के पहले शिष्य थे, जिन्हें उन्होंने रामायण की शिक्षा दी थी। इस अवसर पर फाउंडेशन की अध्यक्ष वंदना गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष शालू गुप्ता,पूजा ,प्रिया, विकास गुप्ता,प्रवीण कुमार, संजय गुप्ता , ध्रुव जैन, अनिल अरोरा, अमन जैन, ऋषभ जैन, आदित्य भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

धूमधाम से "हर्षोल्लास" के साथ जुलूस निकाल कर मनाया गया "ईद मिलादुन्नबी" का त्यौहार ।

नरैनी से सुशील मिश्रा (बांदा) पुकारी में आज के दिन "इस्लाम धर्म" के मशीहा बाबा हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर ग्राम पुकारी में इस्लाम धर्म के अनुयायियों ने अपने नबी को याद कर बड़े ही हर्षोल्लास से धूमधाम के साथ समूचे ग्राम में जुलूस निकाल खुशियों का इजहार किया इस जुलूस में गाजे बाजे के साथ बच्चों से लेकर महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया आपको बतादें की इसदिन इस्लाम धर्म के "संस्थापक" हजरत मोहम्मद साहब का जन्म रेगिस्तानी शहर "मक्का" में 571ईशवी पूर्व हुआ था जिन्होंने इस्लाम धर्म की स्थापना की थी अतः आज के दिन इस धर्म के अनुयायी बाबा साहब के जन्मदिन की खुशी गरीबों में दान कर तथा अकीदतमंदो द्वारा मस्जिदों में "पवित्र ग्रन्थ कुरान" पढ़कर अमन चैन की दुआयें मांगते हैं! इस समूचे कार्यक्रम में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में क्षेत्रीय पुलिस चौकी करतल के पुलिस कर्मियों का बिशेष योगदान रहा!

आज एक गौ माता फिर हुई हादसे का शिकार ।

गौ रक्षा समिति बांदा ने किया गोवंश का दाह संस्कार।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा। आज दोपहर करीब 3:00 बजे चिल्ला रोड महाराणा प्रताप चौक के करीब एक छोटी सी गौ माता के ऊपर ट्रैक्टर चालक ने रौंद दिया तुरंत ट्रैक्टर चालक को पकड़कर उस गोवंश को उसके ट्रैक्टर में लादकर अंतिम संस्कार करवाया गया ट्रैक्टर चालक ने अपनी करनी पर माफी मांगा और कहा कि आइंदा मैं दोबारा ऐसी गलती नहीं करूंगा जिम्मेदार अधिकारियों को बार-बार आगाह किया जाता है बांदा नगर में ओवरलोड ट्रक ट्रैक्टर दिन में भी आवागमन होता है पुलिस प्रशासन से मांग है कि कृपया इसमें इस तरह के वाहनों में प्रतिबंध लगा देना चाहिए ताकि आम जनमानस व बेजुबान जानवर सुरक्षित हो सके विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया की जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन वह इन सभी बातों को अनसुना कर रहे हैं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों का ना मानते हुए उनकी चलाई गई योजना बद तरीके से काम नहीं कर रहे हैं जिससे आम जनमानस भी परेशान हो रहा है !

जनपद बांदा में वायरल बुखार से सैकड़ों की संख्या में व्यक्ति हुए संक्रमित, जिला अस्पताल बांदा के बेड फुल।

दैनिक समाज जागरण बांदा ब्यूरो चीफ मयंक शुक्ला।

बांदा। जनपद बांदा में वायरल बुखार का शिकंजा थमने का नाम नहीं ले रहा है। रोज लगभग तीन से पांच दर्जन से अधिक व्यक्ति वायरल बुखार से तड़पते रोजाना जिला अस्पताल आ रहे हैं हालत यह है कि जिला अस्पताल में बेड सब फुल हो गए हैं, यहां जिला अस्पताल से मरीजों को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रिफर किया जा रहा है। जिला अस्पताल बांदा में बुखार के मरीजों की भीड़ उमड़ रही है जिला अस्पताल के अंदर ही बने ट्रामा सेंटर में यहां तक कि चावल रखने की भी जगह नहीं है लोगों की सीबीसी जांच में प्लेटलेट्स कब निकल रही हैं फिर भी जिला अस्पताल में डेंगू की जांच नहीं कराई जा रही है यहां के डॉक्टर सिर्फ वायरल फीवर मान रहे हैं और इसी का इलाज कर रहे हैं।

जिला अस्पताल बांदा के सीएमएस एसएन मिश्रा ने कहा कि 50000 से कम प्लेटलेट्स वाले मरीजों की डेंगू की जांच कराई जाती है इसके अलावा सीबीसी जांच के आधार पर यहां के डॉक्टर मरीज का इलाज करते हैं उन्होंने बताया कि इस समय रोजाना लगभग वायरल फीवर के मरीज 20 से 25 की संख्या में भर्ती हो रहे हैं जिनका समुचित तरीके से इलाज किया जा रहा है, हालात काबू में हैं !

मछुआ कल्याण बोर्ड के उपाध्याक्ष राजेन्द्र धीवर को फोन से धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त मोबाईल एवं सिम आरोपी से जप्त

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। थाना सीपत में रिपोर्ट दर्ज कराया गया राजेन्द्र धीवर पिता स्व. मोहित राम धीवर उम्र 41 साल निवासी कि प्रार्थी वर्तमान में मछुवा कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ का उपाध्याक्ष है जो अज्ञात व्यक्ति मोबाईल नंबर 8234036958 से इसके मोबाईल नंबर 9993033800 में इसे तथा इसके परिवार वालों को गंदी गंदी गाली गलौच कर जान से मारने की व एक्सीडेंट कर खत्म कर देने की धमकी दी है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान जिस नंबर से धमकी दिया गया था उस नंबर का कॉल विवरण सायबर सेल बिलासपुर से प्राप्त कर सिम नंबर 8234036958 का धारक अभिषेक सूर्यवंशी निवासी सीपत को पूछताछ किया गया जो अपना सिम को गुम हो जाना बताया, जो कॉल डिटेल के आधार पर से आरोपी शुभम रात्रे को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो उक्त सिम को 4-5 दिन पहले अपने घर के सामने रोड पर पाना बताया तथा इसके नाम पर सिम के नहीं होने से अपना पहचान छिपाते हुए प्रार्थी को मोबाईल से कॉल कर घटना कारित करना स्वीकार किया, जो घटना में प्रयुक्त सिम व मोबाईल को जप्त किया जाकर आरोपी शुभम कुमार रात्रे पिता कमल रात्रे उम्र 24 साल निवासी ग्राम सीपत थाना सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.) को गिरफ्तार किया गया है। इस उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक हरिशचंद टाण्डेकर, उपनिरीक्षक राकेश पटेल, प्र. आर. उमाशंकर राठौर, आरक्षक विनोद केवट, दिनेश कर्ष, चंद्रप्रकाश भारद्वाज, का विशेष योगदान रहा।

आप मेरा और माननीय प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह जी के स्वाभिमान के बारे में चिंता न करें। सुधाकर सिंह

भभुआ कैमूर समाज जागरण संवाददाता

सुधाकर सिंह के सवाल का जवाब देते हुए सोसल मीडिया के माध्यम से कहा कि सुशील मोदी जी आप

मंडी कानून की बात किस जुबान से कह रहे हैं, आपको ज्ञात होना चाहिए कि जब बिहार में 2006 में मंडी व्यवस्था खत्म की गई थी तो सरकार आपही का था कृषि मंत्री भी भाजपा के ही थे और आप स्वयं बिहार के उपमुख्यमंत्री थे । उस समय आप चुप क्यों थे? सत्ता का लालच आपके अंदर इस कदर समाहित था कि अपने किसानों के बारे में सोचना गवारा नहीं समझा । आप हमारे और प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह जी के स्वाभिमान के बारे में चिंता न करें तो ही बेहतर होगा । आप स्वयं की चिंता करें कि आप तो राजनीति में किस हाशिये पर है ।एक अप्रवासी नेता बिहार के बारे में क्या सोचेगा? मुझे तो सुन के हँसी आ रही है । और ये भी सत्य है कि आप जैसे अप्रवासी नेता के वजह से ही बिहार का ये हश्र हुआ है । आप जिस कृषि रोड मैप पर ध्यान दे रहे हैं तो आपको पता होना चाहिए कि कृषि रोड मैप के समय आप सूबे के उपमुख्यमंत्री और आपके ही पार्टी के नेता कृषि मंत्री थे । जिस कृषि रोडमैप को आप आज गलत कह रहे है तो आप पिछले 3 कृषि रोड मैप पर चुप क्यों थे आपको याद होगा कि जब आप 2020 में चुनाव के समय रामगढ़ में प्रचार करने आए थे तब ये मैंने आपको चुनौती दिया था कि आइए 15 साल बनाम 15 साल पर बहस कर लीजिए ।जगह और समय आपको ही तय करने के लिए कहा था, लेकिन अभी तक आपने मेरा चुनौती स्वीकार नहीं किया और मुझे पता है कि आप ऐसा करेंगे भी नहीं क्योंकि आप और इखढ के सरकार पिछले 15 साल में बिहार को दीमक की तरह खा गए। इसलिए आप जिस मृत सैया पर हैं वहीं रहें तो बेहतर है, आप मेरा और माननीय प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह जी के स्वाभिमान के बारे में चिंता न करें।

विद्युत करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

कैमूर-रामपुर प्रखंड अंतर्गत बेलांव गांव निवासी रचना देवी उम्र 30 वर्ष पति अवधेश कुमार गुप्ता की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार रचना देवी घर की साफ सफाई कर रही थी कि स्टैंड वाला पंखा उनके शरीर पर गिर पड़ा, पंखे के अंदर पहले से ही विद्युत करंट प्रवाहित हो रहा था, जिससे कि वह करंट की चपेट में आ गई करंट की चपेट में आते हैं उनके द्वारा चित्कार का आवाज गुंजा, जिसे सुनने के बाद परिवार के अन्य सदस्य दौड़कर उनके कमरे की तरफ गए। तो देखें कि पंखा गिरा हुआ है, और वह है अचेत अवस्था में है। जिसे देखने के बाद परिजनों द्वारा तत्काल पंखे के तार को निकाला गया, एवं महिला को तत्काल इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।जहां से डॉ. ललन कुमार द्वारा स्थिति को गंभीर देखते हुए सही इलाज के लिए भभुआँ सदर अस्पताल के लिए स्थानांतरित किया

गया। सदर अस्पताल भभुआँ पहुंचने पर जब डॉक्टरों द्वारा जांच किया गया, तो पाया गया कि महिला की मौत हो चुकी है।परिजन सदमे में आ गए। रचना देवी के दो बच्चे हैं जिसमें 10 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार एवं 7 वर्षीय पुत्री दिव्या कुमारी के सर से माता की छाया छिन गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

माता पिता भगवान का रूप होते हैं जब भी आप स्कूल के लिए निकलते हैं तो उनके चरण स्पर्श करके ही निकले

रामगढ़ कैमूर समाज जागरण/

हर रविवार की भांति इस रविवार भी प्रतिभा खोज परीक्षा 2022 का आयोजन मुखिया प्रदीप कुमार के देखरेख में पंचायत संसाधन केंद्र सिसौड़ा में हुआ। इस परीक्षा में 45 बच्चों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान आशीष कुमार सिंह पिता चंदन कुमार सिंह बालक वर्ग से तथा मधु मौर्य पिता मनोज कुमार सिंह निधि कुमारी पिता बिरेंद्र सिंह सुषमा कुमारी पिता जय प्रकाश सिंह ने बालिका वर्ग से प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह परीक्षा प्रत्येक रविवार पंचायत संसाधन केंद्र सिसौड़ा में प्रातः 9 बजे से 12 बजे के बीच ली जाती है जिसके संयोजक सिसौड़ा पंचायत के वर्तमान मुखिया प्रदीप कुमार सिंह है इस मौके पर जदयू के जिला मीडिया प्रभारी डॉ अरविंद गुरुदेव , सदुल्लहपुर-डरवन पंचायत के पूर्व मुखिया जितेंद्र बिंद, समाजसेवी पंकज वर्मा और अभिभावक विक्रम सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल पहनाकर एवं एक एक पेन देकर सम्मानित किया। यह पांचवी परीक्षा थी इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी जदयू अरविंद गुरुदेव ने कहा की यह शुरूआत आप सभी बच्चों के लिए शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में

मील का पत्थर साबित होगी। मुखिया प्रदीप ने बच्चों से कहा कि आप लगातार परीक्षाओं में भाग लेते रहे सफलता आपके कदम चूमेगी।

इस दौरान बच्चों के बीच बाल शिक्षक हर्ष कुमार मौर्य का नाम चर्चा का विषय रहा। अभिभावक बिक्रम सिंह ने कहा कि माता पिता भगवान का रूप होते हैं जब भी आप स्कूल के लिए निकलते हैं तो उनके चरण स्पर्श करके ही निकले इससे आपको ऊर्जा मिलती है शक्ति मिलती है और आप अपने उद्देश्य में कामयाब भी होते हैं ।

दो शराब विक्रेता सहित दो पियक्कड़ गिरफ्तार

कैमूर-कुदरा थाना प्रशासन द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर दो शराब विक्रेता सहित दो पियक्कडो.को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार से मिली जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष के निर्देश में, थाना प्रशासन द्वारा नियमित गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के चिलबिली पंचायत अंतर्गत माथाचक गांव से शराब बेचने के जुर्म में सुनील बिंद को गिरफ्तार किया गया तो, शराब बेचने के ही जुर्म में थाना क्षेत्र के घटांव पंचायत के घटांव गांव से तौफीक आलम को गिरफ्तार किया गया। साथ ही दोनों तस्करों से 22 लीटर शराब जप्त किया गया। जांच के क्रम में थाना क्षेत्र से उदय मल्लाह ग्राम शिवपुर थाना करमचट जिला कैमूर एवं सुमित तिवारी ग्राम मलहर थाना चेनारी जिला रोहतास को नशे की हालत में

देखकर पकड़ा गया। मेडिकल जांच के उपरांत डॉक्टरों द्वारा नशे का सेवन करने की पुष्टि के बाद, शराब पीने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया।चारों आरोपियों को स्वास्थ्य जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

असम करीमगंज जिले के दिव्यांग है दस साल के बच्चे की हैरान कर देने वाली हरकत उन्होंने महज ढाई महीने में पूरी कुरान शरीफ पढ़ ली चर्चा में शीर्ष स्थान पर रहा राताबाड़ी के साहिद

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः करीमगंज जिले के राताबाड़ी क्षेत्र के दस साल के एक दिव्यांग बच्चे की दिल दहला देने वाली घटना। उन्होंने महज ढाई महीने में पूरी कुरान शरीफ पढ़ ली चर्चा में शीर्ष स्थान पर कब्जा किया जिससे बराक का पूरा मुस्लिम समुदाय उन्माद में है

लामा-राताबाड़ी गांव का राताबाड़ी थाना क्षेत्र मजीर उद्दीन नाम के एक धर्मपरायण व्यक्ति के दस वर्षीय पुत्र साहिद आहमद जिसका चेहरा छोड़कर पूरा शरीर अक्षम है इसे पूरी तरह से अपंग कहा जा सकता है घुमावदार टांगों के बीस स्थान टूटे हैं दोनों हाथ बेकार शौचालय जाने के लिए भी दूसरों की मदद की जरूरत होती है कैसे साहिद अहमद ने सिर्फ 75 दिनों में पूरा कुरान याद कर लिया। इस बारे में पूछे जाने पर साहिद ने कहा सबाही मत्कबेर की शिक्षा प्राप्त करने के बाद उनके पड़ोसी शिक्षक हाफिज मुशर्रफ हुसैन, पूर्वी टंगीबाड़ी हाफिजिया मदरसा के निदेशक, ने उन्हें कुरान पढ़ाने में रुचि व्यक्त की। यह मानते हुए साहिद घर बैठे कुरान कंठस्थ करने लगे यदि अनपेक्षित परिणाम मिलते हैं उन्होंने मोबाइल फोन के माध्यम से रोजाना नियमित पाठ देना

शुरू किया हालांकि वह कभी-कभी आता-जाता था इस प्रकार साहिद ने प्रतिदिन 1 पृष्ठ से बढ़कर लगभग 8/10 पृष्ठों तक अपनी प्रतिभा व्यक्त की अंत में, साहिद केवल 75 दिनों में पूरे कुरान को याद करने में सक्षम था उन्होंने कहा कि इसके पीछे पिता मजीर उद्दीन और मां आनोयारा बेगम के साथ उनके शिक्षक हाफिज मुशर्रफ हुसैन का योगदान है।

सोशल मीडिया पर फैली साहिद की सफलता की खबर उम्मीदवारों से मिलने के लिए बराक के विभिन्न संगठन उमड़ रहे हैं शुक्रवार को तैय्यर फाउंडेशन की ओर से मौलाना नासिर उद्दीन, मौलाना ताहिर अहमद और मौलाना हुसैन अहमद साहीद के घर पहुंचे. उन्होंने साहीद अहमद को कपड़े दिए इसके अलावा, उनके पिता मजिर उद्दीन और शिक्षक हाफिज मुशर्रफ हुसैन का स्वागत किया गया। हाफिज शाहिद के बेहतर इलाज के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा का किया ध्यान नन्हे हाफिज साहिद अहमद की शानदार कामयाबी से पूरे करीमगंज जिले के राताबाड़ी इलाके में खुशी की लहर है. स्थानीय लोगों को है साहिद पर गर्व।

भारतीय संस्कृति की रक्षा में गुरूकुलों का विशेष योगदान- कुमारी सैलजा

हिसार (राजेश सलूजा): कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि हमारी संस्कृति, संस्कृत एवं गुरूकुलों के बिना अधूरी है। आधुनिक भारत में गुरूकुल परंपरा ज्यादा जरूरी है। वर्तमान समय में जहां समाज में कुरीतियां बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में गुरूकुल निर्माणशाला रूप में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। कुमारी सैलजा गुरूकुल आर्यनगर के वार्षिक महोत्सव के अंतिम दिन बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी।

कांग्रेस नेत्री कुमारी सैलजा ने गुरूकुल पद्वति पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हम सभी को गुरुकुलों के विकास एवं समवर्धन के लिए प्रयास करना चाहिए। सैलजा ने कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय चौधरी दलबीर सिंह भी एक आर्य समाजी थे। उनका आर्य समाज से बहुत ज्यादा लगाव था। उन्होंने कहा कि गुरूकुल में उनके नाम से बनाए गए छात्रावास उन्हें हमेशा गुरूकुल की ओर आकर्षित करता रहा है। यह गुरूकुल मेरे लिए एक स्मरणीय संस्थान बन गया है। इस दौरान उन्होंने अपनी माता कलावती व पिता चौधरी दलबीर सिंह के नाम पर गुरूकुल

में बनाए गए छात्रावास के विस्तार का लोकार्पण भी किया। इसके लिए सेठ रामरीछपाल व सेठ जगदीश प्रसाद आर्य गुरेरा ने ग्यारह लाख का सहयोग दिया था। गुरूकुल के मंत्री एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने अभिनंदन पत्र पढ़कर मुख्यातिथि कुमारी शैलजा व विशिष्ट अतिथि गणों का सम्मान किया। वहीं उनके प्रधान स्वामी सुमेधानंद सरस्वती सांसद सीकर, कार्यकारी प्रधान रामकुमार आर्य, गुरुकुल के मंत्री लाल बहादुर खोवाल, आचार्य रामस्वरूप शास्त्री व मानसिंह पाठक सहित गुरूकुल कार्यकारिणी ने आए अतिथियों को शॉल, स्मृति चिह्न व साहित्य भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर सीकर से सांसद एवं गुरूकुल के अध्यक्ष स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, गुरूकुल के संरक्षक सेठ जगदीश गुरेरा, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़, पूर्व विधायक बलवान सिंह, डॉ अजय चौधरी, गोपीराम चाटीवाल, मंगतराम लालवास, रणदीप लोहचब, आचार्य पंडित रामस्वरूप शास्त्री, रामकुमार आर्य, मानसिंह पाठक, भूपेंद्र गंगवा, राकेश तंवर, रामनिवास राड़ा, शैलेश वर्मा, दिलबाग हुड्डा, निहाल सिंह डांगी, कर्नल ओमप्रकाश, तेलुराम जांगड़ा, जगतपाल शास्त्री, गीता सिहाग, शकुंतला सिंहमार, विजय कपूर, विरेंद्र सेलवाल, डॉ मनदीप पूनिया, अश्विनी शर्मा, स्नेहलता निंबल व संतोष जून सहित गुरूकुल प्रबन्धक समिति के सदस्य तथा अनेक धर्म प्रेमी सज्जन उपस्थित रहे।

कार्रवाई के नाम पर की जा रही है वसूली

रामपुर मथुरा के अधीक्षक सुशील कुमार वर्मा दे रहे झोलाछाप डॉक्टरों को संरक्षण

सीज होने के बाद बिना रजिस्ट्रेशन के पुनः खुला सूर्या हॉस्पिटल

रामपुर मथुरा सीतापुर

जनपद सीतापुर के तहसील महमूदाबाद के विकासखंड रामपुर मथुरा के अंतर्गत आने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मथुरा के अंतर्गत बड़े पैमाने पर झोलाछाप डॉक्टरों ने अपना मकड़जाल फैला रखा है जिनको खुलेआम संरक्षण दे रहे हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ सुशील कुमार वर्मा वहीं पर जीता जागता सबूत सूर्या हॉस्पिटल का देखने को मिला जो कि करीब 1 माह पूर्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक सुशील कुमार वर्मा एवं थाना रामपुर मथुरा के प्रभारी निरीक्षक चंद्रप्रकाश त्रिवेदी की मौजूदगी में हॉस्पिटल को सीज किया गया था और वही सूर्या हॉस्पिटल एक माह बाद पुनः खुल गया जिसका अभी तक कोई डिग्री डिप्लोमा रजिस्ट्रेशन नहीं है और ना ही सूर्या हॉस्पिटल में कोई डिग्री धारक डॉक्टर बैठते हैं और ना ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां पर हॉस्पिटल रजिस्टर्ड है और वहीं पर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सूर्या हॉस्पिटल को खुलेआम संरक्षण दे रहे हैं तथाकथित पत्रकार गौतम सिंह चौहान एवं अधीक्षक डॉ सुशील कुमार वर्मा इसी प्रकार से दुगार्पुर चौराहे पर डॉ धर्मेंद्र मौर्य के द्वारा हड्डी का अस्पताल बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा

है और तो और अस्पताल के अंदर ही अक्षय की मशीन भी लगाई गई है और डॉ धर्मेंद्र मौर्य अपने आप को हड्डी रोग विशेषज्ञ बताते हैं जिसके पास कोई डिग्री डिप्लोमा आज नहीं है और ना ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां हॉस्पिटल रजिस्टर्ड है और इसी प्रकार के झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा जनपद में आए दिन घटनाएं घटित होती रहती हैं कहीं ना कहीं गरीब ग्रामीणों की जान झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा ले ही ली जाती है फिर भी प्रशासन कुंभकरण की नींद सोता हुआ नजर आ रहा है आखिरकार क्यों नहीं बंद करवाए जा रहे क्षेत्र में चल रहे फर्जी हॉस्पिटल

राजदमय हुआ दिल्ली पार्टी का "राष्ट्रीय अधिवेशन" आज- कामिनी गोयल

नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित सोमवार की सुबह 11 बजे से होने वाली राजद के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी जहां पूरी हो चुकी है वहीं

देश की राजधानी दिल्ली के विभिन्न जगहों,रेल,बस चौक चौराहों पर राष्ट्रीय अधिवेशन के होर्डिंग व बैनर से पूरा दिल्ली शहर राजदमय नजर आ रहा है। इस आशय की जानकारी देते हुए राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष कामिनी केडिया गोयल नें दी ।उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के "राष्ट्रीय अधिवेशन" में देश के कोने कोने से दिल्ली पधारे राजद के सभी सम्मानित प्रतिनिधिगनों को महिला प्रकोष्ठ की ओर से शुभकामनाएँ दी।

सोमवार की सुबह 11 बजे से तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मिलित होने हेतु बिहार व देश भर से हजारों राजद कार्यकर्ता दिल्ली पहुँच रहे हैं।

16 अक्टूबर को पटना में आयोजित प्रदेश छात्रा बैठक को लेकर अभाविप की हुई बैठक

अररिया । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया का स्थानीय परिषद कार्यालय परिसर में एक बैठक आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रीति पायल ने की. बैठक में मुख्य रूप से 16 अक्टूबर को पटना में आयोजित प्रदेश छात्रा बैठक तथा परिषद के कालेज इकाई पुनर्गठन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई.

बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख सह सिंडिकेट सदस्य प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि आगामी 16 अक्टूबर को पटना में एक दिवसीय है प्रदेश छात्रा बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है जिसमें अररिया जिला से भी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रीति पायल के नेतृत्व में दर्जनों छात्राएं बैठक में शामिल होने के लिए 15 अक्टूबर को पटना के लिए प्रस्थान करेंगे. एम पी सिंह ने कहा कि 1 वर्ष पर परिषद के कॉलेज इकाई तथा नगर इकाई का पुनर्गठन किया जाता है . इस बार अररिया नगर के कालेज इकाई का पुनर्गठन आगामी 16 अक्टूबर को करने का निर्णय लिया गया. उन्होंने कहा कि कॉलेज इकाई का मुख्य रूप से यह दायित्व है कि छात्र-छात्राओं के अधिकार तथा सम्मान की रक्षा के लिए कैंपस में अनुशासित ढंग से आवाज बुलंद करना तथा छात्र-छात्राओं की महाविद्यालय व विश्वविद्यालय से संबंधित जो भी समस्याएं हैं उनके समाधान के लिए प्रयास करना. बैठक में नगर सह मंत्री अंकित कुमार झा, प्रदीप ठाकुर, अरुण कुमार, सुभाष हसदा, मिथिलेश कुमार, अनिकेत कुमार, रोशन कुमार, सोमेश कुमार, राजकुमार, रूपेश कुमार आदि शामिल थे।

कोसी मिथिलांचल में मैथिल ब्राह्मण व कर्ण कायस्थ नवविवाहितों के घर मनी कोजागरा

लक्ष्मी पूजा करने से घर में लक्ष्मी का होता है वास, अधिकांश बंगाली लोग करते हैं लक्खी पूजा-पंडित ललित नारायण झा

डॉ.रूद्र किंकर वर्मा । समाज जागरण

सुख-समृद्धि के लिए मनाए जाने वाले पर्व कोजागरा व लक्खी पूजा रविवार को धूमधाम से मनाया गया. इस पर्व में मधुर व मखान का विशेष महत्व होता है।

मैथिल ब्राह्मण व कर्ण कायस्थों के नवविवाहितों के घर पहली बार यह पूजा विशेष धूमधाम से की जाती है.वही कई घरों में सुख-समृद्धि की देवी लक्ष्मी की प्रतिमा

स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई. कोजागरा नवविवाहिताओं के रागात्मक जीवन के शुरूआत का त्योहार है. इसे हर साल आसिन पूर्णिमा की रात मनाया जाता है. लक्ष्मी पूजा के दृष्टिकोण से भी यह पर्व महत्वपूर्ण है. कोसी सहित मिथिला में इस पर्व का विशेष महत्व है.शादी के पहले साल नवविवाहितों के घर लड़की पक्ष की ओर से मधुर, मखान, पान आदि आता है. साथ ही वर पक्ष के लोगों के लिए वस्त्र भी देने की परंपरा है. संध्या समय कोजागरा पूजन किया गया. जिसमें आसपास के लोगों को बुलाया गया .पूजा उपरांत लोगों के बीच मधुर मखान का वितरण किया गया.

नवविवाहिता वर के घर भार लाने का है परंपरा

सहारा समिति दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित ललित नारायण झा बताते हैं कि कोजगरा के अवसर पर महालक्ष्मी की प्रतिमा भी स्थापित की जाती है. कोजागरा की रात जुआ व ताश खेलने की परंपरा भी वर्षो से चली आ रही है. नवविवाहित वर को भार लेकर आने वाले अपने साला के साथ कौड़ी-पचीसी खेलने की विधि भी पूरी करनी पड़ती है.

पंडित ललित नारायण झा ने बताया कि लक्खी पूजा को लेकर घर की महिलाएं परिवार में धनधान्य व खुशहाली के साथ-साथ मंगलकामना के लिए मां लक्ष्मी की पूजा करती हैं. मान्यता है कि इस दिन लक्ष्मी पूजा करने से घर में लक्ष्मी का वास होता है. इस दिन रात भर जगने की प्रथा है. रात भर अखंड दीप जलाते हैं. कहते हैं कि इस दिन पूजा की ज्योत बुझनी नहीं चाहिए. इसलिए लोग रात भर जागते हैं.लक्खी पूजा की खास बात यह होती है कि मां लक्ष्मी के हाथ में धान की बालियां होती हैं. मां लक्ष्मी को धान अर्पित

किया जाता है, ताकि घर में अन्न का भंडार सदैव भरा रहे. किसान परिवार मां से कहते हैं कि उनकी फसल में बरक्कत हो. मां लक्खी को विभिन्न तरह के भोग चढ़ाये जाते हैं.

धन्यवाद बेटा! इसी तरह हर जरूरत मंद के प्रति हमेशा काम आना ही सबसे बड़ा धर्म है- डॉ. जवाहर पासवान

मधेपुरा । के पी कॉलेज मुरलीगंज के प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर पासवान नें कहा कि मुझे काफी प्रसन्नता हुई जब बड़े पुत्र शुभम रंजन परिवार के ही जरूरत मंद के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल में स्वेच्छा से एक यूनिट

ब्लड डोनेट किया। धन्यवाद बेटा इसी तरह हर जरूरत मंद के प्रति हमेशा काम आना ही सबसे बड़ा धर्म है। पुनः बहुत बहुत धन्यवाद एवं शुभकामनाएं सहित शुभ आशीष।इस मौके पर शुभम की माँ बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा की असिस्टेंट प्रोफेसर अंजली कुमारी भी मौजूद थी ।

पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम में पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ

सदर विधायक विजय खेमका और झारखंड रणजी कप्तान सह अंडर 19 कोच मनीष वर्धन नें किया कार्यक्रम का उद्घाटन

समाज जागरण/

पूर्णियां । पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता पनोरमा ई होम स्पोर्ट्स कंपलेक्स परिसर में तय व निर्धारित तिथि रविवार 9 अक्टूबर को विधिवत शुरू किया गया ।वॉलीबॉल, टेनिस और बास्केट बॉल व अन्य विधाओं का शुभारंभ सदर विधायक विजय खेमका

और झारखंड रणजी कप्तान सह अंडर19 कोच मनीष वर्धन जी के द्वारा किया गया। पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम को दुल्हन की तरह सजाया गया है। पहली बार सभी विधाओं में बालिका वर्ग की टीम भागीदारी निभा रही है ।

क्रिकेट प्रशिक्षक व पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने बताया कि 09 अक्टूबर से शुरू हुई हैं पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक है। खासकर बालिका वर्ग के सभी विधाओं में खिलाड़ी गण भाग ले रही है। जो अपने आप में काबिले तारीफ है।सभी ने पनोरमा ग्रुप के निदेशक श्री संजीव मिश्रा सर को तहे दिल शुक्रिया अदा की है। जिन्होंने ने खिलाड़ियों के लिए बेहतर प्रदर्शन करने हेतु एक उचित स्थान दिया है ।प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में खेली जा रही है। बैडमिंटन ,बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एवं क्रिकेट के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली,कॉलेज,क्लब एवं विभिन्न संस्थाओं के बच्चे भाग ले रहे हैं।

लोगों नें पनोरमा ग्रुप के निदेशक संजीव मिश्रा के प्रति जताया आभार जिन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर व दिया है एक मंच

पनोरमा ग्रुप के निदेशक श्री संजीव मिश्रा सर के द्वारा आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के युवा खिलाडियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल ,कॉलेज,क्लब एवं विभिन्न संस्थाओं की टीमों भाग दी गई है। पनोरमा स्पोर्ट्स ने नया रिकार्ड बनाया है। अभी तक 89 टीमों ने प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

इस मौके पर शहर के गणमान्य मौजूद थे लोगों नें पनोरमा ग्रुप के निदेशक संजीव मिश्रा के प्रति जताया आभार जिन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर व मंच दिया है ।आगत लोगों नें खिलाड़ियों की भी हौसला अफजाई की और साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अराजक व भ्र्ष्ट बिहार सरकार से तंग होकर सिमरबन्नी के विमल मंडल ने अपना हाथ काटकर बाबू वीर कुंवर सिंह जी की याद दिला दी- सांसद

अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह नें इस घटना कि निंदा करते हुए, माननीय राज्यपाल से पूरे मामले की जांच करवाने की मांग की

नरपतगंज । अराजक व भ्र्ष्ट बिहार सरकार से तंग होकर सिमरबन्नी, अररिया के रहने वाले विमल मंडल जी ने अपना हाथ काटकर बाबू वीर कुंवर सिंह जी की याद दिला दी। बाबू वीर कुंवर सिंह जी ने तो अंग्रेजी शासन के विरुद्ध स्वतंत्रता संग्राम में अपनी हाथ की बलि चढ़ा दी थी, लेकिन विमल मंडल जी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के भ्ष्टाचार और अराजकतावादी सोच के खिलाफ ये कदम उठाया, बिगत साल 2017 से वो बिहार के हर सरकारी विभाग में व्यापक स्तर पर जारी भ्ष्टाचार, अफसरशाही, घूसखोरी से परेशान होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को सैकड़ों पत्र लिखा, लेकिन अवैध उगाही कर अरबों रुपये डकारने वाली इस भ्र्ष्ट सरकार पर कोई असर नहीं हुआ। अंत में उन्हें थक हार कर उन्हें अपना हाथ काटना पड़ा। बिहार

संक्षिप्त न्यूज

रेलवे रैक प्वाइंट पर पेयजल की काफी दिक्कत

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन से सटे रेलवे रैक प्वाइंट पर कार्यरत मजदूरों के बीच पीने की पानी का काफी दिक्कत है। रेलवे को प्रति वर्ष करोडो रुपये का राजस्व देने वाला रैक प्वाइंट पर वैसे तो कई अन्य आवश्यक सुविधाओं का टोटा है। लेकिन पानी का संकट सबसे दुखदाई साबित हो रहा है।
मजदूर मेट मलख सरदार उर्फ मलख
राउत ने रेल अधिकारियों से मजदूर
हितों में रैक प्वाइंट पर दो तीन चापाकल लगवाने की मांग की है।

बाजार में छुट्टे सांढ़ से लोगों को भारी परेशानी

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज बाजार में करीब एक दर्जन छुट्टे सांढ इधर- उधर सड़क पर विचरन करते रहते हैं। जो कभी-कभी सब्जी मार्केट या फिर रेलवे स्टेशन परिसर में आपस में भीड़ जाते हैं। फलतः चपेट में आने पर जान माल की क्षति हो जाती है। बाजारवासियों की मानें तो गौशाला बन्द रहने के कारण लोग अपने जर्सी

गायों के बछड़े को बाजार में यूं ही खुला छोड़ देते हैं। जो बाजार में कचड़े के बीच अपना भोजन तलाश ने सड़क पर बिचरन करते रहता है। लोगों ने नप के अधिकारी से छुट्टे सांढ को नियंत्रित करने की मांग की है ।

वारिसलीगंज-खरांठ पथ में रोड ब्रेकर से परेशानी

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज-खरांठ पथ में दर्जनों स्थानों परअनाधिकृत रूप से ग्रामीणों द्वारा सड़क पर ब्रेकर बना देने से वाहन चालकों को परेशानी होती है। खासकर बाइक चालको के लिए सड़क में बना ब्रेकर कभी कभी खतरनाक साबित होता है। कुछ दिनों पूर्व जिलाधिकारी के आदेश बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा बाघीबरडीहा मोड़ बरबीघा एसएच 83 में अवैध रूप से स्थानीय लोगो द्वारा बनवाया गया स्पीड ब्रेकरों को हटवाया गया था। क्षेत्र के लोगों ने खरांठ पथ से भी ब्रेकरों को हटवाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा 14 से शुरू

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-महिला कालेज में अध्ययनरत ग्यारहवीं कक्षा के विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा 14 अक्टूबर से कालेज में संपन्न कराई जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डा. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि 14 अक्टूबर से आयोजित 11वीं वार्षिक परीक्षा में उक्त कक्षा के विभिन्न विषयों में नामांकित सभी विद्यार्थियों को सम्मिलित होना अनिवार्य है। परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने वाले विद्यार्थियों को अगले वर्ष होने वाले 12 वीं की परीक्षा में उत्प्रेशन से वंचित कर दिया जाएगा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में रातभर झूमे श्रोतागण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-प्रखंड क्षेत्र के कुटरी गांव

में नाट्य कला परिषद की स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के अंतिम दिन जाने माने भोजपुरी कलाकार माही ,मनीषा दो सगी बहनों की जोड़ी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में रात भर दर्शक झूमते रहे।
इस दौरान एक से बढ़कर एक देवी गीत के साथ फिल्मी व भोजपुरी गीतों पर लोग मंत्रमुग्ध होते रहे। कार्यक्रम का आगाज रात आठ बजे ग्रामीण सह युवा जिला पार्षद अंजनी कुमार समेत नाट्य कला परिषद कुटरी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया।
मौके पर प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव के युबकों ने रातभर कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम स्थल के पास दर्जनों चाट, गुपचुप तथा मिठाई आदि की दुकान लगाई गई थी। शांतिपूर्ण माहौल में सांस्कृतिक कार्यक्रम समाप्ति बाद अल सुबह माता की प्रतिमा का विसर्जन नम आंखों से कुटरी के पौराणिक तलाब में किया गया।

श्री कृष्णापूरी ठाकुरबाड़ी पथ में राहगीरों को हो रही परेशानी

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज बाजार की नई बसाबट श्रीकृष्णापूरी मोहल्ला में ठाकुरबाड़ी के रास्ते प्रवेश करने में पैदल यात्रियों को परेशानी हो रही है। वजह पथ में हुई ढलाई का अपूर्ण होना बताया जाता है। मोहल्लेवासियों की मानें तो ठेकेदार द्वारा सम्पूर्ण रास्ते की ढलाई करने के दौरान ठाकुरबाड़ी के पास स्थित गृह स्वामी के द्वारा रास्ते की ढलाई के दौरान बल पूर्वक रोक लगा दिया गया है। फलतः मात्र 50-60 गज ढलाई नहीं होने से सड़क में वाहन तो दूर पैदल यात्रियों को परेशानी हो रही है।

देव प्रखंड के सिलार खुर्द में दुगोला का आयोजन किया

दैनिक समाज जागरण, बिरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 9 अक्टूबर 2022 :- औरंगाबाद जिला के देव प्रखंड के सिलार खुर्द में दुगोला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिलार गांव निवासी मुसाफिर

यादव की धर्मपत्नी स्वः मर्छि देवी के श्राद्ध के उपलक्ष में किया गया। व्यास शिव शंकर यादव, बनाम सिरजानन्द पाठक के बीच शानदार मुकाबला हुआ। दोनों ब्याशो ने एक से एक चुटकुला भजन के साथ रात भर रंगा रंग धमाल मचाते हुए दर्शकों को नींद उड़ा दिया। रात भर दर्शक जागते रहे और दुगोला का आनंद लेते रहे । कार्यक्रम में उपस्थित सरगांव पंचायत के सरपंच अजय यादव, गणेश यादव, बीरजा यादव सुरेंद्र यादव, राम लायक यादव, सूर्यदेव यादव, मिथिलेश यादव, जितेंद्र यादव, अजीत कुमार, मनीष कुमार, के साथ साथ सभी संस्कृत के प्रेमी उपस्थित थे। और दुगोला का आनंद ले रहे थे।

दिल्ली के रोहित पहलवान ने 51 हजार की भैंस पर जमाया कब्जा

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के कुटरी गांव में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान शुक्रवार को अन्तर्राजिय दंगल प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। प्रतियोगिता में पांच राज्यों यथा दिल्ली, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, हरियाणा समेत बिहार के गया, शेखपुरा, लखीसराय व नवादा आदि जिलों के पहलवानों ने जोर आजमाइश की। प्रतियोगिता नाट्य कला परिषद के सौजन्य से जिला पार्षद अंजनी कुमार तथा दंगल के प्रायोजक बबलू कुमार
उर्फ विदेशी के नेतृत्व में आयोजित हुई।
पहलवानों को तीन श्रेणियों में विभक्त कर प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें करीब 60 से अधिक पहलवानों ने अपना अपना करतब दिखाया। प्रतियोगिता के अंतिम दौर में दिल्ली के रोहित पांडेय ने बनारस के चंद्रभूषण को पछाड़ कर प्रतियोगिता का पहला इनाम 51 हजार की गुजराती भैंस अपने नाम कर लिया। इसी प्रकार ग्रुप बी में नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना के कोल्हा बीघा ग्रामीण नीतीश पहलवान ने बकसौती के अजय कुमार को पटखनी देकर विजेता बन गए।
जबकि ग्रुप सी में वारिसलीगंज के सरकटी ग्रामीण पवन कुमार ने गया जिले के प्रकाश यादव को पटखनी देकर ग्रुप का पहला खिताब

अपने नाम कर लिया।
पांच घंटे तक हुई पहलवानी प्रतियोगिताः
करीब 5 घंटे तक चली दंगल प्रतियोगिता में दूर दूर से पहुंचे हजारों लोगों ने पहलवानों के विभिन्न दाव हुनर को बहुत करीब से देखा। इस बीच कार्यक्रम को सफल बनाने में निर्णायक की भूमिका में रहे पंचायत के पूर्व मुखिया सुनील कुमार सिंह, सुधीर सिंह, बहादुर शर्मा, मुकेश कुमार, रामबालक सिंह, गुलशन कुमार को कई बार महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ा। पूरे दंगल प्रतियोगिता में स्कोर की भूमिका में रहे राजीव पाठक तथा दंगल का आंखों देखा हाल सुना रहे पंकज पाठक व ऋतु कुमार ने अपनी सक्रियता से लोगों का दिल जीत लिया। बाद में जिला पार्षद अंजनी कुमार तथा पुरस्कार प्रदाता बबलू कुमार उर्फ विदेशी की पत्नी काजो देवी के हाथों संयुक्त
रूप से प्रथम विजेता रोहित पांडे को
सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार 51 हजार की राशि
से खरीदी गई है भैंस देकर सम्मानित
किया गया।
जबकि कोल्हा बीघा के नीतीश कुमार को एलईडी टीवी तथा पवन कुमार को एंड्राइड मोबाइल देकर हौसला अफजाई की गई। इसके
आलवा सभी ग्रुप के दूसरे स्थान पर रहे पहलवानों को भी विभिन्न प्रकार की राशि देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान ग्रामीण राम लखन शर्मा, केदार सिंह, परिषद के सचिव रोविंश पाठक अध्यक्ष, शशिकांत शरण, रूपेश कुमार समेत कई प्रबुद्ध लोग मौजूद थे।
मौके पर जिला पार्षद ने कहा खेल से आपसी प्रेम एवं सद्भावना बनी रहती है। कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पहलवानों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आप इसी प्रकार भारतवर्ष का नाम ऊंचा करते रहे।

वज्रपात ने ली बेटी की जान, मां जख्मी

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

नवादा (बिहार)। जिले के नारदीगंज थानाक्षेत्र के इचुआ करना पंचायत के करना बेलदारी गांव में वज्रपात से एक किशोरी की मौत हो गयी, वहीं उसकी मां जख्मी हो गयी। मृतका की पहचान रामाश्रय चौहान की 22 वर्षीया बेटी पुनिया देवी के रूप में हुई है। पुनिया की मां 45 वर्षीया शीला देवी खतरे से बाहर बतायी जा रही है। घटना रविवार के दोपहर बाद कई है।
बताया जाता है कि मां-बेटी रविवार दोपहर बाद अपने घर के छत पर टहल रही थी, तभी अचानक तेज हवा के साथ वर्षा शुरू हो गयी। इसी दौरान घर की छत पर ठनका गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आने से शीला देवी और पुनिया देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गयीं। घटना की खबर मिलते ही परिजन एवं गांव के लोग तत्काल दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारदीगंज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने पुनिया देवी को मृत घोषित कर दिया,

वही गंभीर रूप से जख्मी उसकी मां शीला देवी का चिकित्सक ने तत्काल इलाज करना शुरू कर दिया।
जानकारी मिलते ही पुलिस सीएचसी पहुंची, और शव को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी को देकर आपदा प्रबंधन कोष से क्षतिपूर्ति की मांग की है। मृतका चार बहन और दो भाई में सबसे बड़ी थी।
मृतका का ससुराल गया जिले के नीमा गांव में है। पति अमीरक चौहान है। दो संतान छोटे छोटे हैं। एक अजीत राज और दूसरा शारदा कुमारी है। मृतका दुगार्पूजा में मायके आयी थी।
घटना की जानकारी पर समाजसेवी सतीश कुमार चौहान, सागर चौहान, शिवशंकर चौहान, अजय चौहान, परमेश्वर चौहान समेत अन्य लोग मृतका के घर पहुंचे और जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की। इस बाबत
अंचलाधिकारी अमिता सिन्हा का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आपदा राहत कोष से मृतक के परिजनों को चार लाख रुपये उपलब्ध कराया जायेगा। बहरहाल मौत से घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के शुभ अवसर पर हसपुरा के सूर्य मंदिर के प्रागंण में शानदार मुकाबला।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद (बिहार) 9 अक्टूबर 2022 .औरंगाबाद जिला के हसपुरा प्रखंड में शानदार दोगोला का आयोजन किया जा रहा है यह कार्यक्रम टिहुल बिगहा, बन्धु बिगहा, बाघाकोल गांव कि ग्रामिणो के सहयोग से छठ पूजा के शुभ अवसर पर दिनांक -30/10/2022 को सूर्य मंदिर के प्रागंण में शानदार मुकाबला के अगाज होने जा रहा है जिसमें कलाकार - बुद्धा ब्यास बक्सर बनाम सिरजानंन्द पाठक

औरंगाबाद के बिच मुकाबला रात - 8 बजे से होगा । बाबा भास्कर छठ पूजा समिति के संचालक- सह पैक्स अध्यक्ष साधु यादव ,अध्यक्ष - ई राहुल राजकोषाध्यक्ष - दीपक यादवउपाध्यक्ष - श्रवण कुमार,सचीव - अनुज कुमार ब्यवस्थापक- ई छोटू यादव ने बताया कि हर साल छठ पूजा के शुभ अवसर पर हमलोग तीन गांव मिलकर ऐसे ऐसे कार्यक्रम नये तरिके से करते आ रहे हैं तीनो गांवों के एकजुटता हि हमारा कमिटी का बल है जो शांति पुर्ण महोल से होता है।

रसोइया संघ की बैठक में उठी मानदेय बढ़ाने की मांग

दैनिक समाज जागरण, सत्यदेव सिंह हसपुरा,औरंगाबाद हसपुरा -- प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में भारतीय विद्यालय रसोइया संघ की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष विनय सिंह ने किया। बैठक में शामिल विभिन्न जगहों से आये रसोइयों ने अपनी मांगों को रखा। जिसमें आठ हजार प्रति माह मानदेय दिए जाने सहित आक्सिमक अवकाश का लाभ देने, पेंशन योजना का लाभ देने का मुख्य रूप से शामिल है। बैठक में शामिल माले नेता दिनेश, योगेंद्र यादव ने रसोइया के समर्थन में कहा केन्द्र सरकार हो या बिहार की सरकार रसोइयों के साथ मजदूरी में भेदभाव अपना रही है। जिलाध्यक्ष विनय सिंह ने कहा प्रतिमाह 16 सौ मानदेय दिया जाना दैनिक मजदूरी से बहुत कम है। जिससे रसोइयों को परिवार का भोजन भी चलाया जाना मुश्किल भरा है।जमुनी देवी, पार्वती देवी, सीमा देवी, कुसुम देवी, गायत्री देवी, सुशीला देवी,सोनामति देवी,मातो देवी, आनंदी देवी सहित दर्जनों रसोइया अपनी मांगों को रखते हुए कहा सरकार अगर हमारी बातें नहीं सुनती है तो आंदोलन के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन की सभी प्रखंड इकाई भंग, बनाये गये प्रखंड प्रभारी

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

नवादा (बिहार)। प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक फ्रंटलाइन पब्लिक स्कूल में हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार ने की। बैठक में सर्वसम्मति से सभी प्रखंड स्तर की इकाई को भंग कर दिया गया। इसके बाद जिला इकाई द्वारा प्रखंडों में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन को मजबूत करने के लिए प्रखंड प्रभारी तय किया गया। अब तय किये गये प्रखंड प्रभारी अपने-अपने प्रखंड में स्कूलों में जाकर संगठन को मजबूत करेंगे, नये-नये स्कूलों को अपने संगठन से जोड़ेंगे और 27 नवम्बर को जिला इकाई की होनेवाली बैठक में अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे। तत्पश्चात जिला इकाई निर्णय लेगी कि किस प्रखंड में किस स्कूल संचालक को प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया जाये।

तय किये गये प्रखंड प्रभारी

श्रीनिवास-- जिला उपाध्यक्ष-
1.नरहट
2. हसुआ :- धर्मेन्द्र प्रसाद सिंह- जिला महामंत्री
1.गोविन्दपुर
2 . अ क ब ा र प ा ु र
मनोज कुमार मिश्र- जिला सचिव-
1. नवादा
2 :-.नारदीगंज
रंजीत कुमार -जिला कोषाध्यक्ष 1.रोह, 2. वारिसलीगंज
विजय कुमार अभिभावक एवं जगत किरण सिन्हा 1.कौवाकोल
2.पकरीबरावां
सर्वेश कुमार जिलासचिव1. काशीचक
रवीन्द्र कुमार (पप्पू जी) 1.रजौली
शिव शंकर प्रसाद 1.सिरदला
रवीन्द्र कुमार एवं शिवशंकर प्रसाद दोनों साथ- साथ मेसकौर प्रखण्ड में काम करेंगे।
इसके बाद ई- सम्बंधन देने में जिला शिक्षा कार्यालय के सहायकों एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा

किये गये लेनदेन का खुला खेल की सर्वसम्मति से भर्त्सना की गयी, जबकि जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी की भूरी भूरी प्रशंसा इसलिए की गयी क्योंकि बिना लेनदेन का 2018-19 का आया हुआ प्रतिपूर्ति राशि का 28 प्रतिशत का भुगतान किया गया है। इसके बाद जिला अध्यक्ष ने उन्हें धन्यवाद दिया और उम्मीद की कि आगे भी जो प्रतिपूर्ति राशि की 72 प्रतिशत राशि आयी है उसका भुगतान जिला शिक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी अविलम्ब करेंगे।
जिला महामंत्री धर्मेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि जिला शिक्षा कार्यालय के सहायकों ने जानबूझकर स्कूलों के बीच विसंगतियां बनाते रहते हैं। प्रतिपूर्ति राशि के भुगतान में कई तरह की विसंगतियां हैं। इसे दूर किया जाना चाहिए। जिला सचिव श्री मनोज कुमार मिश्र ने कहा की हम सभी प्राइवेट स्कूल गरीब बच्चों को पढ़ाते हैं यह एक नेक कार्य है, इसके लिए सरकार समय पर प्रतिपूर्ति राशि नहीं दे पाती है, जो देती है उसे भी खंडित करके देती है यह सरकार की गरीब विरोधी नीति का उदाहरण है उपाध्यक्ष श्री निवास ने कहा कि प्राइवेट स्कूल गरीब बच्चों को जिस उत्साह से पढ़ाता है उसी उत्साह से प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान भी आवश्यक है इसे समय पर भुगतान करना चाहिए। विगत 5 वर्षों का प्रतिपूर्ति राशि का बकाया होने से हजारों छोटे-छोटे स्कूल बंद हो गये फिर भी सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है।
जिलाध्यक्ष प्रो0 विजय कुमार ने कहा कि सरकार नहीं चाहती है कि किसी गरीब बच्चों को प्राइवेट स्कूल पढ़ाये। अगर सरकार ऐसा चाहती तो विगत 5 वर्षों का बकाया प्रतिपूर्ति राशि एकबार में दे सकती थी जानबूझकर प्रतिपूर्ति राशि को खंडित करके देना, कभी मात्र एक वर्ग का तो कभी एक वर्ग का 28 प्रतिशत तो कभी उसी वर्ग का 72 प्रतिशत उचित नहीं है। इसके लिए पिछले वर्ष 8 अगस्त को जिला जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में जाकर आगाह कर चुके हैं इस बार भी मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री,शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक, जिलाधिकारी नवादा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा को पत्र लिखा जा चुका है।
बैठक में शिव शंकर प्रसाद, रविंद्र कुमार, पंकज कुमार, जगत किरण सिन्हा, विजय कुमार अभिभावक, अभिषेक कुमार, हर्ष कुमार, राजेश कुमार, रंजीत कुमार आदि सैकड़ो स्कूल संचालक उपस्थित थे।

लोक आस्था के महापर्व कार्तिक छठ के दौरान विश्व विख्यात भग्वान भास्कर की नगरी औरंगाबाद जिले के देव में गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद (बिहार) नवंबर 2022:- विश्व विख्यात भग्वान भास्कर के नगरी औरंगाबाद जिले के देव में लोक आस्था के महापर्व कार्तिक छठ के दौरान गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। भग्वान श्री सूर्य नारायण सेवा समिति की बैठक में कार्तिक छठ महापर्व पर सूर्य कुंड छठ घाट पर श्री सूर्य नारायण महाआरती सह गंगा आरती का आयोजन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। आगामी 28 अगस्त (नहाए खाए) को यह आयोजन होगा। बैठक की अध्यक्षता पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक ने की। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि भगवान सूर्य की अराधना के लिए

ऐतिहासिक सूर्य कुंड का छठ घाट विख्यात है। इस वर्ष भव्यता के साथ छठ पर्व मनाया जाएगा। इस वर्ष दिव्य श्री सूर्य नारायण महाआरती सह गंगा आरती की तैयारी जोरों पर है। वाराणसी से ब्राह्मणों को बुलाया जाएगा। चैत एवं कार्तिक में छठ करने कई राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहा पहुंचते हैं। यहा के सूर्यकुंड तालाब का विशेष महत्व है। छठ गीत से देव गुंजायमान हो उठता है। सभी श्रद्धालुओं से आग्रह कि एक दीपक साथ जरूर लेकर आए।.बैठक में समाजसेवी आलोक सिंह, दिलीप राज, दीपक सिंह, अनूप कुमार गुप्ता ,निरंजन कुमार वर्मा, रविकांत पाठक, गोलू कुमार, प्रकाश कुमार, प्रिंस कुमार उपस्थित थे।

सूर्यनारायण रथ यात्रा के शुभ अवसर पर होगा देव में माँ काली सह कार्तिकेय मूर्ति की स्थापना यज्ञ।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता

औरंगाबाद (बिहार) 9 अक्टूबर 2022 :-औरंगाबाद जिला के भगवान भास्कर के नगरी देव में पर्यटन विकास केंद्र देव सह रानी तालाब काली मन्दिर समिति के संयुक्त बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की आने वाले सूर्य जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर ही देव के रानी तालाब स्थित काली मन्दिर में मूर्ति स्थापना यज्ञ का आयोजन किया जाय।
सूर्यनारायण रथ यात्रा सह स्थापना यज्ञ के कार्यक्रम की रुपरेखा तय की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जनवरी से देव किला के पास श्रीमद्भागवत कथा का संगीतमय प्रवचन का शुभारंभ , 24,25,26,एवं 27 जनवरी को रानी तालाब स्थित काली मन्दिर में

माँ काली एवं कार्तिकेय मूर्ति की स्थापना यज्ञ ।
28 जनवरी को सूर्य नारायण रथयात्रा सह 501 कलश यात्रा। 29 जनवरी को देव किला के पास भंडारा सह मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम निश्चित हुआ है।
देव पर्यटन विकाश केंद्र,देव के सदस्यों और उपस्थित समाजसेवियों के सहमति से लक्ष्मण गुप्ता को बैठक का अध्यक्ष बनाया गया।जिसका संचालन रणधीर चंद्रवंशी ने किया।बैठक मे देव पर्यटन विकास केंद्र के अध्यक्ष श्री उदय सिंह,रवि रंजन प्रकाश, पिंटु साहिल, शशी मालाकार , नंदलाल कुमार, सुनील प्रताप,पुरुषोतम पाठक,बलराम चँद्रवंशी,पवन पांडेय,वहीं रानी तालाब काली स्थान मन्दिर के सदस्यों में मनीष कुमार,उपेन्द्र सिंह,चन्दन,नारायण यादव,जीतेन्द्र प्रजापत,दिनेश, मुरारी बिरन बिश्वकर्मा, अमरनाथ कुमार,मुनटुन,विशाल कुमार गुप्तेश्वर कुमार, मिथुन जी, श्याम लाल जी,शिवम कुमार,धिरज कुमार आदि उपस्थित थें।

मगध विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी सरकारी महाविद्यालयों और प्राइवेट कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों को है परीक्षा का इंतजार

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-मगध की चर्चा ज्ञान और तप की भूमि के रूप में सदियों से होती रही है। जहां देश विदेश के कईयों ने शिक्षा प्राप्त कर पूरी दुनिया में ज्ञान की लौ जलाई है।लेकिन आज उस ज्ञान की भूमि पर स्थापित मगध विश्वविद्यालय देश-विदेश तो दूर की बात मगध वासियों को बिना पढ़ाई भी डिग्री देने में भी सक्षम नहीं हो रही है। यही कारण है कि बिहार सहित देश में इन दिनों नौकरी की बहार है। लेकिन तीन वर्षीय डिग्री के लिए लगभग पांच वर्ष पूरा कर चुके मगध विश्वविद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों को अभी भी परीक्षा का इंतजार है। बता दें मगध विश्वविद्यालय कुछ वर्ष पहले तक बिहार का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय हुआ करता था। जिसके सभी कॉलेज लगभग तीन दशक पहले तक उच्च शिक्षा प्राप्त करने का प्रमुख केंद्र था। जिसमें लगभग चार दर्जन सरकारी मान्यता प्राप्त कॉलेज था जिसमें बिहार की राजधानी पटना के कई नामी कॉलेज भी शामिल था। लेकिन प्रशासकीय सहूलियत को देखते हुए पटना, नालंदा के कॉलेजों को मगध विश्वविद्यालय से हटाकर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में शामिल कर दिया गया।
अब मगध विश्वविद्यालय का मुख्य द्वार मगध विश्वविद्यालय में कुल 20 सरकारी मान्यता प्राप्त तो 27 संबद्धता प्राप्त डिग्री कॉलेज स्थापित है। जहां कुछ कॉलेज को छोड़कर लगभग सभी कॉलेजों में पिछले 20 से 30 वर्षों से पढ़ाई पूरी तरह बंद है। कुछ दिन पहले तक बिना पढ़ाई डिग्री दी जा रही थी। लेकिन इधर हाल के वर्षों में विश्वविद्यालय प्रशासन के अनियमितता में संलिप्त
होने और बिहार सरकार व राज भवन के अनदेखी कारण इन विश्वविद्यालय के कॉलेजों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को डिग्री मिलना भी मुश्किल हो रहा है।

सामाजिक, आर्थिक दबाव झेल रहे हैं अभिभावक विद्यार्थी

पिछले कुछ वर्षों से विश्वविद्यालय व राजभवन के क्रियाकलाप के चलते विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कॉलेजों में नामांकित छात्र छात्राओ का भविष्य अंधकारमय हो गया है। खासकर वैसे मध्यवर्गीय विद्यार्थी जो इन कॉलेजों में नामांकन करा कर दूर जाकर प्रतियोगी मगध विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में नामांकित छात्र छात्राओं सहित अभिभावकों को सामाजिक व
आर्थिक दवाब झेलनी पड़ रही है। 2018 में एसएन सिन्हा महाविद्यालय में नामांकन करा चुके शिवम मनीष अखिलेश की उम्र 23 और 24, 25 वर्ष हो चुका है। बावजूद मात्र पार्ट 2 का परीक्षा दिया है। जिसका परीक्षा परिणाम अभी भी आना बाकी है। जिस

कारण किसी प्रकार की तैयारी करना मुश्किल हो रहा है। इन जैसे हजारों छात्रों के साथ साथ अभिभावकों को आर्थिक और सामाजिक यातनाएं झेलनी पड़ रही है। उसी प्रकार छात्राओं की स्थिति और भी विकट है। जिसकी शादी 20 से 25 वर्ष की उम्र तक सामान्यता कर दी जाती है। लेकिन 25 वर्ष होने को है और कोई नौकरी या रोजगार तो दूर की बात स्नातक की पढ़ाई भी पूरी नहीं हो सकी है। जिस कारण इन बेटियों के पिता को अपनी आकांक्षा को दबाकर बिना स्नातक हुए ही शादी करने को विवश होना पड़ रहा है।

छात्र- छात्राओ का भविष्य अंधकारमय

पिछले कुछ वर्षों से विश्वविद्यालय व राजभवन के क्रियाकलाप के चलते विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कॉलेज में नामांकित छात्र छात्राएं का भविष्य अंधकार में हो गया है खासकर भाई से मध्यम वर्गीय विद्यार्थियों को इन कॉलेजों में नामांकन करा कर दूर जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में जुटे हुए हैं। और तैयारी पूरी हो चुकी है। लेकिन विश्वविद्यालय का सत्र काफी लेट होने के कारण डिग्री नहीं मिली है। जिस कारण देश में आयोजित कोई भी प्रतियोगी परीक्षा नहीं दे सकते हैं। डिग्री कब मिलेगी और प्रतियोगी परीक्षाओं में कब शामिल होंगे अनिश्चय की स्थिति विद्यार्थियों के सामने बनी हुई है। खासकर अभी जब बिहार सहित पूरे देश में हर रोज नौकरी की वैकेंसी निकल रही है। इन विद्यार्थियों को भरी मानसिक यातनाएं झेलनी पड़ रही है साथ ही देश में आयोजित कई परीक्षाये जिसकी उम्र सीमा होती है।

३ वर्ष की डिग्री 4 और पांच वर्ष में भी नही हुई हैं पूरी

इन 47 डिग्री कॉलेजों में हजारों की संख्या में 2018 से 21 और 2019 से 22 के सत्र में विद्यार्थी नामांकित हैं। जिनका लगभग पांच और चार वर्ष पूरा हो चुका है। 18 मे नामांकन लिए विद्यार्थी का पार्ट 2 का परीक्षा संपन्न हो गया है। जबकि 19 में नामांकित विद्यार्थी पार्ट वन की परीक्षा दे चुके हैं लेकिन लगभग साल भर बाद भी परीक्षा परिणाम प्रकाशित नहीं हो सका है। जबकि विश्वविद्यालय के नियमानुसार किसी भी विद्यार्थी का रजिस्ट्रेशन पांच वर्ष तक ही मान्य होता है। कुछ माह बाद इन विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन अमान्य हो जाएगा। उसी प्रकार सत्र 20 से 23, 21 से 24 जिन का नामांकन दो वर्ष पहले महाविद्यालय में हो चुका है। जिसका रजिस्ट्रेशन होना है। तीन वर्षीय स्नातक डिग्री के लिए कब परीक्षा परिणाम आएगा और तृतीय वर्ष में नामांकन होकर डिग्री प्राप्त होगी को लेकर इन विद्यार्थियों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

ग्राम चिरह मैं शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी

दैनिक समाज जागरण जोकीहाट से रिपोर्टर मोहम्मद आसिफ

जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र मैं ग्राम चिरह मैं ईद जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर हजारों की संख्या में अकीदतमंदो ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के चौक चौबंद व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला एतवार एतवार के सुबह चिरह शरीफ से निकलकर उदा हॉट होते हुए अररिया सुभाष स्टेडियम पहुंचा जहां हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब की जयंती पर

मुसलमानों ने इकट्ठा होकर जलसा का प्रोग्राम हुआ और देश के अमन शांति के लिए दुआएं मांगा गया वहीं जुलूस में शामिल हुए मुख्य अतिथि लोग चिरह पंचायत के, ,मुखिया पति,, मोहम्मद शाहिद ,, पूर्व सरपंच इश्तियाक आलम,, मौलाना मोहम्मद जफर,,, हाजी इरशाद,,, मास्टर वाहिद,,, सूरज,, पिंकू मिट्ठू लालू लाडला सनोवर निहाल अख्तर डॉक्टर हसीब नबी हसन बर्फी मोहम्मद मुदस्सिर और इत्यादि लोग शामिल रहे

अररिया जिले में कई जगह शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी

दैनिक जागरण अररिया से प्रभारी इस्तेखार आल

मोहम्मद शादाब आलम ने जानकारी देते हुए बताया जश्ने ईद मिलादुन्नबी मेरी अगवाई में जुलूस ए मोहम्मदी मोहनिया श्रीनगर चाहट पू ंडुमरिया पलासी बरहट सुहागपुर होते हुए मोहनिया जामा मस्जिद में दुआ के बाद संपन्न हुई सभी लोगों ने अपने नबी की आमद पर सरकार की आमद मरहबा मदनी की आमद मरहबा नारा बुलंद किया इस्लामी झंडा के साथ 7 तिरंगा भी लहराया गया इस जुलूस में हजारों लोग शामिल रहे

अररिया आम आदमी पार्टी कार्यालय में बैठक

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता चंदन कुमार दास

आज दिनांक 9 अक्टूबर 2022 को दिन रविवार समय 12:00 बजे मारवाड़ी तेरापंथ भवन के निकट आम आदमी पार्टी के कार्यालय में एक बैठक किया गया इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी एवं संगठन मजबूत करने के लीए जॉन प्रभारी चंद्रभूषण जी ने सभी कार्यकताओं को जानकारी देते हुए कहा पहले हमें मजबूत होना है उसके बाद आम आदमी पार्टी की सरकार तभी बनेगी आम आदमी पार्टी जिला एवं पंचायत के लोगों को जानकारी देना है कि हम भी एक पार्टी संगठन से हैं एवं हमारी भी सरकार बन सकती है हम आम आदमी पार्टी से हमारी सरकार भी हर दुख हर घटना हर समस्या के साथ राहत देने की काम करेंगे एवं गरीबों को लाभ देने का भी काम करेंगे इस बैठक में मौजूद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जॉन प्रभारी चंद्रभूषण जी, विधानसभा अध्यक्ष सईदुर रहमान , राजेश भारद्वाज जिला प्रभारी , अफरोज आलम प्रवक्ता, सेक्टर प्रभारी बाहरूउद्दीन आलम इत्यादि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे

रसलपुर थाना क्षेत्र के चन्नों में हनुमान मंदिर की स्थापना दिवस मनाई गई

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ निबराज आलम

धूमधाम से मना स्थापना दिवसः- रसलपुर थाना क्षेत्र के चन्नों में हनुमान मंदिर की स्थापना दिवस मनाई गई !मंदिर की स्थापना शरद पूर्णिमा के दिन ही की गई थी !इस दौरान 24 घंटे का हनुमान चालीसा पाठ का भी आयोजन किया गया है !मौके पर मुख्य पुरोहित परमानंद तिवारी,नयन तिवारी,मुख्य यजमान मनोरंजन यादव,सुभाष यादव,अधिकलाल यादव समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे !

नाथनगर थाना क्षेत्र के बाईपास में चार पहिया वाहन रात मे अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई

दैनिक समाज जागरण नाथनगर से विवेक कुमार की रिपोर्ट

नाथनगर थाना क्षेत्र के बाईपास में चार पहिया वाहन रात के लगभग 1:00 बजे सुपौल से आ रहे सुल्तानगंज के लिए जा रहे थे मुंडन कराने के लिए अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई जिसमें किसी भी लोगों को कोई भी तरह की हताहत नहीं हुई सूचना पाकर पहुंचे नाथनगर थाना पुलिस,मधुसुदनपुर थाना पुलिस, 112 की पुलिस पदाधिकारी एवं दमकल गाड़ी बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया



ऑटो और ट्रैक्टर मे आमने सामने टक्कर में नौ लोग बुरी तरह जख्मी

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ निबराज आलम

भागलपुरे सुलतानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मदरिया पावर हाउस के समीप सुल्तानगंज- तारापुर रोड में ऑटो तथा ट्रैक्टर की आमने सामने टक्कर में नों लोग बुरी तरह जख्मी हो गऐ जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा आनन-फानन में रेफरल अस्पताल सुल्तानगंज लाया गयो जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन लोगों को बेहतर इलाज के लिए मायागंज रेफर कर दिया गया घायल द्वारा बताया जा रहा है कि फुल्लीडुमर इटहरी जिला बांका का सभी रहने वाले हैं जो सुल्तानगंज अजगैबीनाथ गंगा घाट पर मुंडन के लिए आए थे और मुंडन कराकर अपने गंतव्य स्थान जा रहे थे इसी दौरान ट्रैक्टर चालक के द्वारा बकरी को बचाने के चक्कर में सामने से ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो पलट गया जिससे सभी लोग बुरी तरह जख्मी हो गए।वहीं घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा स्थानीय थाना सुल्तानगंज को दी गईं मौके पर स्थानीय थाना पहुंचकर ट्रैक्टर तथा ऑटो को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है !

हजरत मोहम्मद पैगम्बर की जंयती पर जुलूस निकाली गयी

सत्येंद्र कुमार/बिहटा बिहटा में हजरत मोहम्मद पैगम्बर साहब की जयंती पर मुसलमानो ने नूरी मस्जिद अजमेरी नगर से जुलूस शांतिपूर्ण निकाला गयी । यह जुलूस अजमेरी नगर से निकलकर पोस्टऑफिस रोड होते हुए रेलवे स्टेशन तक गया । जुलूस में समर्थको ने हजरत साहब के जन्म पर सरकार की आमदमरहबा का नारा लगा रहें थे । पैगम्बर साहब की जंयती पर निकाली गयी जुलूस पर समर्थको ने खुशी में फूल की वर्षा किया । जुलूस अजमेरी नगर से निकल कर बिहटा चौक पर आकर हजरत मोहम्मद पैगम्बर साहब की पैदाईस पर तकरीर मौलना साहब ने की । बाद में जुलूस में शामिल समर्थको में जावेद अख्तर ने बिहटा थाना अध्यक्ष रंजित कुमार को गुलदास्ता देकर सम्मानित किया । मौके पर मो जावेद अख्तर,मो शोएब रिजवी ,राजद नेता राम प्रवेश यादव, मो मुश्ताक ,मो रुस्तम अंसारी ,मो खालिक कुरैशी , नरेश प्रसाद ने भाग लिया ।

सुरक्षित शनिवार में छठ त्योहार

दैनिक समाज जागरण पीरपैती से देवमूनी कुमार

पीरपैंती :- पीरपैंती प्रखंड के बलदेव तिवारी आदर्श मध्य विद्यालय कामतटोला, पीरपैंती, भागलपुर, बिहार में अद्वितीय ऐतिहासिक गुलमोहर वृक्ष (डीजीट्री) की शीतल छाया में अक्टूबर महीने के प्रथम और द्वितीय सुरक्षित शनिवार के संयुक्त एजेंडे के तहत नदियों में मूर्तियों के विसर्जन और छठ पर्व के अर्घ्यदान के समय बच्चों के डूबने की आशंकाएं तथा नाव दुर्घटना के कारण और निवारण कार्यक्रम चहक की गतिविधियों के माध्यम से स्टेट मास्टर ट्रेनर ऑफ चहक सह फोकल शिक्षक सह सहायक शिक्षक शिवनाथ रविदास उर्फ. चहकनाथ भागलपुरी के निर्देशन में, प्रधानाध्यापक अम्बिका प्रसाद मंडल,

सहायक शिक्षिका प्रीति कुमारी, शिक्षा सेविका बबिता कुमारी, बाल संसद और मीना मंच के सभी सदस्यों सहित विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बच्चे-बच्चियों को छठ पर्व, नाव परिचालन की कविता पाठ और पानी में डूबने की जीवंत गतिविधियां करायीं गयीं। बच्चों ने उत्सुकतापूर्ण माहौल में रूचिपूर्वक और खेल-खेल में आपदाओं से निपटने के गुर सीखे।

साथ ही साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया इस मौके पर , , ओमराम,मनीष, विष्णु, पियूष, दिवाकर, राजकुमार,गुंजा, राधा,सोनी,राखी, अनुष्का, राजमुनि, मुस्कान, आंचल, पूजा, देवकुमार आदि बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

वैशाली जिले का 50 वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा : डीएम

अधिकारियों को ससमय कार्य पूरा करने का निर्देश

दैनिक समाज जागरण

हाजीपुर(वैशाली)जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में वैशाली जिला स्थापना दिवस समारोह के आयोजन को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें वैशाली जिला स्थापना दिवस 12 अक्टूबर को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया।वैशाली जिला 12 अक्टूबर 1972 को अस्तित्व में आया।इस बार जिला का 50 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बैठक की शुरूआत में ही बता दिया कि यह 50 वां स्थापना दिवस है इसलिए इसे विधिवत भव्य रुप दिया जाए।तैयारी के लिए समय कम बचा हुआ है इसलिए आयोजन को लेकर जो समितियां गठित की गई हैं उसके पदाधिकारी लगातार कार्य कर आयोजन को सफल बनाएं।बैठक में सुबह में प्रभात फेरी से लेकर संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने की सहमति बनी।जिलाधिकारी ने कहा कि सुबह में 7:00 बजे प्रभात फेरी

निकाली जाएगी।इसके पश्चात पदाधिकारियों के द्वारा साइकिल रैली निकाली जाएगी।दिन में पुलिस लाइन में फुटबॉल मैच का आयोजन कराया जाएगा।मुख्य समारोह स्थल अक्षय वट राय स्टेडियम में सरकारी विभागों के स्टॉल लगाएं जाएंगे।सिविल सर्जन को यहाँ पर ब्लड डोनेशन कैम्प लगाने का निर्देश दिया गया।संध्या 5 बजे स्थापना दिवस का विधिवत उद्घाटन के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।जिसमे स्कूली बच्चे सहित जिला के नामचीन हास्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी सरकारी भवनों को प्रखंड स्तर से लेकर जिला स्तर तक भव्य रूप में सजाया जाय।बैठक में जिलाधिकारी के साथ अपर समाहर्ता श्री विनोद कुमार सिंह,सभी एसडीओ,सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

एक बार फिर एस0 एस0 बी0 ने मानव तस्करी के लिए ले जारहे तीन नाबालिक लड़की को कराया मुक्त

जुबैर अंसारी - दैनिक समाज जागरूण - एस एस बी 45 वीं

सीमा चौकी शैलेशपुर ने गश्ती के दौरान मानव तस्करी के लिए नेपाल से राजस्थान ले जाए जा रही 3 नाबालिग नेपाली लड़कियों को 2 मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है

जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट आलोक कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि आसूचना तंत्र के माध्यम से सूचना मिली थी कि नेपाल की कुछ लड़कियों को मानव तस्करी के लिए राजस्थान ले जाया जाने वाला है सूचना मिलते ही एक विशिष्ट गश्त दल नियुक्त किया गया ` उप-निरीक्षक कपूर चंद के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी मो. हुसैन, आरक्षी तेजपाल लकरा, आरक्षी लक्ष्मण सिंह, आरक्षी महिला रीमा यादव, आरक्षी महिला वंदना देवी का गश्त दल सहरसा चौक पर पहुंचा कुछ ही देर में एक ई रिक्शा सहरसा चौक पर रुका जिसमें एक महिला तथा 3 लड़कियाँ थी पूछताछ के क्रम में महिला ने अपना नाम सावित्री देवी (काल्पनिक नाम), उम्र 30 वर्ष, ग्राम पिपरा वार्ड 5 सप्तरी, नेपाल बताया तथा बताया कि उसके साथ की 3 लड़कियाँ जो कि नाबालिग हैं तथा ग्राम- पिपरा, वार्ड 5, सप्तरी, नेपाल की ही रहने वाली हैं उन्हें मजदूरी के लिए राजस्थान ले जा रही थी इस कार्यवाही में ई रिक्शा चालक मो. मोइदिन भी शामिल था तथा उसने सबको कंचनपुर नेपाल से सहरसा चौक के लिए रुपये 800/- तय किये थे` चूंकि सभी नाबालिग लड़कियाँ नेपाल की थी तथा पकड़े गये दोनों मानव तस्कर भी नेपाल के ही थे फलतः उचित कागजी कार्यवाही के उपरांत ई रिक्शा, दोनों मानव तस्कर तथा मुक्त कराई गयी तीनों लड़कियों को गैर सरकारी संगठन कोकन के उपस्थिति में ए. पी. एफ. नेपाल के सुपुर्द किया गया

पटना जिले के दुलहिन बाजार में सड़क हादसे में हुए तीन बाइक सवारों की मौत से मचा कोहराम

घटनास्थल पर ट्रैक्टर छोड़कर चालक हुआ फरार

पालीगंज/ संवाददाता वेद प्रकाश

पालीगंज/ दुलहिन बाजार/ शनिवार की रात पटना जिले के दुलहिन बाजार प्रखण्ड सह रानितलाब थाना क्षेत्र के काब गांव के पास हनुमान मंदिर के समीप एनएच 139 मुख्य सड़क पर हुए सड़क हादसे में तीन बाइक सवारों की मौत के बाद परिजनों के बीच कोहराम मच गया। वही पुलिस ने मौके से एक ट्रैक्टर को जप्त कर लिया है जबकि चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त सूचना के अनुसार शनिवार की शाम रानितलाब थाना के काब बसतपुर गांव निवासी 70 वर्षीय फूलन राम को अपने भाई के साथ आपसी विवाद को लेकर झगड़ा हो गया। जिसको लेकर फूलन राम रात्रि को ही अपनी 68 वर्षीय पत्नी ज्ञानती देवी व अपने नाती पालीगंज थाना क्षेत्र के गुलीटांड़ गांव निवासी पप्पू राम के 15 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर रानी तालाब थाने में शिकायत दर्ज कराने के लिए घर से निकल गया। जब वे लोग थाना से लौटने लगा तो काब गांव के बाहर एनएच 139 मुख्य सड़क पर एक बालू लदी ट्रैक्टर बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे फूलन राम की मौत मौके पर हो गया। जबकि पत्नी ज्ञानती देवी व नाती रजनीश कुमार सड़क पर गिरकर

गम्भीर रूप से घायल हो गया। वही ट्रैक्टर भी सड़क किनारे पलट गई व चालक ट्रैक्टर को घटनास्थल पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची रानितलाब पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया तथा घायलों को इलाज के लिए बिक्रम अस्पताल भेज दिया। जहां से घायलों की गम्भीर स्थिति को देख डॉक्टरों ने पटना पीएमसीएच भेज दिया। वही घायल ज्ञानती देवी की मौत पटना जाने के दौरान रास्ते मे हो गयी। जबकि घायल रजनीश कुमार की मौत पटना पीएमसीएच पहुंचकर हो गयी। मौत की सूचना मृतक के गांव पहुँचते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। वही पूछे जाने पर रानितलाब थानाध्यक्ष बिमलेश कुमार ने बताया कि पटना पीएमसीएच में पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटनास्थल से ट्रैक्टर को भी जप्त कर लिया गया है। पुलिस को फर्दबयाँ के लिए पटना भेजा गया है। जहां से लौटने के बाद फर्दबयाँ के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

वार्ड सदस्यों ने बीडीओ के खिलाफ जमकर की नारेबाजी, प्रदर्शन

दैनिक समाज जागरण नाथनगर से विवेक कुमार की रिपोर्ट

नाथनगर प्रखंड परिसर स्तिथ दुर्गा मंदिर प्रांगण में रविवार को नूरपुर पंचायत के वार्ड सदस्यो एवं वार्ड सचिव के द्वारा बीडीओ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं वार्ड सदस्यों का कहना है हम सभी वार्ड सदस्यों को प्रखंड परिसर में कोई भी पदाधिकारी पहचानने से इंकार करते है, एवं अधिकारियों का कहना है कि हम लोग वार्ड सदस्य को नहीं जानते हैं वार्ड सदस्य का यह भी कहना है कि 15 वे वित्त आयोग से कार्य करने के लिए कोई भी तरह का फंड हमारे बैंक में नहीं आया है उन्होंने कहा की वार्ड सदस्य भी जनता के प्रतिनिधि होते हैं। हमारा भी अपने वार्ड के प्रति कुछ कर्तव्य है जब हमारे वार्ड में विकास कार्य नहीं होता है तो जनता सवाल करती है और वार्ड सदस्य होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि उनकी

समस्या का समाधान करना जब सीधे तौर पर हमारे खाते पर फंड का हस्तांतरण नहीं होता है तो कार्य करने में काफी कठिनाई होती है। दूसरी तरफ प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, लेखापाल, आईटी सहायक के प्रति विशेष लगाव उनकी मानसिकता को दशार्ता है, तथा विशेष लाभ की भी और इशारा करते हैं। हमारे प्रखंड में जो सरकारी राशि का बंदरबांट हो रहा है, उसे यथाशीघ्र बंद किया जाए। तथा वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति द्वारा यथाशीघ्र संचालित किया जाए। इस दौरान नाथनगर प्रखंड के 14 पंचायत में 179 वार्ड सदस्य मौजूद हैं। सभी का हस्ताक्षर के साथ डीडीसी भागलपुर, जिला अधिकारी भागलपुर के यहां सोमवार को प्रखंड परिसर से निकाल कर जाएंगे।

जश्न ए ईद मिलादुन्नबी पर अकीदत मंदो ने निकाला जुलूस

दैनिक समाज जागरण

हाजीपुर(वैशाली)जिले के महुआ में हर्षोल्लास के साथ जश्न ए ईद मिलादुन्नबी प्रोग्राम का आयोजन किया गया।जिसमें महुआ प्रखंड के हिदायतपुर,चक काजी निजाम, कादिलपुर,बेझा,डोगरा और अन्य जगहों से अकीदत मंद जुलूस में शामिल हुए।जुलूस शाही मस्जिद से निकलकर मंगरू चौक,पंचमुखी चौक, से महुआ अनुमंडल होते हुए वहां से वापस शाही मस्जिद की ओर लौट आया। उसके बाद शाही मस्जिद के प्रांगण में एक मिलाद

शरीफ का कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिसमें हुजूर की आमद की फजीलत बयान किया गया।हुजूर ने जो इस्लामिक तौर तरीका बताया है उसपर अमल करने का दर्स दिया गया।देश में अमन शांति आपसी सद्भावना कायम रहे इसके लिए दुआएं मांगी गई।इस अवसर पर मास्टर मोहम्मद सेराज आलम,मोहम्मद दिल शेर,मोहम्मद आशिक हसन, कारी जावेद अख्तर फैजी व अन्य लोगों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पाने वाली छात्रा को किया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण

हाजीपुर(वैशाली)राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित जिला मुख्यालय हाजीपुर में विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में आदर्श मध्य विद्यालय महुआ की छात्रा सुष्मिता कुमारी, प्रधानमंत्री,बाल संसद को तृतीय स्थान प्राप्त करने के उपरांत विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।ससमय उनको प्रतियोगिता की जानकारी एवं सामग्री मुहैया कराया जाए तो किसी भी स्तर पर सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे निजी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे से कमजोर साबित नहीं होंगे।सरकार की ओर से व्यवस्था हो रही है।वह एक सराहनीय कदम है। आवश्यकता है सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों को पूरी तन्मयता के

साथ बच्चों की प्रतिभा को निखारने का सफल प्रयास करें एवं पदाधिकारी हर स्तर पर शिक्षकों को सकारात्मक सहयोग करें।विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आलोक ने सभी छात्र छात्राओं को मनोबल बढ़ाते हुए कहा -छात्र छात्राओं को आगे बढ़ाने में विद्यालय परिवार पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ा है।इस अवसर पर विद्यालय के सहायक शिक्षिका सुधा कुमारी,संजय कुमार,मोहम्मद अफजल हुसैन, संगीता कुमारी,विनीता कुमारी, सारिका कुमारी,गीता कुमारी,आशा कुमारी,रंजीता कुमारी,सजीना परवीन के अलावे बाल संसद के अनामिका कुमारी,मनीषा भारती,संध्या कुमारी,अनुप्रिया,अमृता कुमारी सोनम कुमारी,श्रुति कुमारी,खुशी कुमारी सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

पालीगंज में आयोजित मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर में किया गया 105 लोगो का जांच

पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश

पालीगंज/ रविवार को खिरिमोड थाना क्षेत्र के सिद्धिपूर गांव में कंकड़बाग स्थित जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से मुफ्त में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसके दौरान 105 लोगो का स्वास्थ्य जांच किया गया। जानकारी के अनुसार शिविर का आयोजन मेरा पतौना पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष अनुराग शर्मा व राजकुमार सिंह के सहयोग से किया गया। वही शिविर में पटना के कंकड़बाग स्थित जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर बिनय कुमार की टीम में पहुंचे पूनम कुमारी, रश्मि कुमारी, हरेंद्र कुमार, पप्पू कुमार व राजेश कुमार ने शिविर के दौरान 105 लोगो को मुफ्त में

स्वास्थ्य जांच किया। सभी लोगो को मुफ्त में शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन व वजन सहित कई जांच किया। साथ ही शिविर में मौजूद डॉक्टर बिनय कुमार ने मरीजों को उचित परामर्श दिया व दवा लिखे। मौके पर आयोजक अनुराग शर्मा ने बताया कि प्रत्येक माह में पहला रविवार को पालीगंज पंचायत के सिद्धिपूर गांव में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जबकि डॉक्टर बिनय कुमार ने बताया कि मौजूदा समय मे प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य जांच जरुरी करवाना चाहिए। अन्यथा जानकारी के अभाव में रोग बढ़ते जाता है व अंततः गम्भीर बीमारी का शिकार हो जाते है।

बेनीपट्टी के ग्राम कछरा समेत विभिन्न हिस्सों में निकाला गया जुलुशे मोहम्मदी

आज ब तारीख 9 अक्टूबर 2022 को मुस्लिम समुदाय के मुताबिक बारह रब्बिअवल सरीफ बरोज इतवार को हुजूर सलल्लाह हो ताला वअलैहे वसल्लम कि योमे पैदाइस के हसीन मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए पोस्ट ऑफिस बेनीपट्टी से बेहटा गाँव तक जुलुशे मोहम्मदी निकाला जिसमें गौस नगर कछरा,हरदिया टोल,बेहटा कटैया,अंधरी ,दामोदरपुर व बेनीपट्टी पोस्ट ऑफिस के निकट मुस्लिम मोहल्ले के लोगों ने भाग लिया और जलुशे मिहम्मदी में अपनी अपनी भगदारी निभाते हुए हुजूर की पैदाइश के मौके पर अपनी खुशी का इजहार किया।इस दौरान प्रशासन की ओर से भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी ताकि जुलुशे के दौरान किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं हो सके।इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि जुलुशे मोहम्मदी सादगी,आपसी

भाईचारा व अमन शांति का पैगाम देने के नियत से निकाला जाता है ऐसा विगत कई वर्षों से होते आ रहा है,क्योंकि हजरत मोहम्मद पैगम्बर ने हर धर्म का सम्मान और आपसी भाईचारा कायम रखने का संदेश दिया था और हम सभी आज उनके बताए गए मार्ग पर चलते आ रहे हैं, इस दौरान बच्चों की कई टोलिया अपने सादगी का परिचय देते हुए बड़ो के पीछे पीछे चलकर जुलुशे मोहम्मदी में चमक पैदा करते दिखाई दे रहे थे।इस दौरान प्रशासन के सभी गाईड लाईन का पालन करते हुए जुलुशे मोहम्मदी पोस्ट ऑफिस बेनीपट्टी के नीम चौक के निकट आकर समाप्त कर दिया गया, और सभी लोग अपने अपने घर को लौट गए।

ठाकुरगंज में शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी

दैनिक समाज जागरण सीमांचल प्रभारी मोहम्मद चांद

ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र में ईद जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर हजारों की संख्या में अकीदतमंदो ने स्थानीय पुलिस प्रशासन के चाक चौबंद व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला। रविवार के सुबह शहर के पेट्रोल पंप चौक स्थित नूरी मस्जिद और बशीर नगर से प्रखंड के अलग अलग हिस्सों से आए जुलूस एकत्रित होकर बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर जुलूस शहर के मेन रोड से होते हुए मरकजी सुन्नी जामा मस्जिद और हैदर नगर मस्जिद का दीदार करते हुए पटेसरी पंचायत के मदरसा जामिया हांफिया गरीब कटहलडांगी कर्बला मैदान में एक जलसा के रूप में तब्दील हो गया।

जुलूस में बच्चे, जवान, बुजुर्ग हाथ में हरे रंग की झंडा, तिरंगा लेकर लोग सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा, लब्बैक लब्बैक या रसूलल्लाह, देखो देखो मेरी नबी की शान के नारे लगाते चल रहे थे। रास्ते मे जगह जगह जुलूस का जोरदार इस्तकबाल किया गया। जिसमें जगह जगह पर अकीदतमंदों के लिए इंकलाब फाउंडेशन,ठाकुरगंज, नौजवानाने कमिटी,ठाकुरगंज, कटहलडांगी के इलावे कई संगठनों ने शरबत का इंतजाम किए हुए थे।

कारी हसन मंजर के तिलावत- ए-कुरान से महफि ल का आगाज

हुआ, और महफिल में शरीक उलमाओं ने संबोधन करते हुए कहा कि ईद मिलादुन्नबी ईदो की ईद है, अगर हमारे नबी इस दुनिया मे तशरीफ न लाते तो ईद उल फितर और ईद उल अजहा का वजूद भी न होता। अपनी तकरीर में पैगंम्बर आजम को खिराज पेश करते हुए कहा कि मुसलमानो से सूद व शराब जैसे गुनाहों से बचने की ताकीद करते हुए नमाजों की पाबन्दी करने को कहा। ईद मिलादुन्नबी पर जरूरतमंदों की करें सेवा, मजहब इस्लाम पैगाम देता है कि बेटी व महिलाओ का हिफाजत करें, कहा कि हमारे नबी मुसलमानो के लिए रहमत बनाकर नही बल्कि आलमे इंसानियत के लिये रहमत बना कर भेजा है। आखिर में सलातों सलाम पेशकर सुन्नी मरकजी जामा मस्जिद के खतीब व इमाम मौलाना जहुरूल इस्लाम ने मुल्क की सलामती, खुशहाली और मुल्क की अमन चैन बरकरार रखने की सामूहिक रूप से दुवाएं की गई।

वहीं उक्त जुलूस की मेजबानी में पटेसरी पंचायत के मो मंसूर आलम, मो इफ्तेखार आलम, सैयद अली, मो नसीमउद्दिन, मो मुश्तकीम, नसीम अख्तर, शब्बीर आलम, हाफिज गुलाम यजदानी, कौशर आलम, अफसर आलम, महबूब आलम के इलावे स्थानीय पंचायतवासियों की अहम भूमिका रही।

जुलूस में मुख्य रूप से मो जाहिदुर्रहमान, गुलाम हसनैन, सरपंच जाकिर आलम, जिप सदस्य प्रतिनिधि अहमद हुसैन, काजी अब्दुल गफ्फार, मो मोकीमउद्दीन, इश्तियाक आलम मिंटू, पूर्व उप प्रमुख गुलाम मोहिउद्दीन, मुखिया राजा, सलीमुद्दीन, सिकंदर पटेल, हाजी सैदूर रहमान आदि सहित गणमान्य लोग शामिल थे।

वहीं जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से निकालने में बीडीओ सुमित कुमार, ठाकुरगंज सर्किल के पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार पासवान, ठाकुरगंज थानाध्यक्ष मोहन कुमार, कुर्लिकोर्ट थानाध्यक्ष एकबाल अहमद खान सहित ठाकुरगंज सर्किल के अन्य पुलिस अधिकारी मुस्तैद दिखे। जुलूस वाले मार्ग पर सभी चौक-चौराहों पर पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल तैनात थे।

ईद मिलाद उन नबी के मौके पर लोगों ने निकाले जुलूस

किशनगंज/ ठाकुरगंज दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता

जश्न ईद मिलाद उन नबी के मौके पर ठाकुरगंज प्रखण्ड के गरीब नवाज चौक में लोगों का उत्साह देखने लायक था काफी तादाद में लोगों ने जुलूस में शामिल हुए जिसमें मो मुजाहिद आलम मो इसहाक आलम इत्यादि जुलूस के साथ साथ अमन ए इंसानियत का पैगाम दिया इसी तरह की जुलूस जिले के हर एक चौक चौराहों पर देखने को मिला

डायन का आरोप लगाकर 65 वर्षीय वृद्ध महिला की गला दबाकर की गई हत्या पुलिस कर रही जांच

दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका

फुल्लीडुमर प्रखंड के दक्षिणी कोझी पंचायत अंतर्गत गाड़ी जोर गांव में डायन का आरोप लगाकर एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई है ग्रामीणों से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदीप यादव की 6 वर्षीय पुत्र की बीमारी से 3 दिन पूर्व मौत हो गई थी मृतका के बेटे मृत बच्ची के पिता के घर पूजा पाठ कर बच्ची को जिंदा करना चाहा जिंदा नहीं होने पर वह जादू-टोना का आरोप अपनी मां से सीखने एवं बच्ची के मौत का आरोप लगाकर फरार हो गयो आगे ग्रामीण ने बताया कि डायन का आरोप लगाकर जल धर यादव की 65 वर्षीय पत्नी गणेशी देवी की मौत गला दबाकर कर दी गई है वहीं पुलिस महिला के मौत की गहन जांच पड़ताल कर रही है

रेफरल अस्पताल कटोरिया में भर्ती मरीजों के बीच पूर्व विधायक पप्पू यादव ने फले वितरण किया।

दैनिक समाज जागरण। कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट

रेफरल अस्पताल कटोरिया में रविवार को कटोरिया के पूर्व विधायक राज किशोर प्रसाद उर्फ पप्पू यादव ने भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण करते हुए मरीजों का हालचाल जाना। तथा सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस मौके पर रेफरल अस्पताल के चिकित्सक एसडी मंडल, विधायक के कार्यकर्ता शिव शंकर दास ,अहमद अंसारी एवं दर्जनों व्यक्ति मौजूद थे।

मोहपता गांव के महादलित के साथ मारपीट व आगजनी करने का आरोपी गिरफ्तार।

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।

कटोरिया थाना क्षेत्र के मोहपत्ता गांव में महादलित के साथ मारपीट एवं आगजनी घटना के आरोपी सुरेश यादव को कटोरिया पुलिस ने मोहपतो गांव से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बांका भेज दियो। इस घटना में आठ आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज की गई है ।शेष की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद सभी आरोपी फरार चल रहे हैं।

ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर्व के अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निकाला जुलूस

दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका।

बौंसी/बांका। बौंसी प्रखंड क्षेत्र स्थित मेला मैदान से रविवार को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर्व को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा भव्य जुलूस शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हाथ में झंडा लेकर शिरकत की। जुलूस मेला मैदान से निकलकर गांधी चौक होते हुए दुमका रोड, भागलपुर रोड होते हुए कैरी मजार शरीफ पर जाकर समाप्त हुई। जुलूस में काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर बौंसी प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

पुलिस ने 15 शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका।

बौंसी/बांका। बौंसी पुलिस ने थाना क्षेत्र के श्याम बाजार से 15 शराबियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि, श्यामबाजार के हाट से 15 शराबियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी शराबियों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई है। जिसके बाद सभी शराबियों का रेफरल अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। जिसके बाद सभी 15 शराबियों को बांका न्यायालय भेजा गया है।

फुल्लीडुमर थाना की पुलिस चोरी मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

दैनिक समाज जागरण

फुल्लीडुमर थाना की पुलिस रविवार को चोरी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बांका जेल भेज दिया है वहीं इसकी जानकारी देते हुए फुल्लीडुमर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पथड्डा गांव में सन्नी साह नामक एक व्यक्ति रात में घर में घुसकर चोरी कर रहा था जिसे ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया`वही गिरफ्तार सनहौला गांव निवासी सन्नी साह को फुल्लीडुमर अस्पताल में कोविड-जांच के बाद उसे पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत में बांका जेल भेज दिया गया है

पुलिस ने सीएसपी संचालक से हुए लूट मामले में एक अभियुक्त को क्या गिरफ्तार ।

जितेंद्र कुमार /समाज जागरण, त्रिबेनीगंज, सुपौल

जिले में त्रिबेनीगंज थाना क्षेत्र के मेला ग्राउंड से मचहा जानेवाली सड़क मार्ग में चिलोनी पुल के समीप आम बगीचे के पास बीते वर्ष 13 दिसंबर की शाम भारतिय स्टेट बैंक के सीएसपी संचालक मचहा वार्ड 15 निवासी मनीष कुमार से अज्ञात अपराधियों ने हथियार बल पर दो लाख बयालीस हजार रुपये लुट की घटना को अंजाम दिए जाने के मामले में पुलिस ने शनिवार की रात एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जब पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान से मामले की जांच की तो इसकी भी संलिप्तता सामने आई। थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने बताया कि लूट मामले में वैज्ञानिक अनुसंधान के क्रम में मलहनमा वार्ड नंबर 13 निवासी शिवशंकर कुमार उर्फ का नाम सामने आया। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सुपौल जेल भेज दिया गया।

प्रोन्नत मध्य विद्यालय तक्कीपुर का विद्यालय भवन पानी में डूबा पठन-पाठन बाधित

दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका

फुल्लीडुमर प्रखंड के ग्राम पंचायत कैथा अंतर्गत प्रोन्नत मध्य विद्यालय तक्कीपुर के विद्यालय भवन में पानी जमा होने से विद्यालय में बच्चों के सामने पठन-पाठन की कठिन समस्या उत्पन्न हो गई है सूत्रों से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रोन्नत मध्य विद्यालय तक्की पुर के विद्यालय भवन में पानी जमा है `जिससे शिक्षक एवं छात्रों के सामने विद्यालय के संचालन में कठिन समस्या उत्पन्न हो गई है`विद्यालय में जमा पानी के सड़ांध से जहां महामारी के उत्पन्न होने की प्रबल संभावना है, वहीं विद्यालय में संचालित मध्याह्न भोजन भी जमा पानी के कारण प्रभावित हो रहा है`वहीं विद्यालय में जमा पानी के सड़ांध से बच्चे महामारी के डर से विद्यालय आने से भी डर रहे हैं`वही इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम कुमार मिश्र ने बताया कि विद्यालय की समस्या का जल्द समाधान कर दिया जाएगो

बेहंगा गांव के समीम अंसारी के घर चोरी।

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।

कटोरिया थाना क्षेत्र के बैहगा गांव के समीम अंसारी के घर बर्तन, कपड़ा, चांदी के जेवरात सहित मिशनरी सामान चोरी करने को लेकर गांव के ही गरीब अंसारी पिता सज्जाद अंसारी, अलामुल अंसारी पिता रज्जाक अंसारी, सहुदअंसारी पिता सुलेमान अंसारी ,वशीरण खातून पति गरीब अंसारी ,सहवीरा खातून पति सहुत अंसारी को आरोपी बनाते हुए कटोरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है ।घटना 7 अक्टूबर रात 10:00 बजे के बाद की बताई गई है ।अपने आवेदन में शमीम अंसारी ने बताया कि सभी आरोपी द्वारा घर का छप्पर फाड़ कर घर के अंदर प्रवेश कर चोरी करने का आरोप लगाया है। कटोरिया पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

दो दिवसीय प्रांतीय संस्कृति महोत्सव का किया गया उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका।

बौंसी/बांका। बौंसी प्रखंड स्थित परमेश्वर लाल खेमका सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में दो दिवसीय प्रांतीय संस्कृति महोत्सव का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन संगठन मंत्री के साथ-साथ प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा, बांका मेयर संतोष कुमार सिंह, डिप्टी मेयर डॉ बिणा प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्यालीराम ने छात्र छात्राओं के साथ मौजूद लोगों को कहा कि हम लोगों को स्वदेशी सामानों का उपयोग करना चाहिए। अगर देश को विकसित करना है और सच्ची देशभक्ति दिखानी है तो विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का कार्य करना होगा। इसके बाद आगंतुक अतिथियों का विद्यालय परिवार के द्वारा अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया गया। जबकि विद्यालय के छात्राओं के द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बनाने का काम किया गया। कार्यक्रम को प्रदेश सचिव बांका मेयर संतोष कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक समिति के अध्यक्ष शंकर प्रसाद सिंह ने की। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा के द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। जबकि मंच संचालन का काम पूर्णकालिक कार्यकर्ता शंकर पोद्दार के द्वारा किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में गणमान्य और शिक्षक शिक्षिका लोग उपस्थित थे।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने प्रोन्नत मध्य विद्यालय फुल्लीडुमर का औचक निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका

फुल्लीडुमर प्रखंड अंतर्गत प्रोन्नत मध्य विद्यालय फुल्लीडुमर का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम कुमार मिश्र ने शनिवार को औचक निरीक्षण कियो जांच के क्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रोन्नत मध्य विद्यालय फुल्लीडुमर के छात्र उपस्थिति पंजी, नामांकन पंजी, मध्याह्न भोजन पंजी, साफ-सफाई, शिक्षक उपस्थिति पंजी, विद्यालय शिक्षा समिति बैठक पंजी ,वगार्नुसार छात्र छात्राओं की संख्या, छात्र-छात्राओं की अलग-अलग उपस्थिति आदि की जांच कौ जांच के क्रम में पदाधिकारी विद्यालय के कार्य से संतुष्ट दिखे निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापिका शीला मंडल, इंदु कुमारी सहित सभी शिक्षक एवं रसोईया विद्यालय में मौजूद थी`निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारी ने कई महत्वपूर्ण निर्देश प्रधानाध्यापिक को दिऐ

विद्युत आपूर्ति प्रशाखा फुल्लीडुमर के कनीय अभियंता ने 5 लोगों पर बिजली चोरी की दर्ज कराई प्राथमिकी

दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका

शीर्ष पदाधिकारी के निदेर्शानुसार आठ सदस्यी छापेमारी दल का गठन कर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा फुल्लीडुमर के कनीय अभियंता ने बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलायो छापेमारी दल में महादेव प्रसाद सिंह कुशल श्रमिक, संजय कुमार मानव बल सहित आठ सदस्य शामिल थे इसी कड़ी में छापेमारी दल द्वारा फुल्लीडुमर प्रखंड के दसुवा एवं घियाही गांव में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की गई जहां अवैध रूप से टोका लगाकर 5 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गयो टोका लगाकर बिजली चोरी करने वाले में प्रमोद कुमार सिंह पिता गंधारी प्रसाद सिंह ग्राम दसुवा, वीरेंद्र प्रसाद सिंह पिता रामानंद सिंह ग्राम दसुवा, रोहित मंडल पिता सुरेश मंडल ग्राम दसुवा, परमानंद यादव पिता फुलेश्वर यादव ग्राम घियाही एवं नेमनी यादव पिता सीता यादव ग्राम घियाही शामिल है वहीं इसकी जानकारी देते हुए विद्युत आपूर्ति प्रशाखा फुल्लीडुमर के कनीय अभियंता अभिषेक कुमार पासवान , कुशल श्रमिक महादेव प्रसाद सिंह, मानव संजय कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि बिजली चोरी में पकड़े गए लोग विद्युत विच्छेद होने के बावजूद भी अवैध रूप से टोका लगाकर बिजली चोरी कर रहे थे, जिससे बिजली विभाग को काफी राजस्व की क्षति हुई है आगे कनीय अभियंता श्री पासवान ने बताया कि बिजली चोरी में पकड़े गए पांच लोगों के खिलाफ खेसर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है

आग से तीन घर जले तीन लाख का सामान जल कर हुए राख

राजीब मिश्रा/समाज जागरण, करजाईन(राघोपुर)सुपौल

जिले में राघोपुर प्रखंड के करजाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीपुर पंचायत के वार्ड नंबर 14 हरिपुर में शनिवार की देर रात आग लगने से तीन घर सहित हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई। मिली जानकारी अनुसार जयप्रकाश साह एवं नरेश साह के घर में शनिवार की देर रात अचानक आग लग जाने से जयप्रकाश साह के दो घर एवं नरेश साह के एक घर एवं वस्त्र, अनाज, फर्नीचर, महत्वपूर्ण कागजात एवं जेवरात सहित अन्य समान जलकर राख हो गया। देर रात अचानक आग लगने से धू-धू कर सभी घर जलने लगा। शोर होने पर आसपास के लोग एकत्रित हुए और आग पर काबू पाया गया जब तक दमकल पहुंचती तब तक ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया था। पंचायत के मुखिया रामचंद्र राम, पैक्स अध्यक्ष राज कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश मंडल सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार मुआवजे की मांग की है ।

नव निर्मित शिव मंदिर निर्माण हेतु मुखिया ने किया भूमि पूजन।

राजीब मिश्रा/समाज जागरण, करजाईन(राघोपुर)सुपौल

जिले में राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के करजाईन बाजार अन्तर्गत बौराहा पंचायत वार्ड नंबर 2 में नव निर्मित शिव मंदिर निर्माण को लेकर स्थानीय मुखिया अनीता देवी ने भूमि पूजन किया।

बौराहा पंचायत के समाजसेवी दिनेश मेहता ने बताया कि पंचायत के वार्ड नंबर 2 डीहवार बाबा स्थान के प्रांगण में शरद पूर्णिमा कोजागरा के शुभ अवसर पर शिव पार्वती मंदिर एवं हनुमान मंदिर बनाने को लेकर पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने पंडित रूप नारायण मिश्र के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन कार्य संपन्न किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही यहां पर एक शिवालय एवं महावीरजी का स्थापना किया जाएगा। मौके पर उप मुखिया महेश मेहता, पूर्व सरपंच कुशेश्वर सिंह, हरिनारायण मेहता, सत्यनारायण बैठा, महेंद्र शर्मा, शंकर शर्मा, मोहन मेहता, पंसस संजय शर्मा सहित क्षेत्र के अन्य लोग भी मौजूद थे।

कटोरिया हाई स्कूल के प्रभार के लिए 2 शिक्षकों के बीच खींचतान जारी।

दैनिक समाज जागरण। कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट

कटोरिया हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक पद के प्रभार के लिए रेनू सिंह और अरुण ठाकुर के बीच खींचतान जारी है।

उल्लेखनीय है कि खिरधर दास के 31 मई 22 को सेवानिवृत्ति के बाद बांका जिला शिक्षा अधीक्षक ने रेनू सिंह को कटोरिया हाई स्कूल का प्रभारी प्रधानाध्यापक बना दिया ।जबकि अरुण ठाकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक रहते हुए उन्हें प्रभारी नहीं बनाया गया। इसको लेकर अरुण ठाकुर ने 18 जून 2022 को जिला शिक्षा अधीक्षक बांका एवं 29 सितंबर क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक भागलपुर तथा 7 अक्टूबर 22 को बांका जिला अधिकारी को आवेदन देकर हाई स्कूल कटोरिया के प्रभार के लिए आवेदन दे चुके हैं ।सूत्रों की माने तो बिहार सरकार के शिक्षा उप सचिव ने इसके लिए एक गाइडलाइन जारी किया है ।जहां भी उच्चतर माध्यमिक के शिक्षक रहेंगे उन्हें विद्यालय का प्रभार बनाया जाएगा ।

इस आधार पर अरुण ठाकुर को हाई स्कूल कटोरिया का प्रभाव मिलना था ,लेकिन जिला शिक्षा अधीक्षक ने माध्यमिक शिक्षा का रेनू सिंह को प्रभारी बनाए जाने के बाद शिक्षकों के बीच खींचतान जारी है।

इस संबंध में उच्चतर माध्यमिक के शिक्षक अरुण ठाकुर ने बताया कि वरीयता में सभी शिक्षकों से पहले नंबर पर हूं ।जबकि रेनू सिंह पांचवें नंबर पर हैं। बावजूद कटोरिया हाई स्कूल का प्रभारी रेनू सिंह को बना दिया गया जो पूरी तरह नियमानुसार नहीं है। रेनू सिंह माध्यमिक शिक्षक हैं । और मैं उच्चतर माध्यमिक का शिक्षक हूं इसलिए वरीयता के आधार पर प्लस टू हाई स्कूल कटोरिया का प्रभार मुझे मिलना चाहिए था। शिक्षा विभाग के अधिकारी के आश्वासन के बाद अरुण ठाकुर को राहत की सांस ली । संभावना है कि इसी माह के अंत तक जो भी विद्यालय के वरीय शिक्षक है

मंदार की तराई अवस्थित पापहरणी सरोवर में 7 माह में करीब आधा दर्जन लोगों की डूबने से हुई मौत

दैनिक समाज जागरण बौंसी/बांका।

बौंसी/बांका। ऐतिहासिक मंदार पर्वत की तराई स्थित पापहरणी सरोवर प्रशासनिक उदासीनता के कारण मौत की स्थली बनकर रह गया है। इस वर्ष मार्च महीने से अब तक करीब आधे दर्जन लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है। जबकि पिछले वर्ष करीब एक दर्जन लोगों की सरोवर में डूबने से मौत हुई थी। बाबजूद इसके सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। स्थिति ऐसी है कि पापहरनी सरोवर में अब तक बैरिकेडिंग भी नहीं की गई है। इसके अलावा खतरे के निशान को भी चिन्हित नहीं किया गया है। इस बजह से लोग आए दिन गहरे पानी में डूब कर अपनी जान गंवा रहे हैं। हालांकि मकर संक्रांति के अवसर पर प्रशासन के द्वारा बांस व रस्सी की बैरिकेडिंग की जाती है, परन्तु बैरिकेडिंग स्थाई नहीं होने से कुछ दिनों में वह टूट कर अलग हो जाती है। इतना ही नहीं प्रशासन द्वारा इतनी मौत होने के बावजूद भी स्थाई रूप से गोताखोर की तैनाती भी नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने कहाना है कि, धार्मिक आस्था का केंद्र मंदार पापहरणी सरोवर श्रद्धालुओं के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। मालूम हो कि डूबने से 12 लोगों की मौत पिछले साल हुई थी। बताते चलें कि 25 मार्च को बाजार के मारवाड़ी टोला निवासी सागरमल भालोटिया की 40 वर्षीय पुत्री महिला कंचन भलोटिया की डूब कर मौत हो गई थी।

वहीं 17 मई को झारखंड राज्य के गोड्डा जिले अंतर्गत लुकलुकी गांव के 40 वर्षीय संजीव मंडल की पापहरणी सरोवर में स्नान करने के दौरान मौत हो गई थी। साथ ही 25 जून को बांका के पोखरिया गांव निवासी 45 वर्षीय शिव कुमार पंडित अपने भतीजा बाराहाट थाना क्षेत्र के भंगा गांव के 15 वर्षीय अमित कुमार के साथ स्नान करने आया था। इसी दौरान भतीजा को डूबते देख फूफा बचाने गए। जिसमें दोनों की जान चली गई थी। इतनी सारी घटनाओं के बावजूद भी प्रशासनिक उदासीनता के कारण इस दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है।



बेलहर के धरतीथान गांव में धूमधाम से मनाया हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन

दैनिक समाज जागरण बेलहर संवादाता सदानंद पंडित

प्रखंड क्षेत्र के रांगा पंचायत के विभिन्न गांव में रांगा, धरतीथान गांव में हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन मिलाद-उन-नबी मनाया गया ।वहीं मौके पर धरतीथान गांव के मस्जिद पर नमाज अदा कर पर्व का प्रारंभ की गई। उपस्थित बड़े एवं सम्मानित लोगों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया ।वहीं मोहम्मद हजरत साहब के जन्मदिन पर एक-दूसरे से गले मिलकर भाईचारा का सम्मान दिया ।क्षेत्र में इस अवसर पर जुलूस निकालकर शोभा यात्रा को भी बढ़ाया । बता दें कि मोहम्मद साहब के जन्मदिन के पहले औपचारिक जश्न में मुस्लिम और इस्लामी विद्वानों द्वारा नमाज अदा की गई, धार्मिक उपदेश दिए गए और धर्म पर चचाएं की गईं। तब से इस दिन नमाज अदा करने के बाद, धार्मिक उपदेश और चचाएं की जाती हैं। क्योंकि इन्हीं माध्यमों से मुस्लिमों ने पहला मिलाद-उन-नबी का उत्सव मनाया था। फातिमा द्वारा शुरू किए गए पहले मिलाद-उन-नबी के बाद, यह उत्सव दुनिया भर में इस्लाम के अनुयाइयों द्वारा मनाया जाने लगा। मौके पर कुर्बान अंसारी, कयूम आलम, मुख्तार अंसारी सहित सैकड़ों उपस्थित थे।

फुल्लीडुमर प्रखंड में दो ग्रामीण सड़क मरम्ती कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका

फुल्लीडुमर प्रखंड क्षेत्र के 2 ग्रामीण सड़क की मरम्मती कार्य का शिलान्यास बेलहर के जदयू विधायक मनोज यादव ने नारियल फोड़कर किया`प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को बेलहर के जदयू विधायक मनोज यादव ने प्रखंड क्षेत्र के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सलैया से भुड़कुड़िया एवं भितिया ग्रामीण सड़क के मरम्मत कार्य का शिलान्यास कियो शिलान्यास के अवसर पर विधायक श्री यादव ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर लाना हमारी पहली प्राथमिकता है शिलान्यास के मौके पर प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष चंदन कुमार, दक्षिणी कोझी पंचायत के मुखिया प्रकाश यादव, पवन सिंह ,विनोद सिंह चंद्रवंशी, बिंदेश्वरी यादव ,संजीव देव, लोक नाथ यादव, ग्राम कचहरी फुल्लीडुमर के सचिव राजकुमार दास सहित अन्य कार्यकर्ता गण मौजूद थे

माता के चौठारी पर करजाईन दुर्गा मंदिर में जागरण का हुआ आयोजन

राजीब मिश्रा/समाज जागरण, करजाईन(राघोपुर)सुपौल

जिले में राघोपुर प्रखंड अन्तर्गत करजाईन बाजार में शनिवार को चौठारी के मौके पर करजाईन दुर्गा मंदिर में जागरण का आयोजन किया। जागरण में स्थानीय कलाकार डॉ. अनिल कुमार मेहता, गायिका चंचल कुमारी, जयकृष्ण, बालाजी, सुभाष, राजु व बाहर से आए कलाकारों ने अपने सूरीले स्वर की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद कलाकारों ने मां शेरों वालिये तेरा शेर आ गया, बरसे बदरिया झमझम, सकल जग तारणी हे अम्बे मैय्या, मैय्या सुनियो हमरो विपत्तिया, मां शेरो वाली आजा मेहरो वाली, धरती गगन में होती है तेरी जय जयकार ,सहित अन्य भक्ति गीतों की प्रस्तुति से देर रात तक श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रद्धालु भी तालियों की गड़गड़ाहट देते रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस मौके पर मंदिर कमिटी के अध्यक्ष गोपी कृष्ण स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष गोविंद डागा, सचिव उपेंद्र साह, हरिनारायण राण, बम बम झा, सूरज राण, अभिषेक मेहता, ऋषभ शर्मा, नवीन शर्मा, इंद्रदेव यादव, अभिनव मेहता, सुशील सोमानी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

नाथनगर प्रखंड में पंचायत के वार्ड सदस्यों ने आज अध्यक्ष पद का चयनित किया

दैनिक समाज जागरण से विवेक कुमार की रिपोर्ट

नाथनगर प्रखंड परिसर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में रविवार को नाथनगर प्रखंड के 14 पंचायत के 179 वार्ड सदस्य एवं वार्ड सचिवों ने आज अध्यक्ष ,सचिव ,उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी पद का चुनाव किया जिसमें पिंटू पासवान को अध्यक्ष पद गोसाई दासपुर पंचायत वार्ड नंबर 14के उपाध्यक्ष पद पर ममता देवी भदोरिया पंचायत वार्ड नंबर 2 के सचिव पद पर राजेश मंडल गौरा चौकी पंचायत वार्ड नंबर 10एवं मीडिया प्रभारी पद पर आस्था शर्मा बेलखुरिया पंचायत वार्ड नंबर 13के सभी वार्ड सदस्य एवं वार्ड सचिव अरविंद कुमार,गुड्डू कुमार, बंटी कुमार ,टिंकू कुमार ,छोटू दास ,संजीत पासवान, इत्यादि लोग मौजूद थे

अररिया जिले में कई जगह शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी

दैनिक जागरण अररिया से प्रभारी इस्तेखार आलम

युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष पलासी के मोहम्मद शादाब आलम ने जानकारी देते हुए बताया जश्ने ईद मिलादुन्नबी मेरी अगवाई में जुलूस ए मोहम्मदी मोहनिया श्रीनगर चाहट पू ुडुमरिया पलासी बरहट सुहागपुर होते हुए मोहनिया जामा मस्जिद में दुआ के बाद संपन्न हुई सभी लोगों ने अपने नबी की आमद पर सरकार की आमद मरहबा मदनी की आमद मरहबा नारा बुलंद किया इस्लामी झंडा के साथ 7 तिरंगा भी लहराया गया इस जुलूस में हजारों लोग शामिल रहे

फतेहपुर प्रखण्ड में विधिक जागरुकता डोर टु डोर शिविर का आयोजन

संवाददाता जामताड़ा से गौतम ठाकुर

आज झालसा के निर्देश पर जिला एवं सशस्त्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष एवं माननीय सचिव महोदय के मार्गदर्शन पर विधिक जागरूकता शिविर डोर टू डोर कार्यक्रम फतेहपुर क्षेत्र सभी पंचायत में बारी बारी से जाकर पीएलवी अमित कुमार मंडल ने डोर टू डोर डोर जाकर महिला के विरोध सभी प्रकार के हिंसा मानसिक एवं शारीरिक उनसे प्रभावी ढंग से किस तरह निपटा जाए उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया जैसा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना मुख्यमंत्री सुकन्या योजना और मनरेगा योजना जैसे आदि के बारे में बताया गया और भारतीय दंड संगीता

के अनुसार बाल मजदूर बलात्कार अपहरण दहेज प्रथा के लिए प्रताड़ित करना यौन शोषण मानसिक शोषण ऐसे अपराध को गंभीर श्रेणी में रखा गया है और इस तरह के अपराध से करने वाले के विरोध आवाज उठाने के लिए जागरूक किया गया ताकि जनमानस को कानून का जानकारी मिल सके तथा उनका लाभ जन जन ले सके यदि को भी कानून सबंधित सहायता के लिए फतेहपुर ब्लॉक के पी एल वी अमित कुमार मंडल से आवस्यक जानकारी ले सकते हैं! मंडल ने जनमानस को प्रखंड परिसर में होने वाली आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम होने वाला है लोगों को जागरूक किया गया और अधिक से अधिक सरकारी योजना में लाभान्वित हो सकेंगे!

ईद मिलादुन्नबी के मौके पर अजीमुश्शान जलसे का किया आयोजन

अल्लाह ने हमारें प्यारे नबी को सारे जहान के लिए रहमत बना कर भेजा-मौलाना अबाइदुल

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़ः जश्ने ईद मिलादुन्नबी जलसा कमेटी की और से हर साल की तरह इस साल भी सदर प्रखंड के चेंगाडांगा में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर अजीमुश्शान जलसा हुआ। जलसे का आगाज तिलावते कुरआन से हुआ। इसके बाद हम्द और नाते रसूल पेश की गई। पश्चिम बंगाल से आए मौलाना अबाइदुल इस्लाम ने नाते रसूल पढ़ी।कार्यक्रम में मुफ्ती मौलाना अबाइदुल इस्लाम ने पैगम्बरे इस्लाम की जीवनी के बारे में बयान किया। इनके बाद बांदा जुम्मा मस्जिद के इमाम मौलाना मुफ्ती मजीबुर रहमान मजहरी ने अपने संबोधन में कहा की पैगम्बरे इस्लाम जैसा कोई है और ना ही कोई होगा। अल्लाह ने नबी को सारे जहान के लिए रहमत बना कर भेजा है। उन का जीवन पुरी पैगम्बरे इस्लाम की जिन्दगी हमारे लिए एक नमुनाऐ हयात है, अगर हम

उन के बताऐ हुऐ रास्ते पर चले तो दुनिया से दहशतगर्दी खत्म होकर दुनिया एक अमन का गहवारा बन जाएगा। कार्यक्रम के बाद नबी की बारगाह में इंसानियत के लिए मार्ग दर्शन है अगर आज पुरी दुनिया उन के बताऐ हुऐ रास्ते पर चलना शुरू कर दे तो दुनिया से नफरत खत्म हो जाऐ और मोहब्बत पैदा हो जाए। पश्चिम बंगाल से आए वक्ता मौलाना अबाइदुल इस्लाम ने अपने बयान में कहा की सलातो सलाम पेश किया गया, इसके बाद फातिहा और दुआ की गई।बाद में जलसे के लोगो को सिन्नी बांटा गया।कार्यक्रम में मौलाना जफीरुद्दीन, हाजी दिल रोशन, हाजी अब्दुल हलीम, जहांगीर शेख, लकी शेख आदि मौजूद रहे।

ईद मिलाद उल नबी के मौके पर ब्लड डोनेशन का कैम्प लगाया

दैनिक समाज जागरण संवादाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़/9 अगस्त 2022 को ईद मिलाद उन नबी के मौके पर साहेबगंज के मुस्लिम समुदाय के द्वारा एक ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया।इस कैम्प के मुख्य आयोजनकर्ता वार्ड पार्षद मो निजामउद्दीन एवं सरफराज आलम थे। ब्लड डोनेशन कैम्प मजहरटोला में बड़ी मस्जिद के सामने मैरेज हॉल में लगाया गया था। ईद मिलाद उन नबी के मौके पर इस तरह का आयोजन पहली बार किया गया है। कैम्प को लेकर नौजवानों में काफी उत्साह देखा गया।कुल आठ लोगों

ने इस कैम्प में ब्लड डोनेट किया । सरफराज आलम, जान मुहम्मद, मो वसीम अकरम, मो खालिद रजा, जावेद अख्तर, मो अब्दुल्लाह, मो अरमान अहमद, मो मोजम्मिल अख्तर ने ब्लड डोनेट किया। कैम्प में मौजूद लोगों ने कहा कि अब हर साल ईद मिलाद उल नबी के मौके पर ब्लड डोनेशन का कैम्प लगाया जाएगा। ब्लड डोनेशन कैम्प में तारिक खान, मो शाहाब अली, मो मुन्ना, मो एहतेशाम उर्फ छोटू एवं सरदार अब्दुल हकीम साहब मौजूद रहे।

इलामी में चल रहा है अवैध देसी शराब का काला कारोबार, ग्रामीणों के मना करने पर दिखाते हैं दबंगई

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट यासिर अराफात

पाकुड़ जिले के बहुत सारे गांव में अवैध देसी शराब का काला कारोबार फल-फूल रहा है। परंतु इन दिनों मुफस्सिल थाना अंतर्गत इलामी पंचायत अवैध देशी शराब को लेकर बहुचर्चित हो चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त पंचायत के जीवन दास तथा पवन दास धड़ल्ले से इस काले कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। ज्ञात हो इलामी गांव पाकुड़ जिले का घनी आबादी वाला तथा बड़ा गांव है।

क्या कहते हैं ग्रामीण

उक्त मामले में जब ग्रामीणों से पूछा

गया तो ग्रामीणों ने बताया कि गांव के अक्सर लोगों ने इन लोगों का विरोध किया है परंतु यह लोग दबंगई के साथ अपना काला कारोबार को करते आ रहे हैं। गांव के नवयुवक नशे में चंगुल में फंसकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं।

थाना प्रभारी है एक्शन मोड में

वही जब उक्त मामले के बारे में थाना प्रभारी मिंटू भारती से इस बाबत पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हर हालत में इस अवैध नशे के कारोबार को रोकना है। बहुत जल्द उक्त मामले में कार्रवाई की जाएगी।

अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया बजरंग दल के द्वारा।

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट सतनाम सिंह

पाकुड़/महेशपुर बजरंग दल के तरफ से अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया,आज रविवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर महेशपुर बुढानाथ शिवमंदिर परिसर में बजरंग दल कार्यकर्ता ने अभ्यास वर्ग का आयोजन एवं बैठक किया गया। अभ्यास वर्ग का उदघ्टन विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत संदस्य सेवा विभाग के अशोक कुमार वर्मा, विहिप जिला मंत्री अरबिंद घोष, जिला संयोजक संदीप मंडल, जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व भगवान राम के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया । बजरंग दल कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग में प्रांत सेवा विभाग के अशोक कुमार वर्मा ने कार्यकर्ता को बजरंग दल के तीन पद्दति सेवा सुरक्षा संस्कार के बारे में बारी बारी से बताया गया और मठ मंदिर की रक्षा करने का संदेह दिये । साथ ही बैठक करने, बजरंग टोली बनाने समेत आगामी

कार्यक्रम सदस्या अभियान, हुतात्मा दिवस, गौरक्षा समेत कई गतिविधि के बारे में जानकारी दिया गया।

वही कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए पाकुड़ बजरंग दल जिला संयोजक संदीप मंडल ने कहा कि इसी मांह के अंत तक बजरंग दल टोली का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा । जिसमे नये 1 हजार जिले भर से जोड़ने की योजना है । जिसकी तैयारी की जा रही है। बजरंग दल जिले के गौ तस्करी, गौ हत्या जैसे घृणित कार्य को रोकने का कार्य पुलिस के सहयोग से करेगा । साथ ही क्षेत्र में हो रहे लव जेहाद को रोककर समाज की सुरक्षित करने का काम करेगा । वही जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा ने स्थानिय सनातन समाज को बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद से जुड़ेने का आग्रह किया । इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय प्रमुख सुभम कुमार ने किया । मौके पर विभाग संयोजक मनु महराज , प्रखंड संयोजक सवेर्जीत हरिजन , समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जश्ने ईद मिलादुन्नबु पर महेशपुर के बड़कियारी में निकला जुलूस ,लोगों ने दूसरे को दी ईद की मुबारक

दैनिक समाज जागरण रिपोट अब्दुल अंसारी

पाकुड़/महेशपुर के बड़कियारी में पैगम्बर हजरत मुहम्मद के जन्म दिवस ईद मिलादुन्नबी को समूचे देश और दुनिया सहित पाकुड़ जिले के बड़कियारी में भी बड़ी सं ओ सौकत के साथ ईद का पर्व बड़ी ही धूम धाम के साथ मनाया गया जिसमें मदरसा इस्लामिया मुस्ताज बिया बड़कियारी से लेकर बरहाल पोखर, अभुआ बामन पोखर रघुनाथपुर अडोल सभी गांव से लेकर जुलूस निकाला गया जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोग बिसाल संखिया में जुलूस में शामिल रहा एवं जगह जगह पर फूलों की बरसात की गई तथा सौगात की गई तथा वापस मदरसा में आकर समाप्त किया गया , कमेटी के ८टट प्रखंड

उपाध्यक्ष कलाम अंसारी , असदुल अंसारी तारिक अनवर रकीबुल सेख , जुलूस कमेटी , सजहाँ सेख सनाउल्लाह सेख , सन्तुल सेख सेक्रेटरी , मुस्लिम हुसेन , एवं मदरसा के सभी कमेटी गन मौजूद रहे।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार अंतर्गत प्रथम चरण 12 से 22 अक्टूबर एवं द्वितीय चरण 01 नवंबर से 14 नवंबर के सफल क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.

इसका कार्यशाला का मुख्य उद्देश्यः- कोई भी योग्य लाभुक योजना से वंचित न रहे.

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रमह्न के जरिए आमजनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभुक को जोड़ा जाएगा.

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी (पाकुड़)

पाकुड़ जिला मैं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 12 अक्टूबर से होगा। कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर 2022 तक एवं दूसरा चरण एक से 14 नवंबर 2022 तक संचालित किया जायेगा। इसकी सफल क्रियान्वयन को लेकर रविवार को रविंद्र भवन टाउन हॉल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में की गई। इस कार्यशाला में जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष, सभी पंचायत के मुखिया को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विस्तार से जानकारी एवं संबंधित विभाग के वरीय पदाधिकारी ने अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी संक्षेप में दी।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का होगा संपादन.

झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के लिए आवेदनॉ, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लिए आवेदन समेत अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांच के बाद दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (सीएमईजीपी) अंतर्गत आवेदन प्राप्त करना, मनरेगा अंतर्गत प्रत्येक गांव में न्यूनतम पांच - पांच योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करना, 15 वें वित्त आयोग के वार्षिक लक्ष्य के खिलाफ शत - प्रतिशत योजनाओं को स्वीकृत करते हुए उन्हें प्रारंभ करने के अलावा धोती - साड़ी लुंगी और कंबल का वितरण करना, वित्तीय वर्ष 2022-23 तक भू राजस्व के अद्यतन रसीद निर्गत तथा अन्य भू - राजस्व से संबंधित मामलों का निबटारा, असंगठित मजदूरों का ई-श्रम तथा प्रवासी मजदूरों - परिवारों का श्रमाधान पोर्टल पर निबंधन, पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक, धान अधिप्राप्ति हेतु किसानों का निबंधन, हड़िया शराब के व्यापार में संलग्न महिलाओं को वैकल्पिक

रोजगार उपलब्ध, सेवा के अधिकार के तहत प्रमाण पत्रों के आवेदनों का निष्पादन, बिजली तथा पेयजल से संबंधित समस्याओं का निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।

उपायुक्त वरुण रंजन ने अपने संबोधन में सभी मुखिया को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान का मुख्य उद्देश्य एक भी योग लाभुक योजनाओं से वंचित न रहे। झारखंड के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ 12 अक्टूबर से होगा। कार्यक्रम का आयोजन दो चरणों में करने का निर्णय लिया गया है। पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर, 2022 तक एवं दूसरा चरण 01 से 14 नवंबर, 2022 तक संचालित किया जायेगा।

मालूम हो कि पिछले साल राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने तथा जांच के बाद उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ स्थल पर ही लाभार्थी को उपलब्ध कराया गया था। इस बार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' को सफल बनाने की कोशिश जारी है। लोगों की मुख्यता समस्या पेंशन, राशन, जमीन का लगान, जाति प्रमाण पत्र, रोजगार, आवास, तालाब जीर्णोद्धार आदि से संबंधित समस्या आती है। सभी तरह के समस्याओं का समाधान कैंप के माध्यम से सभी आवेदनों का निष्पादित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि जो लाभुक किसी योजनाओं से वंचित रह गए हैं उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाएगा। सभी मुखिया से अपील की पूर्व से ही ऐसे लाभुकों को चिन्हित करे जो योजनाओं से वंचित हो, जिन्हें कैंप के माध्यम से योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम को मॉनिटरिंग करने के लिए जिले में नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किए जाएंगे।

मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, जिले के सबंधित विभाग के पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, सभी पंचायत के मुखियागण समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

पाकुड़ टीम ने कोलकाता को 63 रन से हराया

दैनिक समाज जागरण संवादाता अभिषेक तिवारी (पाकुड़)

पाकुड़-जिला के क्रिकेट संघ की ओर से बैंक कॉलोनी के स्टेडियम में आयोजित टी-20 क्रिकेट टूनामेंट की शुरूआत की गई । खेल का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित,समाजसेवी अम्लान कुसुम सिन्हा, अर्धेन्धु शेखर गांगुली,भाजपा नेता हिसाबी रॉय ने किया। पाकुड़ की टीम ने कोलकाता को 63 रन से हराया। पाकुड़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 173 रन बनाया और सिर्फ तीन ही विकेट गंवाया। जबकि कोलकाता की टीम ने 110 रन ही समेट गई। पाकुड़ की टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सिंटू कुमार यादव मैन ऑफ द मैच हुए। सिंटू कुमार यादव ने बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने 35 रन बनाने के साथ

गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट भी लिऐ। पाकुड़ टीम की ओर से सुमित कुमार ने अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 62 रन बनाए। सिंटू कुमार यादव 35 और अर्जुन साह ने 32 रन बनाकर अपना योगदान दिया। कोलकाता टीम से शब्बीर ने दो विकेट लिए। वहीं बल्लेबाजी में कोलकाता के सज्जाद ने 33 रन और अभिषेक ने 27 रनों की पारी खेली। पाकुड़ टीम से गेंदबाजी में हिमांशु ने 4 विकेट और सिंटू कुमार यादव ने दो विकेट लिऐ। वहीं टूनामेंट के सफल आयोजन में संघ के सचिव वीरेंद्र पाठक, प्रणय तिवारी,प्रमोद नगलिया, गणपत सिंह, रणवीर सिंह,अर्जुन सिंह, आदि की सराहनीय भूमिका रही।

विधार्थी परिषद ने बच्ची को रक्त दान कर बचाई जान

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़/अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आनंद सौरव ने शनिवार को अचानक आवश्यकता पड़ जाने पर थलासेमिया के एक मरीज शहर के सिंधीपाड़ा निवासी विनम्रता कुकरेजा को पुराना सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पाकुड़ में रक्तदान किया।

शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक अमित साहा को जानकारी मिली की थलासेमिया के मरीज एक छोटी बच्ची को रक्त की आवश्यकता है। अमित साहा ने त्वरित रक्त का आग्रह किया। नगर सह मंत्री सत्यम

भगत में रक्तदाता आनंद जी से संपर्क किया। उन्होने ब्लड बैंक आ कर रक्तदान किया।मौके पर राष्ट्रीय कला मंच प्रदेश संयोजिका दिशा बजाज ने बताया कि विद्यार्थी परिषद समाज के प्रत्येक सामाजिक कार्यों के लिए सजग रहती है एवं किसी भी परिस्थिति में रक्तदान करने के लिए विद्यार्थी परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता तत्पर रहता है। रक्त लेते हुए उस छोटी सी बच्ची के पिता जी पुरुषोत्तम कुकरेजा ने विद्यार्थी परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहां की आज जिस परिस्थिति में विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा रक्त उपलब्ध करवा कर मेरी बच्ची का जान बचाया इसके लिए मैं सदा परिषद का आभारी रहूंगा।

समस्याओं का समाधान नहीं होने पर पाकुड़ के सहायक अध्यापक देंगे एक दिवसीय धरना

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़ जिला मैं आज प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ प्रखंड इकाई पाकुर की एक आपातकालीन बैठक प्रखंड अध्यक्ष इब्राहिम आलम की अध्यक्षता में लड्डू बाबु आमबगान में संपन्न हुआ। आज की बैठक में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन करने को लेकर किया गया। प्रखंड अध्यक्ष अपने संबोधन में कहा कि आब पानी सिर के ऊपर से जाने लगा है। आज से लगभग 5 से 6 वर्ष पहले सर्टिफिकेट जांच हेतु जांच शुल्क जमा करने के बावजूद अभी तक जांच नहीं हुआ इसे और बड़ा दुख क्या हो सकता है। प्रखंड सचिव ने कहा कि जिसका मैट्रिक इंटर मीडिएट की सर्टिफिकेट जांच होने के बावजूद Your detail Dose not with our record दिखा रहा है ।इसे स्पष्ट होता है कि परियोजना के पदाधिकारी अपडेट नहीं किया है। जिसके लिए सहायक अध्यापकों को मानसिक, शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही मीडिया प्रभारी मोहम्मद केताबुल

शेख ने कहां की है जिला अध्यक्ष, जिला सचिव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को लिखकर दे दिया गया है। कि सहायक अध्यापकों की सारी समस्याओं का समाधान 12 अक्टूबर 2022 तक समाधान नहीं होने पर 15 अक्टूबर 2022 को जिले की तमाम सहायक अध्यापक परियोजना कार्यालय पाकुड़ के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे ।जिसके कारण सभी सहायक अध्यापकों को 15 अक्टूबर को परियोजना कार्यालय पहुंचने का आग्रह किया। अनिसुर रहमान ने कहा की भले आकलन परीक्षा का तिथि बढ़ाई गई है। लेकिन अभी तक आकलन परीक्षा का पटेल जैसे के तैसे दिखा रहा है। उसमें बहुत सारी शिक्षकों का भविष्य के साथ परिजनों के पदाधिकारी खिलवाड़ कर रहे हैं। क्योंकि जो काम 5 से 6 वर्ष में पूरा नहीं हुआ । वह एक माह में कैसे पूरा करेंगे। जिसके लिए सहायक अध्यापकों को आप घर में बैठकर रहने की आवश्यकता नहीं है 15 अक्टूबर को पाकुर जिले के सभी सहायक अध्यापकों की उपस्थिति अनिवार्य हो। आज की बैठक में अंजारूर सेख, रियाजुद्दीन, डेजी एलिजाबेथ मुर्मू ,नसीम अख्तर, मोहम्मद रफीक शेख, अजमाइल शेख ,आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हिरणपुर में बाइक की टक्कर में हुई विवाद में एक युवक पर 4 से 5 लोगो ने किया हमला,युवक हुआ घायल।

दैनिक समाज जागरण संवादाता अभिषेक तिवारी (पाकुड़)

हिरणपुर थाना क्षेत्र के पाकुड़ जाने वाले मुख्य सड़क हाथकाठी पावर हाउस के सामने बाइक की टक्कर में हुई विवाद पर एक युवक जख्मी,बताया जा रहा है कि कामलघाटी निवासी इमरान हुसैन ने अपने बाइक पर सवार होकर पाकुड़ की ओर जा रहे थे इतने में हिरणपुर की ओर से दो बाइक पर सवार करीब 4 से 5 लोग पीछे से ओवर टेक करते हुए टक्कर मार दिया, जिससे इमरान हुसैन अनियंत्रित होकर गिर गए,इसी को लेकर इमरान ने टक्कर मारने वाले को बोला देख कर चलाते नही हो क्या,इतने में सभी नशे में धुत लोगो ने मिलकर इमरान पर हमला कर दिया,जिससे इमरान बुरी तरह जख्मी हो गया उनके नाक से खून बहता रहा,इसकी सूचना हिरणपुर पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पहुँचकर चार लोगों को पकड़कर थाना लाया गया बाकी के लोग भाग गए थे,साथ ही उनके बाइक को भी जब्त किया गया,इधर पुलिस ने नशे में धुत चारों युवक को मेडिकल के लिए सोनाजोड़ी अस्पताल भेजा,उधर इमरान को हिरणपुर पुलिस समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हिरणपुर में ट्रीटमेंट कराया,वही उक्त घटना को लेकर इमरान हुसैन ने हिरणपुर थाना में नशे में धुत नामजद चार युवकों के खिलाफ जान से मारने को लेकर और गले का सोने का चेन सहित नगद लगभग 2 हजार रुपए छीनने का आरोप लगाते हुए लिखित आवेदन दिया,वही पुलिस मामले की जाँच में जुटी है।

धूम धाम से मां लक्ष्मी की पुजा अर्चना को लेकर भक्ति में डूबे भक्त

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़ मे हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार दुर्गा पूजा के बाद भी मां लक्ष्मी की

पुजा अर्चना भक्ति भाव से होती हैं और इस वर्ष भी बडे.हर्ष उल्लास के साथ मां लक्ष्मी की पुजा अर्चना को कही पंडाल बनाए गए हैं तो कही दुर्गा मंदिर में ही मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई है शरद पूर्णिमा के पवित्र समय में शुभ मुहूर्त में मां की पूजा अर्चना संपन्न होती है हिंदू धर्म में मां लक्ष्मी की उपासना एवं पुजा का विधान युगों युगों से चला आ रहा है पाकुड़ जिले के सभी प्रखंडों में धूम धाम से लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया जा रहा है इसमें महिलाएं उपवास रख कर मां लक्ष्मी की पुजा अर्चना करते हैं।

सत्य साई सेवा संगठन पाकुड़ द्वारा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़ मे श्री सत्य साई सेवा संगठन पाकुड़ द्वारा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें हिरणपुर में 65 एवं मोहनपुर में 25 किया गया, जिसमें पाकुड़ साई मंदिर बैंक कॉलोनी मे 90 रोगियों को जॉच कर निशुल्क दवा दिया गया,

इस कैंप में ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने दवा लिया, ये कैंप प्रति शनिवार को साई होम्यो सेंटर पाकुड़, रविवार को हिरणपुर, मोहनपुर पंचायत भवन, साई मंदिर बैंक कॉलोनी पाकुड़ में लगाया जायेगा, ताकी कैंप के माध्यम से गरीब से गरीब तबके के लोग भी लाभान्वित हों, साथ ही हृदय रोगियों को फ्री आपरेशन के लिए श्री सत्य साई इंस्टीट्यूट ऑफ हायर मेडिकल साइंसेज पुत्तापर्थी, एवं व्हाइट फील्ड बैंगलोर भेजा जा रहा है, जहां निशुल्क आपरेशन किया जाता है, सितंबर महिना में 15 रोगियों का झारखंड से निषुल्क हृदय का शल्य चिकित्सा आपरेशन हुआ।

यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

दैनिक समाज जागरण संवादाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़/महेशपुर पुलिस ने शनिवार देर शाम यौन शोषण के नामजद आरोपित प्रदीप टुडू बेनादत्ती गांव निवासी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित को रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण कराकर पाकुड़ जेल भेज दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने बताया कि कांड के अनुसंधानकर्ता शैलेंद्र कुमार नायक ने गुप्त सूचना के आधार

पर यौन शोषण के नामजद आरोपित प्रदीप टुडू को सीलमपुर स्थित एफसीआई गोदाम के पास से गिरफ्तार कर लिया है। बताया कि पिछले महीने नामजद आरोपित के खिलाफ एक युवती ने यौन शोषण का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाई थी। मामला दर्ज होने के बाद वह फरार चल रहा था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

कोयला लदा दस साईकिल को जब्त किया

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़ जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने अवैध कोयला ढुलाई पर छापेमारी अभियान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव चलाया गया। अभियान

चलाकर कोयला लदा दस साईकिल को जब्त किया है। पुलिस को देखते ही कोयला ले जा रहे लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने थाना क्षेत्र के झिकरहट्टी, उदयनारायणपुर, कुमारपुर, नरोत्तमपुर के अलावे विभिन्न गांवों में छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई किया गया। थाना प्रभारी मिंटू भारती ने बताया कि एसपी के निर्देश पर अवैध कोयला परिवहन को रोके जाने को लेकर अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। ताकि क्षेत्र में अवैध कोयला का धुलाई बंद हो सके। जिस जिस रूट से अवैध कोयला की धुलाई साइकिल व मोटरसाइकिल से किया जा रहा है उस रूट में पुलिस लगातार छापेमारी कर कार्रवाई कर रही है ।